जबलपुर
गुरुवार, 18 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 19, अंक : 79
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एडीबी का भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

## सात फीसदी पर रखा बरकरार कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद



**नई दिल्ली।** बजट पेश होने से पहले एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही एडीबी को सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है।

# तीन राज्यों के 'बड़े फैसलों' से देश में 'बड़ी हलचल'

महाराष्ट्र: पहला फैसला

## लाडली बहना के बाद महाराष्ट्र में आई 'लाडला भाई' योजना

12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार, डिप्लोमाधारी को 8 हजार और ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए हर महीने मिलेंगे



युवाओं को एक साल तक किसी फैक्ट्री में अप्रेंटिसशिप करने का मौका भी मिलेगा, जिसके बाद नौकरी मिलेगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आषाढ़ी एकादशी के मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लाडली बहना योजना की तर्ज पर अब लड़कों के लिए एक खास योजना की घोषणा की। इस योजना का नाम लाडला भाई योजना रखा गया है, इस योजना के जरिए बेरोजगारी को कम किया जा सकेगा। इस योजना के तहत युवाओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी और इसके साथ ही साथ नौकरी के अवसर भी दिए जाएंगे। शिंदे ने घोषणा के दौरान बताया कि इस योजना के तहत 12वीं क्लास के छात्रों से लेकर ग्रेजुएट युवाओं तक को लाभ मिलेगा। इस योजना में 12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार रुपए, डिप्लोमा करने वाले युवाओं को 8 हजार रुपए, ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे।



इसके साथ ही युवाओं को एक साल तक किसी फैक्ट्री में अप्रेंटिस शिप करने का मौका भी मिलेगा, जिसके बाद उसे काम का अनुभव मिलेगा और उस अनुभव के आधार पर उसे नौकरी मिल जाएगी। सरकार का मानना है कि इस तरह से युवाओं को एक्सपीरियंस मिलेगा, जो कि भविष्य में मिलने वाली नौकरी के लिए उपयोगी होगा। महाराष्ट्र के पंढरपूर में 'कृषि पंढरी महोत्सव-2024' का आयोजन किया गया।

हरियाणा : दूसरा फैसला

## हरियाणा में अग्निवीरों को मिलेगा सरकारी नौकरी में 10% आरक्षण

सीएम नायब बोले पुलिस समेत 5 नौकरियों में लाभ बिना ब्याज 5 लाख तक लोन मिलेगा



अगर कोई औद्योगिक इकाई प्रतिमाह 30 हजार रुपए से ज्यादा वेतन देती है तो हरियाणा सरकार उसे 60 हजार रुपए वर्ष की सब्सिडी देगी।

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अग्निवीरों को राज्य की सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया है। सीएम सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हरियाणा में अग्निवीरों को पुलिस कॉन्स्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ की सीधी भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण देगी। बुधवार को चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम सैनी ने कहा कि हमने इन अग्निवीरों को ग्रुप डी और सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु में 3 साल की छूट देने का भी फैसला किया है। पहले बैच के अग्निवीरों को आयु में 5 साल की छूट मिलेगी। सरकार ग्रुप-सी में सिविल पदों में सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 5 फीसदी आरक्षण और ग्रुप डी में एक फीसदी आरक्षण देगी।सीएम सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई प्रतिमाह 30 हजार रुपए से ज्यादा वेतन देती है तो हरियाणा सरकार उस औद्योगिक इकाई को 60 हजार रुपए वर्ष की सब्सिडी देगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने ग्रुप सी पदों पर भर्ती में अग्निवीर के लिए 5 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है। सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार अग्निवीरों को अपना काम शुरू करने में भी मदद देगी।



कर्नाटक : तीसरा फैसला

## कर्नाटक में निजी नौकरियों में 100% आरक्षण का ऐलान

सीएम ने बाद में यह पोस्ट हटाई क्योंकि, कई कंपनियां रिजर्वेशन के विरोध में आईं



श्रम मंत्री ने दी सफाई- प्राइवेट कंपनियों की नौकरियों में नॉन-मैनेजमेंट पोस्ट के लिए रिजर्वेशन 70% और मैनेजमेंट लेवल के स्टाफ के लिए 50% तक सीमित।

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों में ग्रुप सी और डी में स्थानीय लोगों को 100% आरक्षण देने का फैसला विवादों में घिर गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 16 जुलाई को इसकी घोषणा की थी। 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने सोशल मीडिया पर 100% कोटा बिल को लेकर की गई पोस्ट हटा ली। सीएम के पोस्ट डिलीट करने पर राज्य के लेबर मिनिस्टर संतोष लाड ने बुधवार को सफाई दी- कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों की नौकरियों में नॉन-मैनेजमेंट पोस्ट के लिए रिजर्वेशन 70% और मैनेजमेंट लेवल के स्टाफ के लिए 50% तक सीमित है। दरअसल, सिद्धारमैया कैबिनेट ने इसके लिए नियम तैयार कर लिए हैं। कैबिनेट से बिल भी पास हो चुका है। इसे गुरुवार को को विधानसभा में पेश किया जाएगा।



हालांकि, उससे पहले ही इस पर बड़ी इंडस्ट्रीज ने विरोध जताया है। बिल के मुताबिक, योग्य स्थानीय कैंडिडेट उपलब्ध नहीं हैं तो कंपनियों को सरकार या उसकी एजेंसियों के सहयोग से 3 साल के अंदर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। हालांकि, इसमें एक शर्त ये भी जोड़ी गई है कि अगर योग्य कैंडिडेट नहीं मिल रहे हैं तो कंपनियां इस नियम के प्रावधानों में छूट के लिए सरकार से आवेदन कर सकती हैं।

सुवेंदु की पार्टी से 'अलग लाइन': नया आदर्श वाक्य हो 'हम उनके साथ, जो हमारे साथ'

# नहीं चाहिए सबका साथ,सबका विकास...फिर बोले-ये मेरी निजी राय है, पार्टी की 'सोच' नहीं

मैंने मिलन उत्सव में 700 लोगों के साथ ईद मनाई और भाजपा उम्मीदवार को एक भी वोट नहीं मिला

पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में सुवेंदु बोले कि भाजपा को अल्पसंख्यक मोर्चा की भी जरूरत नहीं है। हम जीतेंगे, हम हिंदुओं को बचाएंगे और संविधान को बचाएंगे।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में बड़ा झटका लगा। बंगाल में नेता विपक्ष और भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि अल्पसंख्यकों का सपोर्ट न मिलने के चलते पार्टी को राज्य में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसे में पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा को खत्म कर दिया जाना चाहिए।साथ ही उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' पर भी बड़ा बयान दिया। सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' को खत्म करने की बात कहते हुए कहा कि अब पार्टी को नया आदर्श वाक्य 'हम उनके साथ हैं, जो हमारे साथ हैं' अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' कहते थे, लेकिन मैं अब ऐसा नहीं कहूंगा क्योंकि मुझे लगता है कि यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए। अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है।

फिर दिया स्पष्टीकरण-पीएम के सबका साथ सबका विकास नारे से बयान का कोई लेना-देना नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था

सुवेंदु ने कुछ घंटे बाद कहा

### पीएम मोदी का 'नारा' अभी भी कायम

सुवेंदु ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि यह नारा प्रधानमंत्री ने दिया था और यह अभी भी कायम है। भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर मैंने बहुत दुख के साथ अपनी बात रखी कि भाजपा की राज्य इकाई को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि उन लोगों के साथ जो भाजपा के साथ नहीं खड़े हैं। मैंने जो कहा-वो राजनीतिक बयान है और इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास नारे से कोई लेना-देना नहीं है। मेरे बयान निजी हैं और इसका पार्टी की सोच से कोई लेना-देना नहीं है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा था। मैंने मिलन उत्सव में 700 लोगों के साथ ईद मनाई और भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली को एक भी वोट नहीं मिला। सांप्रदायिक मतदान ने भाजपा को बहुत प्रभावित किया।

### सुवेंदु ने वोटर्स के लिए पोर्टल लॉन्च किया

14 जुलाई को सुवेंदु ने राजभवन के बाहर धरना दिया था। उन्होंने दावा किया था कि राज्य में लगभग 50 लाख हिंदुओं को लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालने दिया गया। विधानसभा उप-चुनाव में भी दो लाख से ज्यादा हिंदुओं मतदाता को वोट डालने से रोका गया। 16 जुलाई को अधिकारी ने एक पोर्टल लॉन्च किया। इसमें वे लोग शिकायत दर्ज कर पाएंगे, जिनका आरोप है कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के दौरान वे वोट नहीं डाल सके।

### टीएमसी नेता ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-यह लोकतंत्र के खिलाफ

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने सुवेंदु अधिकारी के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र के खिलाफ है। वे कह रहे हैं कि अल्पसंख्यक मोर्चा नहीं होना चाहिए, यह लोकतंत्र के खिलाफ है। यहां हिंदू बहुसंख्यक हैं और अल्पसंख्यक मुस्लिम और ईसाई हैं और सभी लोकतांत्रिक दलों में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हैं। अगर भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी होती तो यह कहती कि हमारी पार्टी सभी के लिए है।

### हमें काले झंडे दिखाए जाते हैं

सुवेंदु ने आगे कहा कि जब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाता हूं तो वहां विकास कार्यों से हिंदू और मुस्लिम दोनों को फायदा होता है। फिर भी हमें सुनने को मिलता है कि भाजपा एक हिंदू पार्टी है। हमें काले झंडे दिखाए जाते हैं और हमारी गाड़ियों पर पत्थर फेंके जाते हैं। अधिकारी ने कहा कि हमने अब तक जो कुछ भी किया है। वह देश के हर नागरिक के लिए है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। गौर हो कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और चुनाव नतीजों के बाद कई जिलों में हिंसा हुई थी। नतीजे आने के बाद कोलकाता, नॉर्थ-24 परगना, साउथ-24 परगना, बर्धमान और कूचबिहार में चुनाव शुरू होने से लेकर अब तक हिंसा की 500 से ज्यादा घटनाएं हुईं। इनमें 5 लोगों की मौत हुई और करीब 6 हजार लोग घायल हुए। कोलकाता में भाजपा के पार्टी ऑफिस में 170 के करीब कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद शरण ले रखी थी। सभी साउथ और नॉर्थ-24 परगना से थे। उनका आरोप था कि रिजल्ट आने के बाद से टीएमसी नेता उनके घर जला रहे हैं, जानलेवा हमला कर रहे हैं।

पूजा खेडकर पर बरसे एलबीएसएनएए के पूर्व प्रमुख

## बर्खास्तगी से काम नहीं चलेगा इनसे वेतन भी वसूला जाए

### धोखाधड़ी में शामिल सभी लोगों को कानून के अनुसार सजा जरूर दी जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के मामले में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा का कहना है कि जो लोग फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाणपत्रों का फायदा उठाकर प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होते हैं, उन्हें सिर्फ बर्खास्त करने से काम नहीं चलेगा। चोपड़ा ने जोर दिया कि ऐसे लोगों से प्रशिक्षण लागत और वेतन भी वसूला जाना चाहिए। उन्हें सजा मिलनी चाहिए



ताकि सभी अधिकारियों को एक स्पष्ट संकेत मिल सके। जो भी इस प्रक्रिया में उनकी मदद करता है, उसकी जांच की जानी चाहिए। धोखाधड़ी में शामिल सभी लोगों को कानून के अनुसार दंड दिया जाना चाहिए।

### पूजा खेडकर विवाद क्या है?

2023 बैच की आईएएस अधिकारी पर पुणे में प्रशिक्षण के दौरान अपने अधिकारों के दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। पूजा ने अपनी नियुक्ति के बाद ही तरह-तरह की सुविधाएं मांगनी शुरू कर दीं, जो प्रशिक्षु अधिकारियों को नहीं मिलती हैं। इतना ही नहीं पूजा ने अपनी निजी ऑडी कर पर लाल-नीली बत्ती लगा दी।




दुबई के हमरिया पोर्ट से यमन के अदन पोर्ट जा रहा था यह टैंकर

# ओमान के पास तेल टैंकर समुद्र में पलटा 13 भारतीयों समेत 16 क्रू मेंबर हुए लापता

भारतीय नौसेना ने सर्चिंग के लिए युद्धपोत 'आईएनएस तेग' भेजा

एजेंसी ▶▶ मस्कट

ओमान के पास एक तेल टैंकर समुद्र में पलट गया है। इस पर 13 भारतीय और 3 श्रीलंकाई समेत कुल 16 क्रू मेंबर्स सवार थे। ये सभी लापता हैं। घटना सोमवार की है। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने इसकी जानकारी दी। समुद्री सुरक्षा केंद्र के मुताबिक, प्रेस्टीज फाल्कन नाम का तेल टैंकर दुबई के हमरिया पोर्ट से रवाना हुआ था।

इस पर कोमोरोस का झंडा लगा हुआ था। यह यमन के अदन पोर्ट जा रहा था। डुक्म के पोर्ट टाउन के पास रास मद्रकाह से करीब 46 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में तेल टैंकर पलट गया। क्रू मेंबर्स की तलाश में दो दिनों से सर्च और



रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। वहीं,भारतीय क्रू सदस्यों को ढूंढने के लिए इंडियन नेवी ने अपने युद्धपोत आईएनएस तेग और निगरानी के लिए एयरक्राफ्ट पी-8 आई भेजा है। वॉरशिप ओमानी वेसल्स के साथ अदन पोर्ट के पास सर्च ऑपरेशन में शामिल है। 15 जुलाई को मामले की सूचना मिलने के तुरंत बाद भारतीय नौसेना ने युद्धपोत को ओमान के लिए भेज दिया था।

### समुद्र में उल्टा पड़ा है तेल टैंकर

जहाज अब भी समुद्र में उल्टा डूबा हुआ है। इससे तेल लीक हुआ है या नहीं इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। जो टैंकर डूबा है, उसकी लोकेशन चार दिन पहले अपडेट की गई थी। यह लगभग 117 मीटर लंबा तेल टैंकर है, जिसे 2007 में बनाया गया था। आमतौर पर ऐसे छोटे टैंकरों का इस्तेमाल छोटी यात्राओं के लिए किया जाता है। डुक्म पोर्ट ओमान के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित है, जो देश के तेल और गैस माइनिंग प्रोजेक्ट्स का प्रमुख केंद्र है। यहां मौजूद तेल रिफाइनरी डुक्म के बड़े इंडस्ट्रियल एरिया का हिस्सा है, जो ओमान का सबसे बड़ा और इकलौता इकोनॉमिक प्रोजेक्ट है।

## खबर संक्षेप

### मुसलमानों की आबादी असम में 40% होना संकट



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि यहांमुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ते हुए 40 फीसदी हो गई है। उन्होंने रांची में कहा कि तेजी से बदलती डेमोग्राफी मेरे लिए बड़ा मसला है। सरमा ने कहा कि बदलती डेमोग्रेफी मेरे लिए बड़ा मुद्दा है। 1951 में यह 12 पर्सेंट थी। आज हम कई जिलों को खो चुके हैं। यह मेरे लिए राजनीतिक नहीं एक बड़ा सवाल है।

### चुनाव से पहले जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा दें



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश आतंकवाद से लड़ने समेत सभी मोर्चों पर विफल रहा है। अब्दुल्ला ने कहा,उम्मीद है कि चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते में 84,119 बच्चों को बचाया



**नई दिल्ली।** आरपीएफ का ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' एक मिशन है जो विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है। पिछले सात वर्षों (2018-मई 2024) के दौरान आरपीएफ ने स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े या खतरे में पड़ने से 84,119 बच्चों को बचाया है।'नन्हे फरिश्ते' सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं है, यह उन हजारों बच्चों के लिए एक जीवन रेखा है।

### ममता और नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

# संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच को रोकने के आवेदन को कर दिया खारिज

*बंगाल में महिलाओं के यौन शोषण,जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़ा था केस*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है? 5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला।

**किसी को बचाने की कोशिश न की जाए**



**हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी**

संदेशखाली में जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के मामले में सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था, हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

#### ईडी अधिकारियों पर किया गया था हमला

ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।इससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। उस समय कोर्ट ने कहा था मामले की सुनवाई गर्मियों की छुट्टी के बाद होगी।

#### जेल में रहेंगे केजरीवाल
#### दिल्ली हाईकोर्ट 29 को करेगा सुनवाई



दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी व रिमांड आदेश को चुनौती देने वाली सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत को लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र किया है। अदालत नेगिरफ्तारी पर निर्णय सुरक्षित रखा और केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है।

#### नीतीश को भी लगा 'सुप्रीम' झटका
### एससी सूची से तांती-तंतवा बाहर एससी में ही जोड़े जाएंगे



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राज्य सरकार को तगड़ा झटका देते हुए 9 साल पहले तांती-तंतवा जाति को अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल करने के फैसले को निरस्त कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एससी लिस्ट में किसी जाति का नाम जोड़ने या हटाने का अधिकार राज्य के पास नहीं है और यह काम सिर्फ संसद कर सकती है। कोर्ट ने नीतीश सरकार के फैसले को संविधान से शरारत बताते हुए अवैध करार दिया और कहा कि एससी लिस्ट में दूसरी जाति को जोड़ने से अनूसूचित जाति के लोगों की हकमारी होती है। कोर्ट ने साफ कहा कि संविधान के आर्टिकल 341 के तहत राज्य को अनुसूचित जाति की सूची में छेड़छाड़ करने का अधिकार नहीं है।

#### इन जातियों को अति पिछड़ा वर्ग में जोड़ें

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तांती-तंतवा जाति वापस अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) में शामिल होगी। फैसले से एससी में शामिल जातियों के लिए दाखिला, रोजगार और प्रोमोशन में कुछ अवसर बढ़ जाएंगे। कोर्ट ने राज्य सरकार के 1 जुलाई 2015 के संकल्प को रद्द करते हुए आदेश दिया है कि इन नौ सालों में तांती-तंतवा जाति के जिन लोगों को भी एससी कोटे के आरक्षण का लाभ मिला है उन्हें ईबीसी कोटा में समायोजित किया जाए और इससे खाली होने वाली सीटों और पदों को एससी जाति के लोगों से भरा जाए। डॉ. भीमराव आंबेडकर विचार मंच और आशीष रजक की याचिका पर जस्टिस विक्रम नाथ और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

### गुजरात हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकारा
# लड़की से नंबर मांगना 'गलत' लेकिन यह यौन उत्पीड़न नहीं

*» एक आरोपी के खिलाफ सुनवाई की*



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि किसी लड़की से नाम और नंबर पूछना गलत तो है लेकिन इसे यौन उत्पीड़न नहीं माना जा सकता। पुलिस ने गांधीनगर के समीर रॉय के खिलाफ केस दर्ज किया है। समीर पर एक महिला से नाम, नंबर और पता मांगने का आरोप लगा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

समीर के खिलाफ 26 अप्रैल को केस दर्ज किया गया था। समीर ने हाईकोर्ट को बताया कि जब उन्होंने पुलिस पर अत्याचार करने का आरोप लगाया तब उन पर यौन उत्पीड़न को लेकर केस कर दिया गया।समीर का कहना है कि 25 अप्रैल को पुलिस ने उनको टॉर्चर किया था। इसे लेकर उन्होंने पुलिस के खिलाफ शिकायत भी की थी। उन्होंने पुलिस पर फोन छीनने और उनका डेटा डिलीट करने का भी आरोप लगाया है। अपनी याचिका में समीर ने कहा कि उन्हें इस केस (यौन उत्पीड़न) के बारे में 9 मई को पता चला।

#### एफआईआर की बातें सच मानें तो

जस्टिस निरजर देसाई ने कहा कि हां, यह (नंबर मांगना) अनुचित हो सकता है, लेकिन कोर्ट का मानना है कि यदि आईपीसी की धारा 354 को देखा जाए तो यह यौन उत्पीड़न और इसके सजा के बारे में है। दरअसल, महिला ने आईपीसी की धारा 354 ए के तहत युवक के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने कहा कि अगर एफआईआर में लिखी बातें सच भी हैं तो भी युवक द्वारा महिला से नंबर मांगना यौन उत्पीड़न नहीं हो सकता है। यह अनुचित है लेकिन यौन उत्पीड़न नहीं।

#### हाईकोर्ट ने पुलिस को ही सुनाया

गुजरात हाईकोर्ट ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। जस्टिस निरजर देसाई ने कहा कि अगर कोई यह कहता है कि आपका नंबर क्या है, तो यह गलत तो है, लेकिन एफआईआर दर्ज करने के लिए यह केस नहीं है। इसमें क्या कोई गलत इरादा दिखता है?

#### यूपी में धर्म परिवर्तन का मामला
### निकाह का आयोजन टला, रजा खान को नहीं मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶ बरेली

हिंदू युवक-युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने के साथ ही सामूहिक निकाह का आयोजन टाल दिया गया है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) की तरफ से बरेली में 21 जुलाई को इसका आयोजन प्रस्तावित था। आईएमसी ने



आयोजन के लिए जिला प्रशासन से इजाजत भी मांगी थी। इसी के बाद बरेली से लेकर वृंदावन तक विरोध हो रहा था। आईएमसी के अनुसार जिला प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के कारण इसे टाल दिया गया है। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि हम कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। सामूहिक निकाह समारोह प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद ही आयोजित किया जाएगा।

### सारण में 2 लड़कियों के साथ पिता की भी हत्या, मां गंभीर

एजेंसी ▶▶ सारण

यहां की विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या के 24 घंटा अंदर अब बिहार में तिहरा हत्याकांड हो गया। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के गांव में अपराधियों ने परिवार के 3लोगों की हत्या कर दी है। मंगलवार रात्रि करीब दो बजे अपराधियों ने पिता और उनकी दो बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। मां को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने प्रेम प्रसंग में इस वारदात को अंजाम दिया।







प्रदेशभर में खंडवर्षा से हर 10 किमी पर अलग आंकड़े, खाड़ी में अब तक कुल 3 सिस्टम ही बने, कोई लंबे समय नहीं टिका

# इस बार 'अखंड' नहीं...'खंड' वर्षा

**प्रदेश में औसत से 5 प्रतिशत कम बारिश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मानसून ऑनसेट से लेकर अब तक लगातार खंड वर्षा का क्रम जारी है। भोपाल सहित पूरे प्रदेश में हर 10 से 20 किमी पर बारिश के आंकड़े अलग दर्ज हो रहे हैं। राजधानी भोपाल में ही शहर के चारों कोनों पर बारिश के आंकड़े लगातार अलग रहे हैं। इससे प्रदेश में आम आदमी से लेकर किसान तक परेशान हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में इस सीजन में बन रहे सिस्टमों के हिसाब से मानसून ऑनसेट से अब तक कुल 3 सिस्टम बने हैं। इनमें दो लो प्रेशर एरिया और एक सिस्टम मप्र तक पहुंचा। इनमें भी यह एक सिस्टम 5 से 6 घंटे ही रुका और आगे बढ़ गया। इससे प्रदेश में खंड वर्षा का दौर शुरू से ही जारी रहा है।

### ऐसे समझें खंड वर्षा को

प्रदेश में बारिश का डिस्ट्रीब्यूशन हर 10 से 15 किमी पर अलग है। भोपाल में ही पिछले 24 घंटे में बैरागढ़ में 2, बैरसिया में 30, कोलार क्षेत्र में 30 और शहर में 10 मिमी से अधिक बारिश दर्ज हुई है। यह स्थिति प्रदेशभर के हर जिले और तहसील स्तर पर बनी हुई है, जिससे किसी भी जिले के किसान एक जैसी बोबनी नहीं कर पा रहे हैं। हर तहसील स्तर पर ईकाई नहीं होने से तहसील के 10 से 15 किमी के दायरे की बारिश के आंकड़ों की सटीकता को लेकर फिलहाल किसान भ्रमित जैसा ही महसूस करते हैं।

### आज के लिए यह भविष्यवाणी

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार से गुरुवार तक बैतूल, अगरमालवा जिलों में कुछ जगह अति भारी और हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में कहीं तेज तो कहीं मध्यम से सामान्य बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल में भी गरज चमक के साथ बौछारें या मध्यम बारिश हो सकती है।

### अभी सिस्टम की स्थिति यह

शुक्ला के अनुसार मानसून ट्रफ अभी जैसलमेर, कोटा, गुना, नरसिंहपुर, राजनांदगांव से होकर गुजर रही है, जो बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। दक्षिणी गुजरात से उत्तरी केरल तटों पर तक भी एक ट्रफ है। सौराष्ट्र से कच्छ क्षेत्र के ऊपर एक सकुर्लेशन है। इन सभी कारणों से प्रदेश में गरज चमक और मध्यम से सामान्य बारिश

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### 112 साधु संतों को अखाड़ा परिषद का नोटिस



**उज्जैन।** उज्जैन में सिंहस्थ के पूर्व चिंतामन रोड पर संतों का मेला लगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने 112 साधु संतों को नोटिस जारी किया। इसमें कहा है कि कई मंचों पर संतों के अल्लाह हू अकबर कहने व नमाज पढ़ने के मामले सामने आए हैं।

### होनी नहीं टलती,आया है वो जाएगा:साकार हरि



**कासगंज।** हाथरस हादसे के बाद एक बार फिर भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल मीडिया के कैमरे के सामने आए। उन्होंने कहा कि 2 जुलाई की घटना से मैं दुखी और उदास हूं। लेकिन, जो होना तय है, उसे कौन रोक सकता है। जो आया है उसे एक न एक दिन जाना ही है।

### डाक से आया 'तीन तलाक', छलका दर्द



**अशोकनगर।** जिले में एक महिला को डाक से तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। लेटर पुलिस की ओर बढ़ाते हुए बोली, 'सर यह मेरे पति ने भेजा है। डाक के जरिए उन्होंने मुझे तीन तलाक दे दिया। पीड़ता की शिकायत पर पुलिस ने महिला विवाह संरचना अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

केशव मौर्य बोले - संगठन सरकार से बड़ा, कार्यकर्ता का दर्द 'मेरा दर्द'

# डिप्टी सीएम के बयान से हलचल, यूपी भाजपा अध्यक्ष पीएम से मिले, मोदी व शाह में भी मंथन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

डिप्टी सीएम केशव मौर्य के बयान के बाद उत्तर प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से लगभग एक घंटे तक मुलाकात की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सरकार-संगठन के बीच मौजूदा खींचतान और लोकसभा चुनाव की रिपोर्ट दी। साथ ही बताया जाता है कि हार के लिए इस्तीफे की पेशकश भी की। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। सीएम ने राज्यपाल को सावरकर पर लिखी गई किताब विनायक दामोदर सावरकर छठा स्वर्णिम पृष्ठ भेंट की। इससे पहले योगी ने यूपी में दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव को लेकर मंत्रियों के साथ बैठक की।

*यूपी में क्या कुछ बड़ा होने वाला है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से ही गहमा-गहमी बढ़ गई है। अरविंद केजरीवाल के बयान को इस गहमा-गहमी से जोड़कर देखा जा रहा है। केजरीवाल ने कहा था कि योगी को दो महीने में हटा दिया जाएगा।*

**आलाकमान ने नसीहत दी कि सरकार-संगठन में तालमेल बनाकर रखें, बयानबाजी से भी बचें**

- यूपी भाजपा अध्यक्ष ने पीएम को दी खींचतान की रिपोर्ट हार के लिए इस्तीफे की पेशकश की
- भाजपा की ओर से भी दो दिन पहले केशव के समर्थन में दो पोस्ट किए गए



सीएम ने राज्यपाल को सावरकर पर लिखी गई किताब विनायक दामोदर सावरकर छठा स्वर्णिम पृष्ठ भेंट की।

### पीएम मोदी और शाह के बीच डेढ़ घंटे की बैठक

पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बीच पीएम आवास में करीब डेढ़ घंटे की बैठक हुई। इसमें यूपी की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर मंथन हुआ। यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पीएम मोदी से मुलाकात की थी।



### नड्डा ने केशव मौर्य को दिल्ली बुलाया था

4 दिन पहले केशव मौर्य ने कार्यसमिति की बैठक में कहा था कि संगठन सरकार से बड़ा है। इसके बाद मौर्य को नड्डा ने मंगलवार को दिल्ली बुलाया। 1 घंटे तक बातचीत की। आलाकमान ने नसीहत दी कि सरकार-संगठन में तालमेल बनाकर रखें, बयानबाजी से भी बचें। वहीं यूपी भाजपा की ओर से भी दो दिन पहले केशव के समर्थन में दो पोस्ट किए गए थे। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा यूपी भाजपा के नेताओं को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर कुछ नहीं कहने के आदेश दिए जाने के बीच केशव ने बुधवार सुबह 11 बजे एक्स पर लिखा- संगठन सरकार से बड़ा है,।

### कैबिनेट बैठकों में नहीं जा रहे केशव

2022 के विधानसभा चुनावों में केशव की हार को उस वक्त भी पार्टी में दबी आवाज में कहा गया कि वो हारे नहीं, साजिश के तहत हराए गए। इसके बाद पार्टी में केशव की स्थिति कमजोर मानी गई। अब लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पार्टी के अंदरखाने सरकार की स्थिति कमजोर मानी जा रही है।

### चौधरी व नड्डा में हुई थी लंबी बातचीत

जेपी नड्डा 14 जुलाई को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने लखनऊ आए थे। उस समय भी भूपेंद्र चौधरी और केशव मौर्य की जेपी नड्डा से लंबी बातचीत हुई थी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केशव ने संगठन को सरकार से बड़ा बताया था। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने नड्डा की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की वजह बताई थी।

*लोकसभा चुनाव के बाद होगी भाजपा की पहली बैठक*

# भाजपा शासित राज्यों के सीएम के साथ पीएम करेंगे बैठक...जीत का देंगे 'मंत्र'

- *सरकार और संगठन में तालमेल बैठाने की कोशिश*
- *पहले 100 दिनों की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा होगी*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की बड़ी बैठक होने जा रही है। इसमें भाजपा के सभी मुख्यमंत्रियों, उप मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति होगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद होंगे।

दिग्गजों की इस बैठक में पार्टी के फ्यूचर प्लान को लेकर कई बड़े फैसले हो सकते हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी को हुए नुकसान पर चर्चा होगी। साथ ही अलग-अलग राज्यों में सामने आए विफलता के कारणों की समीक्षा के आधार पर आलाकमान कुछ बड़े निर्णय भी ले सकता है।

### उपचुनाव के लिए बनेगी रणनीति

उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन लोकसभा चुनावों के दौरान काफी खराब रहा था। ऐसे में भाजपा की प्लानिंग है कि यूपी में खाली हुई 10 विधानसभा सीटों में होने वाले उपचुनावों में पूरी ताकत झोंक दी जाए। ऐसे में यूपी में हुए इस डैमेज को कंट्रोल करने के लिए पीएम मोदी की मौजूदगी में इस अहम बैठक में कुछ बड़े ऐलान किए जा सकते हैं। उपचुनाव केवल यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में कई सीटों पर होंगे और पार्टी इन सभी को लेकर कुछ बड़े फैसले ले सकती है। झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू कश्मीर में आने वाले कुछ महीनों में अहम विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

छतरपुर में खजुराहो एयरपोर्ट के पास हादसा

# पेड़ से टकराई बोलेरो, 3 लोगों ने तोड़ा दम, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



खजुराहो एयरपोर्ट के पास बुधवार को एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। गाड़ी के अंदर फंसे लोगों को काफी मशक्कत से बाहर निकाला गया। जब गाड़ी के अंदर फंसे खून से लथपथ लोगों को बाहर निकाला गया तो तीन लोग दम तोड़ चुके थे। वहीं दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को बाद में बेहत इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

भतीजे को बचाने चाचा भी डूबा

### श्योपुर में अवैध खदान में डूबने से दो बच्चों की मौत



**श्योपुर।** जिले के गांव ओछापुरा में बुधवार की सुबह पत्थर की अवैध खदान में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे ही एक ही परिवार के हैं और आपस में चाचा भतीजे हैं। ग्राम ओछापुरा निवासी रामअवतार माली 17 वर्ष पुत्र मांगीलाल माली तथा धर्मू उर्फ धर्मेंद्र 12 वर्ष पुत्र गणेश माली बुधवार को पास ही स्थित पत्थर की खदान में बकरियों को पानी पिलाने गए थे।

ट्रॉली में सवार थे 35 लोग

### बगदरा घाटी में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 2 की मौत



**सतना।** बगदरा घाटी में हुए भीषण हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सद्गुरु सेवा संघ अस्पताल और मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किए गए घायलों का उपचार जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि बगदरा घाटी में बुधवार की दोपहर एक ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई।

ग्वालियर में बहुमंजिला इमारत का पिलर दरका

# रात को सड़क पर आ गए 27 परिवार, खाली कराई इमारत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शहर में बारिश के मौसम में एक बहुमंजिला इमारत का पिलर दरक गया, जिसके चलते इमारत एक तरफ झुक गई और इसमें रहने वाले 27 परिवारों ने रात सड़क पर गुजारी। थाटीपुर इलाके में यह बहुमंजिला इमारत है, इस इमारत में 27 परिवार रहते हैं और पूरी इमारत में चार मंजिल है। मंगलवार की देर रात अचानक लोगों ने एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी। नीचे आकर देखा तो एक पिलर टूटा हुआ था फिर इमारत में रहने वाले सभी लोग सड़क पर आ गए। लोगों का कहना है कि रात को जब उन्होंने जोर का धमाका सुना तो उन्हें लगा कि जैसे कुछ हुआ हो। नीचे आकर देखा तो एक खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था। इतना ही नहीं इमारत एक तरफ झुक भी गई है। इसके बाद इस इमारत में रहने वाले सभी लोग सड़क पर आ गए। नगर निगम को इस बात की जानकारी मिली तो सहारे के लिए खंभे के साथ जैक भी लगाया गया।

आईसीसी रैंकिंग में छाए भारतीय क्रिकेटर

# शुभमन-शिवम-सुंदर ने किया कमाल, किसी ने 35 तो किसी ने 36 स्थान की लगाई छलांग



**टी20 वर्ल्ड कप की जीत के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटरों को टी20 वर्ल्ड कप की जीत के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम आईसीसी रैंकिंग में भी मिला है। टीम इंडिया के कप्तान रहे शुभमन गिल, ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुदंर और ऑलराउंडर शिवम दुबे ने करियर की सबसे बड़ी छलांग लगाई है। यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन प्रदर्शन कर नंबर-1 के करीब पहुंच गए हैं। हार्दिक पंड्या को ताजा रैंकिंग में नुकसान हुआ है।

आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। टी20 रैंकिंग की बात करें तो इसमें सबसे अधिक फायदा भारतीय खिलाड़ियों को हुआ है। शुभमन गिल ने बैटर्स की रैंकिंग में 36 स्थान की छलांग लगाई। ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर ने बॉलर्स की रैंकिंग में 36 स्थान की छलांग लगाई है। शिवम दुबे ने यह कमाल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में किया है। शिवम दुबे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में एक झटके में 35 पायदान ऊपर चढ़ गए हैं।

ये हाल है : एयर इंडिया की नौकरी पानी के लिए उमड़ी लोगों की भारी भीड़

**भर्ती प्रक्रिया का प्रबंधन ठीक ढंग से नहीं किया गया**

# महज 22 हजार की नौकरी के लिए जुट गए 25 हजार युवा, मुंबई में भगदड़ के हालात

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक अनार, सौ बीमार वाली कहावत तो आपने सुनी होगी। मंगलवार को मुंबई के कलिना में एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में वॉक-इन इंटरव्यू के दौरान कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिली। यहां नौकरी चाहने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हजारों लोग इंटरव्यू सेंटर की ओर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग सेंटर तक जल्दी पहुंचने के लिए वाहनों और पेड़ों पर चढ़ते भी देखे जा सकते हैं। भीड़ के बीच भगदड़ जैसी स्थिति को रोकने के लिए अधिकारियों को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

### भरूच में भी हुई थी ऐसी ही घटना



इससे पहले गुजरात के भरूच में भी ऐसी ही घटना हुई थी। वहां सैकड़ों लोग रासायनिक फर्म थर्मैक्स कंपनी द्वारा केवल 10 पदों के लिए आयोजित नौकरी के साक्षात्कार के लिए आए थे। साक्षात्कार केंद्र में प्रवेश करने के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि वहां भारी भीड़ थी। सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी वायरल हो गया।

### सभी सीवी की समीक्षा के बाद कॉल किए जाने थे आवेदक

एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज ने 2216 हैंडीमैन के लिए वॉक-इन इंटरव्यू शुरू किए थे। 28 जून को जारी एक अधिसूचना में कंपनी ने कहा था कि एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड अपनी आवश्यकताओं के अनुसार मौजूदा रिक्तियों को भरना चाहता है। साथ ही भविष्य के लिए भी एक प्रतीक्षा सूची बनाए रखना चाहता है। भारतीय नागरिक (पुरुष और महिला) जो कंपनी की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं वे मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विभिन्न पदों के लिए 3 वर्ष के अनुबंध पर नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

चिंतन

# मॉरीशस को चागोस द्वीप पर भारत का समर्थन

विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉरीशस यात्रा कूटनीतिक व सामरिक लिहाज से अहम है। भारत और मॉरीशस के संबंध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक हैं। जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान मॉरीशस और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रहे चागोस द्वीप समूह को लेकर विवाद में भारत ने खुलकर मॉरीशस का पक्ष लिया है और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। भारत के यूके से भी बेहतर संबंध हैं व अमेरिका से भी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत व मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंध बेहद मजबूत हैं। चागोस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जयशंकर ने मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए इसके महत्व पर चर्चा की है। मॉरीशस चागोस द्वीप समूह को अपना हिस्सा मानता है और उस पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जबकि इस पर कब्जा ब्रिटेन का है। ब्रिटेन ने इस द्वीप समूह को संयुक्त राज्य अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए किराए पर दे दिया था, तब से विवाद जारी है। भारत ने मंगलवार को चागोस द्वीप समूह के मुद्दे पर मॉरीशस को अपना समर्थन दोहराया, जिसकी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र ने तुरंत सराहना की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए दो दिन के दौरे पर रहे। ये आपसी संबंध हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। चागोस द्वीप समूह को लेकर भारत ने अपना पक्ष रखकर बड़ा कूटनीतिक संदेश दिया है। जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ एक कार्यक्रम में कहा कि चागोस के मुद्दे पर भारत उपनिवेशवाद के उन्मूलन और राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने मुख्य रुख के अनुरूप मॉरीशस को अपना निरंतर समर्थन जारी रखेगा। भारत ने हमेशा उपनिशेववाद के अंत, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा पर बल दिया है। चागोस द्वीप समूह 60 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला 58 द्वीपों से बना एक प्रवालद्वीप समूह है, जो मॉरीशस के मुख्य द्वीप से लगभग 2,200 किमी उत्तर-पूर्व में और तिरुवनंतपुरम से लगभग 1,700 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। चागोस द्वीप समूह 18वीं शताब्दी से मॉरीशस गणराज्य का हिस्सा रहा है, जब यह एक फ्रांसीसी उपनिवेश था और इसे आइल डी फ्रांस के नाम से जाना जाता था। हिंद महासागर में स्थित इस द्वीप समूह पर ब्रिटेन ने 1814 में मॉरीशस के साथ दावा किया था। 1966 में ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया, जो इस क्षेत्र में एक सैन्य अड्डा बनाने की मांग कर रहा था। इस कदम के कारण 1960 और 1970 के दशक में लगभग 2,000 चागोसियन को जबरन हटा दिया गया, जिन्हें सैकड़ों मील दूर मॉरीशस और सेशेल्स में भेज दिया गया। चागोसियन जो ज्यादातर 18वीं शताब्दी में द्वीपों पर लाए गए अफ्रीकी दासों के वंशज हैं। वे तब से अपने देश लौटने के अधिकार के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में लगे हुए हैं। चागोस को लेकर भारत पहले से मॉरीशस का समर्थन करता रहा है। उपनिवेश होने का दर्द भारत जानता है। चागोस को लेकर मॉरीशस को भारत के समर्थन का सामरिक महत्व भी है कि इस क्षेत्र में भारत के सैन्य रूप से और मजबूत होने का मार्ग प्रशस्त होगा। हिंद महासागरीय देश भारत के सामरिक ताकत के लिए अहम हैं।



दो टूक
उमेश चतुर्वेदी

# मिर्जापुर, जिसकी पहचान कुछ और

ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। जबकि असल में ऐसा नहीं है। (उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर ही बाबू देवकीनंदन खत्री ने चंद्रकांता की रचना की थी। सम्राट अशोक ने अशोक चिन्ह को जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। मिर्जापुर में ही मां विंध्यवासिनी देवी का स्थान है। मिर्जापुर वह नहीं है, जो ओटीटी पर है।

ओवर द टॉप यानी ओटीटी का मशहूर प्रोग्राम है मिर्जापुर। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसका तीसरा सीजन दर्शकों के सामने हाजिर है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह इसके शुरूआती दो सीजन को दर्शकों का प्यार हासिल हुआ, एक बार फिर वैसा ही स्नेह हासिल करने में यह कामयाब रहेगा। मिर्जापुर की सफलता का राज है, इसका बोल्ड कथानक और संवाद। जिसमें ठेठ भोजपुरी अंदाज में गालियों की भरमार है, परिवार के बीच अविश्वसनीय लगने वाला व्यभिचार है। माफिया है, माफिया है तो गोली-बारूद भी होगा। वर्चस्व की जंग भी होगी और राजनीति से उसके काले रिश्ते भी होंगे। जब इतना कुछ होगा तो राजनीति की गोटियां भी होंगी। राजनीतिक उठापटक भी है और राजनीति को साधने के लिए धन, ताकत और यौनिकता का तड़का भी है। लेकिन इसमें कुछ नहीं है तो वह है मिर्जापुर। मिर्जापुर की ना तो इसमें मिठास है, ना ही संस्कृति है और ना ही इतिहास। इसलिए जो भी ओटीटी वाले मिर्जापुर से गुजरता है, वह मान लेता है कि मिर्जापुर की धरती त्रिपाठी परिवार जैसे माफियों की बारूद की गंध और गोली की आवाज के बीच ही कहीं अपना अस्तित्व बचाए हुए है, जहां परिवार के अंदर ही अवैध संबंधों की बहुलता है। जहां हर किसी की जिंदगी माफिया के ही इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इसके पहले सीजन के सुपर हिट होते वक्त दिल्ली में तैनात एक दक्षिण भारतीय बड़े अधिकारी ने पूछ लिया था कि क्या मिर्जापुर ऐसा ही है, जहां हर व्यक्ति गालियां ही देता रहता है, जहां माफिया राज ही चलता रहता है।

ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। मिर्जापुर के मूल निवासी एक बड़े पत्रकार ने तो अब इस बारे में सफाई देनी ही बंद कर दी है। आखिर कितने लोगों को वे बता सकते हैं कि मिर्जापुर वैसा ही नहीं है, जैसा ओटीटी के सीरीज में दिखाया जा रहा है। इसे संयोग ही कहेंगे कि मिर्जापुर से जुड़ी एक काल्पनिक रचना रही चंद्रकांता और दूसरी काल्पनिक रचना है मिर्जापुर सीरीज। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर रची गई चंद्रकांता। बाबू देवकीनंदन खत्री की यह रचना काल्पनिक होते हुए भी इतनी दिलचस्प है कि उसे अगर पढ़ना शुरू किया तो खत्म किए बिना छोड़ना आसान नहीं है। 1888 में यह रचना छपी थी, तब उसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि उसे पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी तक सीखी। कुछ वैसी ही लोकप्रियता मिर्जापुर सीरीज की भी है। कुछ वैसी ही काल्पनिक सीरीज भी है। लेकिन चंद्रकांता और मिर्जापुर में एक अंतर है। चंद्रकांता मिर्जापुर की छवि को नए सिरे से गढ़ती है, जबकि मिर्जापुर उसे बदरंग बनाती है।

मिर्जापुर वैसा नहीं है, जैसा उसे सीरीज दिखाता है। मिर्जापुर की और भी पहचान है। यह बात और है कि तकनीकी क्रांति के दौर में वह पहचान मिर्जापुर सीरीज




जैसे प्रयासों के पीछे कहीं छुपती जा रही है। भारत राष्ट्र की अस्मिता की पहचान है अशोक चिन्ह। अशोक महान ने इसे जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। सिर्फ देवकीनंदन खत्री ही नहीं, हिंदी साहित्य के कई अन्य दिग्गजों की जन्मभूमि मिर्जापुर है। हिंदी साहित्य के भारतेंदु युग के महत्वपूर्ण निबंधकार रहे बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में उन्होंने मिर्जापुर से ही 'आनंद कादंबिनी' नामक पत्रिका निकाली। हिंदी के प्रसार में ताजिंदगी जुटे रहे प्रेमघन में निबंध और प्रबंध काव्य की कई अनमोल रचनाएं दी हैं। हिंदी के आदि आलोचक रामचंद्र शुक्ल पर भी मिर्जापुरी माटी का कर्ज रहा। उनके पिता मिर्जापुर में तैनात थे, लिहाजा उनके शुरूआती जीवन का बड़ा हिस्सा यहीं गुजरा, प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भी यहीं हुई और यहीं से उनकी रचनात्मकता के अंकुर फूटे। हिंदी की पहली कहानी कौन है, इस पर एक राय नहीं है। लेकिन जिन कहानियों को पहली कहानी की सूची में हिंदी के आलोचक शामिल करते हैं, उनमें से एक कहानी है, 'दुलाईवाली'। यह कहानी 1907 में प्रकाशित हुई थी। इस कहानी की ना सिर्फ रचनाभूमि मिर्जापुर है, बल्कि इसकी रचनाकार भी मिर्जापुर की ही वासी रहीं। राजेंद्र बाला घोष ने इस कहानी को लिखा था। जो बंग महिला के नाम से तब रचनारत थीं। इस कालजयी कहानी ने तब खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा रची गई छवि से इतर मिर्जापुर की अपनी अलग पहचान है। मिर्जापुर में ही मां विंध्यवासिनी देवी का स्थान है। महात्रिकोण पर उनका मंदिर है। महात्रिकोण की यात्रा के बिना विंध्यवासिनी देवी की परिक्रमा पूरी नहीं मानी जाती। पहले संकट मोचन मंदिर में मत्था नवाने की परंपरा है। फिर काली खोह की यात्रा होती है। इसके बाद अष्टभुजी मंदिर का दर्शन और आखिर में विंध्याचल देवी दर्शन से यह तीर्थ पूरा होता है। मान्यता है कि भगवान राम ने यहीं पर अपने पिता दशरथ का श्राद्ध किया था। जहां उन्होंने शिव लिंग की स्थापना की, जो वाराणसी शहर से दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इस मंदिर को रामेश्वर और इलाके को अब शिवपुर के नाम से जाना जाता है।

उत्तर प्रदेश के जिले मिर्जापुर की तहसील है चुनार। यहां का किला मशहूर है। जिसे गढ़ कुंडार के नाम से भी जाना जाता है। चुनार के किले की ही पृष्ठभूमि में चंद्रकांता के दस खंडों और चंद्रकांता संतति की रचना देवकीनंदन खत्री ने की है। यह रचना रहस्य व रोमांच से भरी है।

कभी मुंबइया मसाला फिल्मों के लिए एक खास फॉर्मूला होता था, जिसमें सौंदर्य होता था, सेक्स की छौंक होती थी और कुछ मारधाड़ के नजारे होते थे। आज के ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर सफलता के लिए कुछ उसी अंदाज में मसालेबाजी में व्यवसायिक सफलता की सीढ़ी तलाश रहे हैं। इसी चलन में मिर्जापुर सीरीज भी उभर कर सामने आई है। ओटीटी सीरीज मिर्जापुर में सिर्फ मिर्जापुर का नाम ही है, इसमें मिर्जापुर की ना तो आत्मा है और ना उसका स्थूल रूप। उसकी बुनियादी पहचान गायब है। ऐसे में मिर्जापुर निवासी क्षुब्ध ना हों तो ही आश्चर्य होगा। आजकल ओटीटी पर जिस तरह की सीरीज का निर्माण हो रहा है, उससे देश के किसी खास जिले, क्षेत्र की असल पहचान गायब होने का खतरा बढ़ गया है। देश में बहुत से क्षेत्र हैं, जिनकी असल पहचान ऐतिहासिक व सांस्कृतिक है, लेकिन ओटीटी सीरीज में काल्पनिक रूप से गढ़ी गई छवि के चलते उस क्षेत्रकी पहचान विकृत हो रही है, नई पीढ़ी या अनजान लोगों को लगेगा कि मिर्जापुर अपराध से भरे क्षेत्र है, सच ऐसा नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज


# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही

मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कुचलना आवश्यक

जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सोमवार रात सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। एक माह के भीतर आतंकी वारदातों में हमारे 12 जांबाज जवान व अफसर तथा नौ आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जिस तरह पाकिस्तान परस्त आतंकी जम्मू-कश्मीर में लगातार सैन्य वाहनों और सैनिकों पर ताबड़तोड़ हमले कर खून खराबा कर रहे हैं उससे पता चलता है कि पाक पोषित आतंकवादियों का इन दिनों हौसला कितना बढ़ गया है। इसे तत्काल कुचलने की जरूरत है, हम अपने जवानों की शहादत को यूं ही जाया होने नहीं दे सकते।

मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी फौज ने भागते समय अफगानिस्तान में जो आधुनिक हथियार छोड़े थे, वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान के दहशतगर्दों के जरिए भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यही कारण हैं कि वे हथियार अब आतंकियों तक पहुंच रहे हैं और उन्हीं का उपयोग हमारी सेना को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है और हमारे सैनिकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस ताज़ा वारदात में बीते सोमवार की शाम डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है।

बढ़ते आतंकी हमलों में के बाद सरकार को गंभीरता से सख्त कार्रवाई और आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए नई स्ट्रेटजी तैयार करनी चाहिए। जब इजराइल आतंकी गुट हमास को खत्म करने के लिए गाजा में कार्रवाई कर रहा है, तो भारत को भी आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए सैन्य कदम क्यों नहीं उठाना चाहिए? 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए। फिर, आतंकियों ने कठुआ में 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

नौशेरा में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की, हालांकि वह नाकामयाब रही। लेकिन 16 जुलाई यानी की आज आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। पिछले एक महीने के अंदर आतंकी 7 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके जिनमें 12 जवान शहीद हुए हैं और 9 आम नागरिकों की मौत हुई है। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। कठुआ जिले के गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना के अस्थायी ऑपरेटिंग बेस पर 12 जून को आतंकियों ने गोलीबारी की थी। इस दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके साथ ही एक नागरिक घायल भी हो गया था। रियासी और कठुआ के बाद जम्मू इलाके में यह तीन दिनों में तीसरा आतंकी हमला था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के दो गावों में 6 जुलाई को हुए एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हो गए थे। गोली में लांस नायक प्रदीप नैन (पैरा कमांडो) और आरआर के हवलदार राज कुमार शहीद हुए थे। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। जम्मू कश्मीर के राजौरी में 7 जुलाई को सेना के शिविर पर आतंकी हमला हुआ था।

मौजूदा घटना के बाद सेना की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। हालांकि, आतंकियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स जैश का ही संगठन है, जिसने कठुआ में जवानों के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी ली थी।आतंकियों की तलाश के लिए हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दरअसल, यहां आतंक विरोधी अभियान चलाना सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन माना जाता है। पिछले एक महीने से जम्मू के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पहाड़ी इलाकों में ही आतंकियों का ज्यादा मूवमेंट है। यहां आतंकियों के अड्डे होने की खबरें हैं। जम्मू के तीन-चार जिलों के पहाड़ी इलाके में 50 से 60 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार अपने सैनिकों को आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही इजराइल की तर्ज पर पाकिस्तान की सीमा से चल रहे आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़े। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को कुचलना आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता हो

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब इस पर विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार की तीसरी पारी का आम बजट पेश होने वाला है। इस बार के बजट से भी आमजन को बहुत उम्मीदें हैं। वैसे तो आम बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद उन लोगों को होती है जिनको अपनी कमाई पर टैक्स की छूट मिलने की आस होती है, दूसरे जिनकी कमाई इतनी ही होती है कि घर का खर्चा मुश्किल होता है, उनको भी उम्मीद होती है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम नीचे आने चाहिए। - **महेश काले**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### एकादशी की शुभकामनाएं



आषाढ़ी एकादशी की शुभकामनाएं। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे और हमें आनंद और समृद्धि से भरे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करें। यह अवसर हम सभी में भक्ति, विनम्रता और करुणा को भी प्रेरित करे। हमें गरीब लोगों की सेवा करने के लिए भी प्रेरित करे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भुगतान कैसे हुआ



अयोध्या में जिस तरह विकास का पैसा छूमंतर हो गया वैसे ही बिजली के खंभों से लैम्प-लाइट सब कुछ गायब हो गया है। जनता पूछ रही है जब लाइट ही नहीं है तो लाइट के पोल के नाम से भुगतान कैसे हुआ।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### देखकर अच्छा लगता है



राहुल गांधी का हालिया प्रदर्शन असाधारण है और लोग उन्हें आशा के रूप में देख रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जब वह कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे तो राहुल गांधी राहुल मेरे छात्रों में से एक थे। अब उन्हें इस तरह से राजनीति करते हुए देखकर अच्छा लगता है।

-डॉ. अमर्त्य सेन, नोबेल पुरस्कार विजेता

### दोस्ती हो गई



कंगना इज ए गुड फ्रेंड। बॉलीवुड में और कुछ हो न हो, लेकिन कंगना के साथ एक अच्छी दोस्ती जरूर हो गई, वो एक अच्छी चीज थी। मैं संसद में उनको ढूंढ रहा था। पिछले 2-3 साल से मैं बहुत बिजी था, मिल नहीं पाया इसलिए मिलना चाहता था।

-चिराग पासवान, लोजपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

### सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं कब और कैसे

सीबीएसई नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के तहत साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर दुविधा में है । इस बाबत तीन विकल्पों पर चर्चा कर रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सेमेस्टर प्रणाली पर भी विचार कर रहा है जिसमें द्विवार्षिक परीक्षाएं शामिल हैं। वर्तमान में, कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती हैं। अधिकारियों ने बताया कि विचार-मंथन जारी है और अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है कि वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की योजना कब और किस प्रारूप में लागू की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया, तीन संभावित विकल्पों पर चर्चा की गई है,




जिनमें से एक सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा आयोजित करना है। इसमें पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी-फरवरी में और दूसरी मार्च-अप्रैल में आयोजित करना है या फिर कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षाओं के साथ जून में बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया, जिस तरह से हमारा शैक्षणिक कैलेंडर बनाया गया है, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं का कार्यक्रम और सीबीएसई स्कूल देश भर में और विदेश तक में होने के चलते भौगोलिक चुनौतियां हैं जिससे सेमेस्टर प्रणाली कम व्यवहार्य लगती है।"

## ऑफ बीट

### 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल



आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

## सामान्य, तत्काल, उसके बाद प्रीमियम तत्काल

# टॉकीज की तरह ब्लैक कर रहा है रेलवे आरक्षित टिकट...!

## जितना पैसा दोगे उसके हिसाब से मिलेगी ट्रेन टिकट

संजय साहू

**हरिभूमि, जबलपुर। एक दौर था जब इंटरनेट का जमाना नहीं था उस समय टॉकीजें हुआ करती थी, उनमें कोई भी नई फिल्म लगने पर कुछ लोग होते थे जो टिकट लेकर ब्लैक में बेचते थे, इससे उनका परिवार भी चलता था, लेकिन वह कानूनी रूप से सही नहीं होता था और ब्लैक करने वाले को जेल की हवा भी खानी पड़ती थी। चूंकि अब इंटरनेट का जमाना है इसलिए वह जमाना चला गया, परंतु रेलवे बोर्ड वर्तमान में भी टिकट को ब्लैक करने की प्रथा को बनाये हुए है।**

फर्क सिर्फ इतना है कि पहले टाकीजें हुआ करती थीं अब रेलवे बोर्ड ने उसकी जगह ले ली है वह भी कानूनी रूप से। क्योंकि सामान्य रूप से आरक्षण किसी का हो नहीं पाता है उसके लिए एक माह का समय लिया जाता है, वहीं तत्काल चाहिए तो एक दिन पहले ज्यादा पैसा देने पर सीट उपलब्ध हो जायेगी। इतना ही नहीं तत्काल प्रीमियम तो और भी गजब है, जिसमें एक घंटा पहले ही उससे ज्यादा पैसा देने पर कन्फर्म टिकट उपलब्ध हो जायेगा। अब इसे रेलवे द्वारा ब्लैक में टिकट बेचना न कहा जाये तो क्या कहा जाये?




उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड को जब बनाया गया था उस समय उनके बायलॉज में स्पष्ट अंकित था कि वह यात्रियों को कम दाम पर बेहतर सेवा मुहैया करायेगा। यही कारण था कि उस समय भी सबसे ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें हुआ करती थीं। इसके बाद एक्सप्रेस व सुपर एक्सप्रेस ट्रेनों की बारी आती थी। वर्तमान हालात यह हैं कि पहले सुपरफास्ट ट्रेनें हैं उसके बाद एक्सप्रेस व बाद में कहीं जाकर नंबर पैसेंजर ट्रेनों का आ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि सामान्य रूप से जब कोई भी यात्री यात्रा करता है तो वह चाहता है कि उनकी यात्रा सुविधाजनक हो, इसके लिए वह पहले से ही ट्रेन में टिकट बुक कराना चाहता है, परंतु जब वह इंटरनेट पर सर्च करता है तो उसे पता चलता है कि ट्रेन में सीट ही उपलब्ध नहीं है, इसलिए वह तत्काल की तरफ आकर्षित होता है, तत्काल में सीट तो उपलब्ध होती है परंतु उसे ज्यादा पैसा देना पड़ता है।

### सामान्य वेटिंग तो तत्काल में कन्फर्म कैसे?

गौरतलब है कि एक ट्रेन की बोगी में 72 सीटें होती हैं, फिर वह स्लीपर हो, एसी-3 या एसी इकोनॉमी, इनमें एक सी प्रणाली लागू होती है। जब भी कोई यात्री यात्रा के लिए ट्रेन की टिकट को आरक्षित करता है तो बोगी में जितनी भी सीटें होती हैं वह फुल बताई जाती हैं जिससे यात्री को वेटिंग टिकट लेना पड़ती है। अब सवाल यह उठता है कि जब सामान्य आरक्षण में वेटिंग है तो तत्काल में ज्यादा पैसा खर्च करने पर आरक्षण कैसे हो जाता है? जबकि सीटें तो बराबर ही हैं। यही हालात एसी-2 व एसी-1 के भी होते हैं।

### आरएसी में गजब खेल

रेलवे बोर्ड के अधिकारियों द्वारा आरएसी (रिजर्वेशन कैंसिल होने पर मिलने वाली टिकट) में गजब खेल खेला जाता है। दो सीट का पैसा लेकर एक ही सीट पर दो लोगों की यात्रा कराई जाती है। इससे बड़ी कानूनी लूट का दूसरा पहलू शायद ही कहीं देखने को मिले। यात्री यात्रा के दौरान टीटीई के सामने ऐसे गिड़गिड़ाता है जैसे उसने सबसे बड़ा पाप किया हो ट्रेन में यात्रा करने का या उसकी कोई बड़ी चोरी पकड़ी गई हो।

### उद्योग बन गया रेलवे बोर्ड

कहा जा रहा है कि कोरोना को आपदा में अवसर में बदलने का लाभ सबसे ज्यादा अगर किसी ने उठाया है तो वह रेलवे बोर्ड ने, क्योंकि सबसे पहले उसने पैसेंजर ट्रेनों को बंद किया। उसके बाद स्लीपर कोचों की संख्या को कम किया है, अब टिकिट को कानूनी रूप से ब्लैक में बेचकर पैसा कमा रहा है। एक कॉरपोरेट सेक्टर की तरह ही रेलवे बोर्ड का कार्य हो रहा है, जबकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए रेलवे कटिबद्ध है, ऐसा हर बार बोला जाता है।

### इनका कहना है-

आज मैं अवकाश में हूं सामान्य आरक्षण और तत्काल टिकट आरक्षण के मामले में मुझे जानकारी लेना पड़ेगी उसके बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

**हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ, पमरे**

# प्रदेश के ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ जनसंख्या के अनुपात में मिले

## हाई कोर्ट में जनहित याचिका के जरिये मांग, पूर्व से विचाराधीन मामलों के साथ होगी सुनवाई

जबलपुर।

हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर मांग की गई है कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी को उसकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ दिया जाए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने इस जनहित याचिका की सुनवाई पहले से लंबित प्रकरणों के साथ लिंक करके किए जाने की व्यवस्था दे दी। सभी मामलों पर अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।

जनहित याचिका मे वैदिक सामाजिक व्यवस्था व ज्योतिबा फुले की मांग पर हंटर कमीशन रिपोर्ट, मिलर कमीशन की अनुशंसा, गोलमेज सम्मेलन मे आरक्षण पर विमर्श, काका कालेलकर, मण्डल आयोग व महाजन आयोग तथा गौरीशंकर बिशेन आयोग की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिनमें ओबीसी को आनुपातिक प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई है।

जबलपुर की एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस नामक संस्था ने यह जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया कि मध्य प्रदेश मे ओबीसी वर्ग को एससी-एसटी के समान अनुपातिक आरक्षण दिया जाए।



जनहित याचिका कर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, रामेश्वर सिंह ठाकुर, परमानंद साहू, पुष्पेंद्र शाह रूप सिंह मरावी ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि सैकड़ो वर्ष पुरानी भारतीय वैदिक सामाजिक व्यवस्था मे आज के सम्पूर्ण ओबीसी वर्ग को शूद्र वर्णित किया गया है। मंडल आयोग ने वैदिक सभ्यता मे व्याप्त सामाजिक विषमता व भेदभाव को वर्तमान आरक्षण का मूल आधार बताया गया है। तर्क दिया गया कि 26 जनवरी, 1950 से संविधान लागू होने से आजाद भारत मे ओबीसी वर्ग को आरक्षण के अधिकारों से संवन्धित काका कालेलकर, मंडल आयोग, महाजन आयोग व गौरीशंकर बिसेन आयोग की रिपोर्ट भी आई हैं। का याचिका मे हावाला दिया गया है।

## डॉक्टर परीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# लकवाग्रस्त कैदी अस्पताल से फरार

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती 40 वर्षीय मुईन खान तड़के 4.30 बजे हथकड़ी निपका कर अपने बेटे के साथ फरार हो गया। बलात्कार और आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में सिहोरा जेल में बंद कैदी मुईन बबलू उर्फ सलीम को सिहोरा जेल से इलाज के लिए जबलपुर रिफर किया गया था। पिछले एक महीनें से यहां वार्ड नंबर 19 में भर्ती कराया था, बाद में उसे पेरालिसिस की कथित शिकायत होने पर आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था, जब कैदी को भर्ती कराया था तब वह चलने की स्थिति में भी नहीं था लेकिन जब वह भागा तो दौड़कर भागा इससे पेरालिसिस होने का नाटक भी सामने आया। कैदी की सुरक्षा में तैनात जेल प्रहरी नरेश खंडाते को निलंबित कर दिया गया है। गढ़ा पुलिस ने कैदी के फरार होने पर मामला दर्ज कर लिया है।



बताया गया है कि कैदी से मिलने उसकी बहन और पुत्र मिलने आते थे। रात में उसका पुत्र कैदी के पास रुकता था। घटना के संबंध में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैदी मुईन खान उर्फ बबलू उर्फ सलीम के शरीर में छाले थे। उसे एक महीनें पहले अस्पताल में लाया गया था, जहां उसने पेरालिसिस (लकवा) होने का नाटक किया, जिसके बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया।

### आईसीयू से भागा

बुधवार की सुबह 4.30 बजे यह कैदी आईसीयू वार्ड से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर अपने बेटे के साथ फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियें के मुताबिक लकवा ग्रस्त कैदी दौड़कर भागता हुआ मेडीकल के बाहर जाते हुए देखा गया। जिससे यह सवाल खड़ा हो गया कि उसे लकवा था ही नहीं। लकवा पीड़ित व्यक्ति ठीक से चल नहीं पाता तो दौड़ेगा। इससे डॉक्टर परीक्षण पर भी चिन्ह लगा है। अस्तपाल से फरार हुए कैदी का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। जेल प्रबंधन ने कैदी के फरार होने का मामला दर्ज कर लिया है। फरार कैदी की तलाश में नाकेबंदी की जा रही है।



# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों में लापरवाही न करें : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एण्ड इन्फॉर्मेशन सेंटर में सभी समुचित व्यवस्था करें। साथ ही सभी आमंत्रित उद्यमियों के लिये समुचित व्यवस्थाओं की चर्चा कर कहा कि यह तैयारी रखें कि उन्हें कॉन्क्लेव में असुविधा न हो। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र, विभिन्न सेक्टोरल सेशन, वन टू वन मीटिंग, प्रदर्शनी, बायर सेलर मीट, सांस्कृतिक प्रोग्राम, मीडिया कव्हरेज, स्वागत सत्कार व उनके भोजन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह के साथ सभी संबंधित जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एण्ड इन्फॉर्मेशन सेंटर का किया अवलोकन किया और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम की सफलता के लिये सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण तत्परता के साथ निर्वहन करें, इसमें कही भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने एमपीआईडीसी के अधिकारियों से कहा कि वे कार्यक्रम की ब्रांडिंग व व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। कौन-कौन निवेशक आ रहे हैं उनकी सूची व लाइजनिंग के साथ कॉन्क्लेव में उन्हें समुचित जगह तक पहुंचाने का कार्य तत्परता से करें। कार्यक्रम की सफलता के लिये जो बेहतर हो सकता है वह तरीका अपनायें और कार्यक्रम का भव्य व गरिमामय रूप प्रदान करें।




# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**नगर कार्यसमिति की बैठक में सांसद के उद्गार**

**जबलपुर।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष प्रभात साहू की अध्यक्षत में संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। इस बैठक को संबोधित सांसद आशीष दुबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा में भी पार्टी को उम्मीद से अधिक सफलता मिली। जबलपुर में जीत का रिकार्ड बनाया। बैठक में 345 नये कार्यकर्ताओं का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा भाजपा ने विधानसभा के साथ लोकसभा में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भाजपा का कार्यकर्ता जनसेवा के माध्यम से पूरे पांच साल सक्रिय रहता है। उसी का प्रतिफल है कि पार्टी लगातार ऊचाईयों के सोपान पर पहुंच रही है। बैठक में पार्टी की आगामी नीतियों और कार्यक्रमों पर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई और प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में खास बात यह रही कि बिना नई कार्यकारिणी के कार्य समिति की बैठक हुई। नई कार्यकारिणी गठित नहीं होने से पुराने ही पदाधिकारी कार्यसमिति में बने हुये हैं। लेकिन उनमें से एक दो को छोड़कर बाकी सारे नये लोग बैठक में शामिल हुये। बैठक में मुख्य रुप महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी,अभिलाष पांडेय,विनोद गोटिया,अखिलेश जैन,पूर्व महापौर सुशीला सिंह, स्वाति गोडबोले, सदानंद गोडबोले, वीरेंद्र गुप्ता, रिंकु विज, राममूर्ति मिश्रा, शरद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, रंजीत पटेल, चित्रकान्त शर्मा, अमित जैन, जयराम तिवारी, दीप महदेले, अजय तिवारी रूपा राव, योगेंद्र सिंह ठाकुर, लवलीन आनंद, रवि साहू, डॉ.शुभम अवस्थी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने भी मोर्चा खोला

जबलपुर के मध्य में स्थित टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि में लगभग 16 हजार वृक्ष है जो शहर के ऑक्सीजन जोन का कार्य करते हैं विगत कुछ दिवसों से उक्त भूमि के विक्रय की चर्चाएं चल रही है ऐसी स्थिति में निजी हाथो में जाने के बाद बहुत संभावित है वृक्षों का कत्लेआम कर दिया जाये, आम आदमी पार्टी आरटीआई विंग जबलपुर उपरोक्त गतिविधियों का विरोध करती है तथा शहर के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष विंग ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी ने बैठक कर बीएसएनएल द्वारा भूमि बेचे जाने के खिलाफ जोरदार आंदोलन क्रमबद्ध तरीके से करने का निर्णय लिया है, इस संदर्भ में प्रदेशव्यापी मुहिम चलाई जाएगी। बैठक में यह रहें शामिल प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, गोपाल परासर, बृजेश चतुर्वेदी, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, सेवेंद्र बर्मन आदि।

## टेलीकॉम फैक्ट्री की भूमि बन सकती है देश का सबसे बड़ा अर्बन फॉरेस्ट

# शहर का ऑक्सीजन जोन खत्म नहीं होने देंगे

**जबलपुर। शहर के बीचों बीच स्थित टेलीकॉम फैक्ट्री की 70 एकड़ भूमि में यदि नेचर पार्क, इकॉलॉजीकल पार्क बनाये जाए तो "अर्बन फॉरेस्ट" का क्षेत्रफल 2256 एकड़ हो जाएगा। जबलपुर का यह अर्बन फॉरेस्ट देश का सबसे बड़ा होगा। यह बताते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नागरिकों से अपील की है कि टेलीकॉम फैक्ट्री के भूमि के बचने के विरोध में सब एक हो जाए ताकि वहां की हरियाली नष्ट न हो सके।**

मंच ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व में मदनमहल पहाड़ी की अतिक्रमण मुक्त हुई जमीन तथा डुमना नेचर पार्प में हुए पौधारोपण से डुमना में 2 हजार एकड़ तथा मदनमहल पहाड़ी पर 186 एकड़ में "अर्बन फॉरेस्ट" बन चुका है। इसी 2186 एकड़ के साथ यदि टेलीकॉम फैक्ट्री के 70 एकड़ में भी नेचर पार्प बनाया जाए तो अर्बन फॉरेस्ट का कुल क्षेत्र 2256 एकड़ होगा तथा वह देश का सबसे बड़ा अर्बन फॉरेस्ट बनेगा। एक बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने यह बात कही और लोगें से आव्हान किया कि किसी भी कीमत पर टेलीकॉम फैक्ट्री की जमीन को नहीं बिकने देंगे। यह जमीन शहर का ऑक्सीजन टैंक है वहीं शहर के फेफड़े है। बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा आदि उपस्थित थे।



## शिया मातमी जुलूस देखने वालों की श्वांसे थमीं

# इमाम हुसैन की कुर्बानी देती है शांति का पैगाम



**जबलपुर।** मुहर्रम की 10 तारीख को शिया समुदाय ने सुबह 7.00 बजे मस्जिद जाकिर अली में आमाले आशूरा अदा किये फिर इमामबाड़े में मजलिस के बाद जुलूस रवाना हुआ जो कि फूटाताल, खटीक मोहल्ला होते हुये कोतवाली पहुँचा। मौलाना साहिद अब्बास साहब ने अपनी तकरीर में कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के बारे में कहा कि जितनी याद इमाम हुसैन की मनाई जाती है। जहाँ इस कुर्बानी से मानवता, शांति, सदाचार और अन्य बहुत सी अच्छाईयों की जहाँ प्रेरणा मिलती है, वहीं सबसे बड़ी खूबी यह है कि इनकी याद मनाते समय जाति-धर्म, सप्रदाय या राष्ट्र एवं वर्गीय-भेद बिल्कुल समाप्त हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति केवल इंसान रहता है। उनमें हिन्दु, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई आदि अनेक विचारों की सुगंध तो मिल सकती है लेकिन किसी का पृथक आस्तित्व दिखाई नहीं देता। सब यही कहते नजर आयेंगे "हमारे हुसैन" इसी तारतम्य में आपने संस्कारधानी के भाईचारा एकता की बहुत तारीफ की। तकरीर के बाद शिया नौजवानों ने कोतवाली में जंजीर का मातम किया, जिससे उनकी पीठ लहू-लुहान हो गई। देखने वालों की श्वांसें थम गईं। इन सबसे बेखबर शिया नौजवान या हुसैन या मौला के नारों के साथ मातम करते रहे। मातमी जुलूस में शामिल अकीदतमंद नौहा पढ़ते चल रहे थे। काले कपड़े पहने नंगे पाव यह जुलूस फुहारा, बल्देवबाग होते हुये कर्बला में समापन हुआ।



## शहीदी पर्व मोहर्रम पर सिहोरा में निकला ताजिया-सवारियों का जुलूस

# या हुसैन...या अली की गूंज

**सिहोरा।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत के पर्व मुहर्रम की बुधवार को दसवीं तारीख योमे आशूरा पर नगर में ताजिया जुलूस निकाला गया। दोपहर असर की नमाज के बाद सरावगी मुहल्ला में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आए ताजियों-सवारियो के साथ दोपहर 5 बजे से जुलूस की शुरुआत हुई। सैकड़ों की तादात में मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन के नारे लगाते चल रहे थे। जुलूस सरावगी मोहल्ला से शुरू होकर काल भैरव चौक, झंडा बाजार,कटरा मोहल्ला पहुंचा,जहां मुस्लिम धर्मावलंबी अपने कांधों पर ताजिया लिए या हुसैन...या अली के नारे लगाते चल रहे थे। कटरा मोहल्ला के पास स्थित करबला में जुलूस का समापन हुआ जहां ताजियों को ठंडा किया गया। नगर में निकले ताजिया में बिलहा के अलावा कटरा मोहल्ला,नया मोहल्ला,पठानी मोहल्ला के साथ लगभग डेढ़ दर्जन छोटे बड़े ताजिया शामिल थे। इसी तरह आजाद चौक, कटरा मोहल्ला,नया मोहल्ला की सवारी भी शामिल थी।

### अखाड़ों का प्रदर्शन, जगह-जगह लंगर

जुलूस के दौरान अखाड़ों ने श्वांस रोकने वाले हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन किया, जिसको देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो गए। नगर की विभिन्न कमेटियों द्वारा जुलूस में लोगों को लंगर भी तकसीम किया गया।

# शहादत का पर्व मुहर्रम शांति पूर्ण मनाया गया



***मझौली।*** *शहादत का पर्व मुहर्रम बड़े ही शांति पूर्ण से मनाया गया। शाम 4 बजे पठानी मुहल्ला पुरानी बाजार चड़ी मोहल्ला शंकरगढ़ कॉलोनी सभी जगह की सवारी एवं ताजिए निकले गए जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए जगह-जगह सलामी देते हुए ताजियों को नरीला में ठंडा किया गया।*

## मुफ्ती ए आज़म का नगर आगमन आज

*जबलपुर। मुफ़्ती ए आजम मध्य प्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की हजयात्रा से वापसी आज मुंबई से जबलपुर पाटलीपुत्र एक्सप्रेस से हो रही है। मुफ़्ती ए आज़म के साथ नगर के हाजी अब्दुल रहमान , हाजी असलम पहलवान, हाजी कदीर पहलवान, हाजी युसूफ मंसूरी सहित काफी संख्या मे हाजी जबलपुर आ रहे है।*

## ग्राम पंचायत जुनवानी में पौधारोपण

**सिहोरा।** सिहोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी कला मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के अभियान *एक पेड़ मां के नाम* के अंतर्गत पौधों का रोपण सरपंच विनय पटेल एवं सचिव दीपक गुप्ता,रोजगार सहायक मनीष पटेल,शिक्षिका कृष्णा गर्ग की उपस्थिति में किया गया। इसी तरह स्व सेवा संयोजन समिति की पूर्व उपाध्यक्ष एवं नगर की प्रथम महिला देहदान दाता रश्मि सेठी की स्मृति में भी संस्था द्वारा पौधा रोपित किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक की मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत मोहतरा तिराहा में एक बालक को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। बालक के सिर से वाहन का चाक निकल गया जिससे बालक का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहतरा में गत दिवस लगभग 12 वर्षीय एक अज्ञात बालक को बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे एक अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारते हुए बालक के सिर पर चाक चढ़ा दिया जिससे बालक का सिर फट गया और मौके पर ही बालक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281,106(1) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## शराब के लिए रुपए नहीं देने पर चाकू व डंडे से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत न्यू शोभापुर रेलवे फाटक के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर निवासी 48 वर्षीय संतोष रजक की न्यू शोभापुर रेलवे फाटक के पास कपड़ों में प्रेस करने की दुकान है। गत शाम लगभग 7.30 बजे वह अपनी दुकान पर था और थोड़ी सी शराब पिया था, तभी उसके दुकान के सामने सब्जी की दुकान लगाने वालें प्रफुल्ल गुप्ता और लकी गुप्ता उर्फ कछुआ दोनों उसके पास आए और अकेले शराब पी रहे हो, हमें भी शराब पीने के लिए पैसे दो, उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों गालीगलौज करने लगे। लकी गुप्ता ने डंडे से मारपीट कर दी और प्रफुल्ल ने चाकू से उसके पैर व हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। वहां खड़े लोगों ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## मंझगवा में दुकानदारों पर बाकी 25 लाख

# जनपद पंचायत सिहोरा वसूलेगी बकायादारों से राशि

**सिहोरा।** विगत कई वर्षों से जनपद पंचायत की दुकानों का किराया बगैर चुकाये धड़ल्ले से व्यापार कर रहे दुकानदारो के खिलाफ जनपद पंचायत ने अब कठोर रुख अख्तियार करने का फैसला कर लिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सिहोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां के 21 दुकानदार 1994 से किराए की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है एंव किराये के करीब अठारह लाख चौरानवे हजार रुपये दबाकर बैठे हैं। जो की वर्तमान में ब्याज सहित लगभग 25 लाख के करीब हो गई है किराया वसूलने के लिए जनपद के अधिकारी व कर्मचारी जाते हैं तो उन्हें आंखें दिखाई जाती हैं। सत्ताधारी पार्टी के नेताओं का डर दिखाया जाता है।

### समाजसेवी ने लगाई थी जनहित याचिका

याचिकाकर्ता ने किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करते हुए जनहित याचिका 2024 की रिट याचिका संख्या 16992 दायर की है। तर्क दिया गया है कि मंझगवा में दुकानों पर बहुत किराया बकाया है और जनपद पंचायत सिहोरा, जिला जबलपुर बकाया वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है।इसमें जनपद पंचायत सिहोरा द्वारा तहसीलदार सिहोरा को लिखे गए पत्र दिनांक 29.12.2023 का संदर्भ लिया जा सकता है, जिसमें विभिन्न दुकानदारों के बकाया किराए को उनके संज्ञान में लाया गया था और उनसे बकाया किराए की वसूली के लिए उचित कदम उठाने का अनुरोध किया गया था। मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पेश तहसीलदार ने भी कहा कि बकाया किराए की वसूली के लिए कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### किराया राशि न मिलने से विकास कार्य प्रभावित

सिहोरा जनपद पंचायत के स्वामित्व की अनेक वेशकीमती भूमि राशि के अभाव में लावारिस पड़ी हुई है। सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ऐसी अनेक प्रापर्टी ऐसी है जिनका जिर्णोद्धार करके जनपद लाखों रुपए प्रतिमाह अर्जित कर सकती है लेकिन फंड के अभाव में वेशकीमती भुमि लावारिस पड़ी है।

### राशि वसूलने कार्यवाही की जाएगी

दुकान किराए की वसुली हेतु शीघ्र विधी सम्मत कार्यवाही की जायेगी। ताकि किराए की राशि से अन्य विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा सके।

*-रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,* जनपद अध्यक्ष सिहोरा

# भाई के गायब होने पर दो पक्षों में मारपीट, 5 घायल



**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत नि.ग्राम देवरी अमगवां मझौली में दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ डंडे से मारपीट कर एक दूसरे को घायल कर दिया। मारपीट की इस घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं।

मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नि.ग्राम देवरी अमगवां थाना मझौली निवासी 32 वर्षीय सोनू भूमिया उर्फ मंगल का छोटा भाई मोनू भूमिया गांव के अमित परोहा के यहां खेती का काम करता था जो कुछ दिनों से घर से कही चला गया है और उसका मोबाइल नम्बर भी ब्लेक लिस्ट में डाल दिया है, लेकिन अमित परोहा का फोन उठा लेता है। सोनू ने अमित परोहा से कई बार बोला कि मेरा भाई मोनू घर नही आ रहा है, तुम्हे पता होगा कि कहां गया है उसे घर बुला दो। इसी बात को लेकर गत रात लगभग 8.30 बजे जब सोनू घर पर खाना खा रहा था तभी घर के बाहर अमित परोहा आया और गालगीलौज कर कहने लगा कि मुझे मोनू की जानकारी नही है कहते हुए डंडे से उसके सिर पर हमला कर दिया। माँ गुलाब बाई, पत्नी वर्षा और बहन नंदबाई भूमिया उर्फ सरिता ने बीच बचाव किया तो बंटू परोहा ने पत्नी वर्षा और माँ गुलाब बाई को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिन्हें चोटें आ गई। दोनों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष देवरी अमगवां निवासी 38 वर्षीय किसान अमित परोहा के खेत में गांव का मोनू भूमिया काम करता था जो करीब 6 माह पहले काम छोड़ दिया और कही बाहर चला गया। मोनू का भाई सोनू उससे बार-बार मोनू का पता पूछकर परेशान करता है और पिछले सात-आठ दिनों से उसे मारने की धमकी देता। इसी बात को लेकर मझौली बाजार प्लाट में सोनू ने अमित से झगड़ा किया था तब उसने सोनू की बात मोनू से करवाई थी। गत रात करीब 8.30 बजे जब अमित अपने घर से शादी कार्यक्रम में मझौली जा रहा था तभी रास्ते में सोनू भूमिया अपनी माँ गुलाब बाई, पत्नी वर्षा बाई और बहन नंदबाई भूमिया के साथ मिला और उसका रास्ता रोककर उस पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। सोनू की माँ गुलाब बाई, पत्नी वर्षा बाई और बहन नंदबाई भूमिया ने भी उसके साथ मारपीट कर उसे चोटें पहुंचा दी। मोहल्लें के संतोष बर्मन और निखिल गर्ग ने बीच बचाव किया तो, सोनू ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सोनू भूमिया की रिपोर्ट धारा 296.115(2),118(1),351(2) 3(5) बीएनएस तथा 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट के तहत और अमित परोहा की रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## अधिक शराब पीने से व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत परियट में अत्यधिक शराब का सेवन करने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार परियट थाना पनागर निवासी 45 वर्षीय बबलू पटेल को शराब के नशे में होने के कारण गत 9 जुलाई को बहन शांति पटेल द्वारा इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां गत 16 जुलाई की रात 10 बजे बबलू पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## माढ़ोताल में वारदात, फार्म हाउस से पनडुब्बी और मोटर चोरी

# सूने घर का ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल और गोराबाजार थाना क्षेत्र में दो सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, नगदी रुपए और पनडुब्बी, मोटर व पाईप चोरी कर ले गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राधाकृष्ण परिसर माढ़ोताल निवासी 26 वर्षीय मुकेश कुमार यादव अपनी माँ अतराजी यादव की तबियत खराब होने के कारण घर पर ताला लगाकर परिवार सहित अस्पताल गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे जब वह अस्पताल से घर आया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था घर के अंदर रखी अलमारी का लॉकर टूटा था जिसमें माँ के सोने चांदी के जेवर और नगदी लगभग 15 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



इसी प्रकार गोराबाजार छोटी ओमती बेलबाग निवासी 45 वर्षीय राजकुमार कछवाहा का खेत एवं फार्म हाउस ग्राम उमरिया बंडा बाबा के नीचे करीब साढ़े तीन एकड़ का हैं, जिसमें नदी किनारे पनडुब्बी पानी की मोटर सिंचाई हेतु लगी थी। गत 14 जुलाई को फार्म हाउस में लगी मोटर से सिंचाई की जा रही थी, वर्तमान में कुछ समय से फार्म हाउस खाली पड़ा था। गत 16 जुलाई को सुबह लगभग 11 बजे जब राजकुमार अपने फार्म हाऊस गया तो उसने देखा कि अज्ञात चोरों ने स्टार्टर के पास से वायर काटकर फार्म हाउस से एक पनडुब्बी, पानी की मोटर, दो एचपी की एवं 300 मीटर वायर, पांच पाईप सिंचाई के चोरी कर ले गए। राजकुमार कछवाहा ने बताया कि उसके खेत में अरविंद गैंड पूर्व में काम करता था जिसे उसने एक माह पहले फार्म हाउस से निकाल दिया था उसे शक है कि अरविंद गौड़ उसकी मोटर एवं सामान चोरी कर सकता है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**श्रीमती शकुंतला देवी-** आजाद चौक सदर बाजार निवासी श्री नरेन्द्र राठौर की धर्मपत्नी एवं मनीष राठौर की माता श्रीमती शकुंतला देवी राठौर का आज प्रातः निधन हो गया है। उनकी अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश चंद्र श्रीवास-** कांचघर पोस्ट ऑफिस के पीछे निवासी श्री रमेश चंद्र श्रीवास (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल सेठी-** एलआईजी 17, हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री अनिल सेठी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेश लोधी-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री राजेश लोधी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री हरिओम चड़ार-** एलआईजी 684, मदर टेरेसा नगर निवासी श्री कोमल चड़ार के पुत्र श्री हरिओम चड़ार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरविंद शर्मा-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री अरविंद शर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशीष दुबे-** छोटी ओमती बेलबाग रोड निवासी श्री अभय दुबे के पुत्र श्री आशीष दुबे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा देवी कठेरिया-** सी 8, मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री सुनील कठेरिया की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी कठेरिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति बाई चक्रवर्ती-** हनुमानताल कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री मिठाई लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति बाई चक्रवर्ती




(61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मदन लाल रजक-** अंजनी कॉलोनी रिछाई निवासी श्री मदन लाल रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी चौधरी मोहल्ला निवासी श्री मंगल चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता मक्कड़-** ग्रीन सिटी दीनदयाल वार्ड निवासी श्री हरीश मक्कड़ की धर्मपत्नी श्रीमती गीता मक्कड़ (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला राठौर-** आजाद चौक सदर निवासी श्री नरेंद्र सिंह राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला राठौर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनुसुईया दवे-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री सालिगराम दवे की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसुईया दवे (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल बर्मन-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री छोटे लाल बर्मन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चूल्हा बाई-** संजीवनी नगर निवासी श्री बबन की धर्मपत्नी श्रीमती चूल्हा बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए छिंदवाड़ा में 4 जिलों के उद्यमियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए मप्र में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई जा रही है। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिए मंगलवार को छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में हुई उद्योग संघों व उद्योगपतियों की बैठक में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है, जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नए उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाइयां आती हैं, लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मंझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

**खास बातें**

- सीएम ने कहा- छोटे-मंझोले सभी उद्यमी कदम से कदम मिलाकर सरकार के साथ चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की उद्योग संघों व उद्योगपतियों से निवेश को प्रोत्साहित करने की अपील

### 5 साल में मप्र की जीडीपी को डबल करने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक इंदौर में इंडस्ट्री सम्मिट होती थी, लेकिन अब यह प्रदेश के अन्य भागों में भी होगी और वहां की औद्योगिक कठिनाइयों को दूर किया जाएगा। उन्होंने उद्योग संघों व उद्योगपतियों से कहा कि वे निवेश को प्रोत्साहित करें। इसके लिए उन्हें औद्योगिक नीति अनुसार सुविधा प्रदान की जाएगी। आने वाले 5 साल में प्रदेश की जीडीपी को डबल करने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें: वीडी

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि विकास आपके लिए और आपके द्वारा हो, इसलिए 20 जुलाई की तैयारियों को लेकर उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई है। प्रदेश के विकास में छोटे-छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें। उन्होंने औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने को कहा। क्षेत्रीय विकास के लिए जिले की संभावनाओं को पहचानने और उस दिशा में आगे बढ़ने के साथ नौजवानों को औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

### लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी जिला कलेक्टरों से उद्योग और व्यापार संघों की कठिनाइयों को समझने तथा उसे दूर करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कहा, ताकि लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले और उनकी बेहतरी के लिए सुझाव भी हो। उन्होंने दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने जिले एवं संभाग में उद्योगों की संभावनाओं की दिशा में कारगर कार्य करने को निर्देशित किया।

### जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है। औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक है। बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश में रोजगारमूलक गतिविधि और स्थानीय उत्पादों के प्र-संस्करण पर जोर दिया गया। उन्होंने उद्योगों के स्थापना में सब्सिडी का जिक्र करते हुए बॉयर- सेलर के बीच की कठिनाइयों को दूर कर उद्योग और व्यापार की दिशा में आगे बढ़ने को कहा। इन सब बातों में उन्होंने स्थानीयता को विशेष महत्व देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर कच्चे-माल को उपयोगी बनाए और रोजगार पाने वालों की संख्या बढ़ाएं।

### उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए

उद्योग संघों की बैठक में छिन्दवाड़ा के उद्यमियों ने जहां प्रत्यक्ष रूप से बैठक में सहभागिता की। सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा के उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए। विभिन्न उद्योगपतियों ने विकास के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छिन्दवाड़ा के राकेश जुनेजा, बोरगांव के उद्योगपति रीतेश जैन, सुमेर सिंह, अजय सक्सेना ने विभिन्न सुझाव दिए। पांढुर्णा से उद्यमी आरएन द्रविड़, उद्योगपति सुभाष बुधराजा, जितेन्द्र पटेल ने औद्योगिक नीतियों को और अधिक फ्रेंडली बनाने संबंधी विचार व्यक्त किए। बालाघाट के उद्योगपति अतुल, हर्ष द्विवेदी, प्रत्यूष नेमा, अभिषेक जेठानी ने फूड प्रोसेसिंग और योगेन्द्र पाठक ने मैगनीज यूनिट स्थापित करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन ने औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की समस्या के निदान के साथ औद्योगिक नीति की जानकारी देते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को प्रोत्साहन करने के लिए विशेष कार्ययोजना है।

## खबर संक्षेप

### बिजली कंपनी की मानव संसाधन टीम सम्मानित

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री गौतम टेटवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई गोविंदपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में आईटीआई के छात्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सम्मानित किया गया। उक्त योजाना के अल्प समय में सफल क्रियान्वयन के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मानव संसाधन विभाग की टीम एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रूपाली बैरागी को सम्मानित किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) केके रात्रे ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

### अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन ने मप्र के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से बनाया जा रहा है। उक्त जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिए अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत कराएंगे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग भोपाल के अन्तर्गत चार इमली स्थित खेल मैदान 5 नम्बर स्टॉप स्थित जवाहर बाल उद्यान तथा चिनार पार्क में लगभग 200 पौधों का पौधरोपण किया गया। इस विशेष अभियान में मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग आरके मेहरा, मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र, लोक निर्माण विभाग संजय मस्के व योगेन्द्र कुमार अधीक्षण यंत्री राजधानी मण्डल, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूजीसी नियमों की अनदेखी का विरोध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विज्ञापन ने उच्च शिक्षा जगत में एक विवाद खड़ा कर दिया है। इस विज्ञापन के माध्यम से नियुक्तियों में यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) के नियमों की स्पष्ट अनदेखी की गई है। यह आरोप प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ, भोपाल द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से लगाया गया है।

## कहा, जन-सहभागिता को प्रोत्साहित कर सिंहस्थ के कार्यों को बढ़ाएं आगे

# उज्जैन के विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर उनका क्रियान्वयन करें सुनिश्चित: मुख्यमंत्री

### रोजगार के अधिकतम अवसरों के सृजन के लिए लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करें

### स्व-सहायता समूह को प्रदान किया एक करोड़ 47 लाख की ऋण राशि का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए संकल्प के साथ विकास का क्रम निरंतर जारी है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के ध्येय वाक्य को अंगीकार करते हुए हम सभी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचाएं। जन सामान्य की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और तत्परता से



किया जाए। जाति और निवास प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आस्था गार्डन में आयोजित जन संवाद शिविर को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं जिला प्रशासन को निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री की ओर से शिविर में उज्जैन आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एक करोड़ 47 लाख रुपए ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया।

### प्रदेश का गौरव है बाबा महाकाल की सवारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए कार्यों को पूर्ण कराएं। एक जिला-एक उत्पाद के तहत उज्जैन में चयनित बुटिक प्रिंट के साथ हैंडलूम, पॉवरलूम, लघु, कुटीर और फुटकर उद्योगों को भी समान रूप से बढ़ावा मिले, जिससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भगवान की मूर्तियां, वस्त्र और पूजन सामग्री बनाने का काम भी आरंभ किया जाएगा। बाबा महाकाल की सवारी उज्जैन ही नहीं, पूरे प्रदेश का गौरव हैं। सवारी में जनजातीय जिले डिंडौरी, मंडला, बालाघाट आदि के नृत्य कलाकारों को भी शामिल किया जाए। बाबा महाकाल की सवारी में मंत्रीगण भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री ने विद्यालयीन पत्रिका दुहिता का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाडा की पत्रिका 'दुहिता' का विमोचन किया। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार नेमा ने बताया कि विद्यालय अमरवाड़ा अपने अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, हरे-भरे परिसर एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। विद्यालयीन पत्रिका में छात्राओं की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शीर्षक में विभिन्न रचनाएं संकलित हैं। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषयों पर रोचक लेख कविताएं एवं लघुकथाएं प्रकाशित की हैं। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं शैक्षणिक अधिकारियों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, रेडक्रॉस तथा स्कॉउट गाइड की छात्राएं उपस्थित थी।

### सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें। उज्जैन नगर से महानगर की ओर अग्रसर हो रहा है। देश-विदेश में नगर की सकारात्मक छवि निर्मित करने की दिशा में सभी को समन्वित रूप से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से सिंहस्थ के कार्यों को आगे बढ़ाएं। हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन का स्थाई रूप से विकास किया जाए। उन्होंने अतिक्रमण न होने देने और नीति संगत निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उज्जैन के देवस्थानों और घाटों का भी जीर्णोधार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में आईटी पार्क बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उज्जैन के लिए मेडिसिटी बड़ी सौगात है। उन्होंने मेडिसिटी के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष का अमरवाडा में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने जो वादे किए थे, उनमें से कोई वादा अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यहां खेतों की हरियाली कम नहीं होने देंगे, हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। जिन लोगों को बांध का मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें मुआवजा देंगे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अमरवाड़ा में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की कोई योजना बंद नहीं होगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से उनकी बेहतरी के प्रयास करेंगे। जो युवा परीक्षाओं की कोचिंग करना चाहते हैं, उनकी फीस, रहने की व्यवस्था सरकार करेगी। जिन आदिवासी भाईयों के पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। सीएम आवास योजना की किश्ते जो लोग नहीं भर पाए हैं, उनकी किश्तें भी सरकार भरेगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा के विकास के लिए संकल्पित है। चुनाव के समय भाजपा ने जो कहा, वह भाजपा सरकार कर रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अमरवाड़ा के हर गांव में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 25 करोड़ की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद शर्मा ने अमरवाड़ा में सकरवाड़ा चौराहे से होटल तुलसा तक रोड-शो कर अमरवाड़ा उपचुनाव में मिली भाजपा को जीत पर जनता का आभार व्यक्त किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने जनता का अभिवादन किया। रोड-शो में उमड़े जनसैलाब ने सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर पुष्प-वर्षा करते हुए रोड-शो का स्वागत किया।

# सीएम साय और रेल मंत्री की मुलाकात चार प्रमुख रेल परियोजनाएं होंगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा दिल्ली दौरे के दौरान बुधवार को उन्होंने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में सीएम श्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान उन्होंने राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजना धर्मजयगढ़-पत्थलगांव, लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर



नई रेल लाइन परियोजना के जल्द शुरू करने का आग्रह किया है। जिसके बाद रेल मंत्री ने परियोजनाओं पर तेजी से कार्य का आश्वासन दिया है।

### धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा तक 200 किमी की नई लाइन परियोजना

सीएम श्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ क्षेत्र को झारखंड से जोड़ेगी और कोरबा-धर्मजयगढ़ परियोजना के कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपये है।

# भड़काऊ बयानबाजी के मामले में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को पुलिस का तीसरा नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को तीसरी नोटिस जारी की गई है। 18 जुलाई को सिटी कोतवाली में उन्हें उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ में 10 जून को हुई बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को तीसरा नोटिस जारी किया गया है। गुरुवार 18 जुलाई को सिटी कोतवाली में उन्हें उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है। इसके पहले पुलिस उन्हें दो नोटिस जारी कर चुकी है, लेकिन वे पूछताछ के लिए नहीं जा रहे हैं।

### पुलिस ने किए अप्रिय स्थिति से बचने के पूरे इंतजाम किए



उल्लेखनीय है कि, बीते दिनों 11 जुलाई को पुलिस ने पूछताछ के लिए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को बुलाया था। माना जा रहा था कि, वे बुधवार को बलौदाबाजार जाएंगे। लेकिन अब देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट का रुख कर लिया है। जहां उन्होंने पूछताछ के विरुद्ध हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की है। जिसको लेकर पुलिस ने चाक-चौबंध इंतजाम किये थे। विधायक के पहुंचने से के दौरान समर्थकों के द्वारा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति ना बने इसके लिए सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के आसपास बैरिकेडिंग लगाई गई थी। पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित 50 से भी अधिक जवानों की ड्यूटी सिटी कोतवाली थाने में लगाई गई है।

हाईकोर्ट में दायर याचिका को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि, नोटिस में मुझे बुलाए जाने के कारण का उल्लेख नहीं है। वहां लोगों को धमकाकर हमारा नाम लेने कहा जा रहा है। सभी विषयों की जानकारी याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट को दी है। आगे उच्च न्यायालय का जो निर्देश होगा हम उसका पालन करेंगे। सोमवार को पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को नोटिस जारी किया है। जिसमें उन्हें 9 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। 10 जून को विधायक देवेंद्र यादव हिंसा समाज के प्रदर्शन में कुछ देर के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने बलौदाबाजार में हुई हिंसक झड़प और आगजनी मामले में हाल ही में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में 156 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।

# तेज रफ्तार ट्रक और सिटी बस की टक्कर में 20 से अधिक यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छग के रायपुर में तेज रफ्तार ट्रक और सिटी बस में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में करीब 20 से ज्यादा सवारियों के घायल होने की खबर है। घटना में बस की सीटें भी उखड़ गई। बस में सवार कई यात्रियों के सिर से खून बहने लगा, जिससे बस में जगह-जगह खून फैल गया है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा विधानसभा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव के पास हुआ है। फिलहाल पुलिस और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। जहां इलाज चल रहा है। एक्सीडेंट को लेकर विधानसभा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बस रायपुर से खरोरा की ओर जा रही थी, तभी ट्रक सामने से आ रहा था। 10 बजे के करीब सेमरिया गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बस चला रहे ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। बस जाकर सीधे ट्रक से भिड़ गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

### दो दर्जन से ज्यादा यात्री थे सवार

बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान बस में करीब 25 से 30 यात्री सवार थे, जिनमें से कई महिलाएं भी थीं। एक्सीडेंट में करीब 20 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 6 से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। एक्सीडेंट के बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

### डॉ. यादव ने अमरवाड़ा में 127 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

# रोजगार के अवसर बढ़ाने स्थापित की जाएगी उद्योगों की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोजगार के अवसर बढाने के लिए महाकौशल सहित पूरे प्रदेश में उद्योगों की श्रृंखला स्थापित की जाएगी। इससे युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो लाख भर्तियां करने की तैयारी कर रही है।

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए रहने, खाने एवं कोचिंग की फीस भी देने की व्यवस्था की जाएगी। ज़िला प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार करें। उनके सपनों को साकार करने में सरकार मदद करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

### कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित 127 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं किसानों के हितों की रक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। जनता से किए वादे पूरे करने की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री ने छिन्दवाड़ा जिले को प्रदेश का मोर-मुकुट बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को प्रकृति ने खूब संवारा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की नैसर्गिक सुंदरता मन मोह लेती है। आज आभार रैली में लोगों का जनसैलाब देखकर लगता है कि होली एवं दीपावली का त्यौहार मन रहा है।

### विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए नवीन योजनाएं लाई जाएगी। इन सबके लिए प्रदेश सरकार का बजट अब पूर्व के बजट से 20 प्रतिशत से अधिक रखने का लक्ष्य है। इनमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। आने वाले 5 वर्षों में बजट दोगुना किया जाएगा। किसान सम्मान निधि के लाभ से छूटे किसानों को किश्त देनें, जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी सरकार की ओर से किया जा रहा है। अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलें, हर किसान के खेत तक पानी पहुंचे इसके लिए बांध बनाने की योजना भी शुरू हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### लोरियल ने बच्चों के लिए शुरू की परियोजना



**चंडीगढ़।** लोरियल इंडिया ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपने बद्दी संयंत्र के पास रहने वाले प्रवासी समुदायों के वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने के लिए एक पहल शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लोरियल इंडिया ने 'प्रोजेक्ट उड़ान' शुरू किया गया है।

### प्रैट एंड व्हिटनी ने खोला नया ग्राहक सेवा केंद्र



**मुंबई।** अमेरिकी एयरोस्पेस प्रमुख प्रैट एंड व्हिटनी ने बेंगलुरु में एक नए ग्राहक सेवा केंद्र की स्थापना की बुधवार को घोषणा की। यह नई सुविधा प्रैट एंड व्हिटनी कनाडा के वैश्विक स्तर पर सेवारत 68,000 इंजनों के लिए ग्राहक सेवा और परिचालन सहायता को बढ़ावा देगी। इसमें कहा गया, इस सुविधा में 150 से अधिक एयरोस्पेस विशेषज्ञ तथा इंजीनियर कार्यरत होंगे।

### ग्राम उन्नति, कोका-कोला इंडिया में साझेदारी



**नई दिल्ली।** कृषि क्षेत्र से जुड़ी मूल्य श्रृंखला सेवा कंपनी ग्राम उन्नति ने कर्नाटक में आम की पैदावार बढ़ाने और किसानों की आय में सुधार लाने के लिए एक परियोजना शुरू करने को कोका-कोला इंडिया से साझेदारी की है। कर्नाटक में अल्फांसो और तोतापुरी किस्म के आम पर ध्यान केंद्रित करते हुए पर्यावरण अनुकूल खेती की पहल में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

### देश का तेल खली निर्यात जून में बढ़ा



**नई दिल्ली।** सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

### एशियन पेंट्स का लाभ 24.64 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स लिमिटेड का जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 24.64 प्रतिशत घटकर 1,186.79 करोड़ रुपए रह गया है। भीषण गर्मी और आम चुनाव के कारण मांग में कमी से कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,574.84 करोड़ रुपये रहा था।

### सनोफी हैदराबाद जीसीसी में करेगी 3,600 करोड़ का निवेश



**हैदराबाद।** सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को यहां अपने वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के विस्तार की घोषणा की। कंपनी की इसमें अगले छह साल में 40 करोड़ यूरो यानी करीब 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। इसमें से 10 करोड़ यूरो अगले साल तक डाले जाएंगे। परिचालन मैडेलीन रोच ने यहां संवाददाताओं से कहा कि अगले दो वर्षों में इस जीसीसी का विस्तार लगभग 2,600 कर्मचारियों तक हो जाएगा, जिससे यह सनोफी के चार वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा हो जाएगा।

# एलआईसी का शेयर एक साल में 79 प्रतिशत तक उछला, एसबीआई को भी फायदा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को शेयर बाजार में प्रदर्शन के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका रही है।

भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर बीते एक साल में करीब 79 प्रतिशत तक उछल चुका है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपए पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपए के भाव पर बंद हुआ।

## ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका

### बीमा कंपनियों की कमाई का तरीका

बीमा कंपनियां दो तरीकों से पैसा कमाती हैं। पॉलिसियों के लिए प्रीमियम और फिर उस प्रीमियम को परिसंपत्तियों में निवेश कर वे कमाई करती हैं। यह दूसरा तरीका ही उनके मुनाफे में बड़ा अंतर पैदा करता है, जिससे मूल्य सृजन और जोखिम प्रबंधन पर असर पड़ता है। हालांकि, पूंजी बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अधिकांश भारतीय बीमा कंपनियों ने अभी तक देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में उभार का उतना लाभ नहीं उठाया है।




### एसबीआई में 48 प्रतिशत की तेजी

ढांचागत क्षेत्र में ज्यादा निवेश करने वाले भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में भी बीते एक साल में 48 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में इस दौरान नकारात्मक तीन प्रतिशत से लेकर 24 प्रतिशत तक की ही तेजी आई है। ढांचागत क्षेत्र में नगण्य निवेश करने वाले कोटक और एचडीएफसी बैंक सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके शेयरों ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 18 जून, 2023 को 1,895 रुपये पर था और मंगलवार को यह 1,805.20 रुपये पर बंद हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक मंगलवार को बीएसई पर 1,619.20 रुपये पर बंद हुआ, जो एक साल पहले 1,679 रुपये पर था।

### 12 प्रतिशत दिया रिटर्न

एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। एक साल पहले एचडीएफसी लाइफ का शेयर बीएसई पर 666.55 रुपए पर था लेकिन मंगलवार को यह 646.55 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। हालांकि, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का शेयर इस दौरान 12 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इसका शेयर 16 जुलाई को 654.10 पर था जबकि 18 जुलाई, 2023 को इसका भाव 582 रुपये था।

### निवेश के क्षेत्र

घरेलू बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है। लेकिन हाल के दिनों में इन सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उनके निवेश का सिर्फ आठ से 10 प्रतिशत ही बुनियादी ढांचा क्षेत्र में है जो वैश्विक मानकों की तुलना में बहुत कम है।

## फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड ने दी जानकारी

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां लेने वाला कोई नहीं

### 40 गुना अधिक नौकरियां

*मिश्रा ने कहा, 'बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं।'*

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि लगभग 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यहां कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी अगले पांच साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां करीब 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा, 'केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।'




### गिफ्ट सिटी में वृद्धि की उम्मीद

मिश्रा ने कहा, 'हम गिफ्ट सिटी में काफी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रतिभा की कमी है। आज बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र की लगभग 628 कंपनियों के कार्यालय गिफ्ट सिटी में हैं। उन्होंने कहा, "अगले पांच साल में वहां लगभग 1.5 लाख लोगों की जरूरत होगी। ये नौकरियां ज्यादातर वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में होंगी। इससे प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की काफी मांग होगी।'



### 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर

एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है। मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में, भारत में 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर हैं जबकि पूरी दुनिया भर में इनकी संख्या 2.23 लाख है। भारत में 2030 तक लगभग 10,000 सीएफपी होंगे जबकि मांग के कारण जरूरत 1,00,000 की होगी। भारत में व्यक्तिगत वित्त को नजरअंदाज किया गया। लोगों ने सोचा कि वित्तीय नियोजन बड़े लोगों के लिए है। लेकिन, वास्तव में, धन प्रबंधन बड़े लोगों के लिए है जबकि वित्तीय योजना सभी के लिए है। हमें वित्तीय रूप से शिक्षित होने की जरूरत है।'

- 46.86 लाख नौकरियां सृजित, 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं
- नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें

### क्षमता निर्माण की पहल

मिश्रा ने घोषणा की कि एफपीएसबी इंडिया और भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद ने मंगलवार को वित्तीय नियोजन और निवेश सलाहकार सेवाओं में पेशेवरों के लिए लक्षित क्षमता निर्माण पहल की एक श्रृंखला शुरू करने के लिए रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इसके तहत आईआईएमए और एफपीएसबी इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेंगे, व्यावहारिक अनुसंधान करेंगे और समसामयिक विषयों पर पेशेवरों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करेंगे।

# टाटा पावर 2025 में 20 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा पावर ने वित्त वर्ष 2025 में पूंजीगत व्यय के लिए 20,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को बताया कि पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने के लिए होगा। यह वित्त वर्ष 2024 में निवेश किए गए 12,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है।

कंपनी इसका उपयोग अपनी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को गति देने और ट्रांसतिशन सहित डिस्ट्रब्यूशन कारोबार पर खर्च करेगी। टाटा समूह के मुखिया एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी।




- छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी

### पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य

चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा पावर मौजूदा और निर्माणाधीन परियोजनाओं के जरिए दो से पांच साल में 15 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह क्षमता इस समय नौ गीगावाट की है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य वितरण कारोबार के विस्तार के जरिये पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का है, कंपनी के उपभोक्ताओं की मौजूदा संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है।

### औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा देने पर जोर

चंद्रशेखरन के अनुसार कंपनी विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। जिसमें 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा दी जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की हरित ऊर्जा के क्षेत्र बदलाव का नेतृत्व करने के लिए कंपनी अच्छी स्थिति में है। चंद्रशेखरन ने बताया कि कंपनी रूफटॉप सोलर मे तेजी विस्तार कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के साथ हम बाजार में अपनी हिस्सेदारी भी बढ़ा रहे हैं।

# आवास, वाणिज्यिक संपत्ति कारोबार का विस्तार करेगी डीएलएफ : सिंह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं के विकास के लिए अपने कारोबार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी वृद्धि के अवसरों का लाभ उठाने के लिए मुंबई और गोवा जैसे नए बाजारों में उतरने जा रही है। सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए संदेश में कहा कि कंपनी आगे भी कॉरपोरेट प्रशासन, परिचालन उत्कृष्टता और कंपनी के संस्थापकों के मूल्य को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। इसी विश्वास के साथ हम मुंबई और गोवा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि कंपनी दिल्ली-एनसीआर में नई परियोजनाएं शुरू करना जारी रखे हुए है।



- हमारे उत्पादों के प्रति बाजार की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही

## बीते साल स्थिर रहा देश का चाय निर्यात



**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलोग्राम का हुआ था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात वर्ष 2019 के 5.4 करोड़ किलोग्राम की तुलना में 2023 में लगभग 51.6 लाख किलोग्राम तक गिर गया था।

# एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान सात प्रतिशत पर रखा बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है।

आईएमएफ ने अप्रैल में इसके अप्रैल 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

### कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

रिपोर्ट में कहा गया, 'वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा।' विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

# आयकर में बदलाव की उम्मीद, विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार का तीसरा बजट होगा। इसी के साथ निर्मला सीतारमण के लिए यह लगातार पेश किए जाने के क्रम में उनका 7वीं बार का बजट होगा। अपकमिंग बजट सरकार के विजन और सुधार एजेंडे को लेकर खास होगा। ब्रोकरेज नोमुरा ने इस बजट को आकार देने के लिए पांच थीम को हाइलाइट किया है। नोमुरा के विश्लेषक सोनल वर्मा और ऑरोदीप नंदी का अनुमान है कि सरकार वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को जीडीपी के 5.1% से घटाकर 5% कर देगी। यह एडजस्टमेंट कमजोर राजनीतिक जनादेश के बावजूद राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प का संकेत देगा।

- बजट 2024




### आयकर में कमी की संभावना

उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के लिए, सरकार नई कर व्यवस्था के तहत करदाताओं के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट को बढ़ाने पर विचार कर सकती है। जो बिना छूट के कम दरें प्रदान करती है। बैंक ब्याज से प्राप्त आय के लिए छूट सीमा में भी वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, 5 लाख रुपये से 15 लाख रुपये के बीच की आय वाले व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत आयकर दरों में कमी की संभावना है।

### विनिर्माण को बढ़ावा देना

नोमुरा का अनुमान है कि सरकार घरेलू विनिर्माण को लेकर इस बजट में कुछ नए बदलाव पेश कर सकती है। इसमें सार्वजनिक खरीद के लिए न्यूनतम स्थानीय सामग्री की आवश्यकता को बढ़ाना, नई विनिर्माण सुविधाओं के लिए 15% रियायती कॉर्पोरेट कर दर को बहाल करना शामिल हो सकता है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स वैश्विक मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करने पर 2019 की नीति में संसोधन किया जा सकता है। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को इलेक्ट्रॉनिक घटकों तक भी विस्तारित किए जाने की उम्मीद है।

- नॉर्टन अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली और भारत पर शुरुआती ध्यान केंद्रित करते हुए अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही

# तीन साल में छह मॉडल पेश करेगी टीवीएस की नॉर्टन मोटरसाइकिल्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टीवीएस मोटर की इकाई नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने बुधवार को कहा कि उसकी अगले तीन साल में छह नए मॉडल उतारने की योजना है और वह भारत के अलावा अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस एवं इटली में बिक्री साझेदारों की मदद से अपना विस्तार करना चाहती है। टीवीएस मोटर ने नॉर्टन मोटरसाइकिल्स के लिए नए उत्पादों के शोध एवं विकास, गुणवत्ता इंजीनियरिंग और उत्पादन में 20 करोड़ पाउंड का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। ब्रिटिश मोटरसाइकिल विनिर्माता नॉर्टन ने बयान में कहा कि अगले साल से नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई जा रही है। कंपनी की अगले तीन साल में छह नए मॉडल लाने की योजना है। बयान के मुताबिक, नॉर्टन अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली और भारत पर शुरुआती ध्यान केंद्रित करते हुए अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। टीवीएस मोटर कंपनी के प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने कहा, 'नॉर्टन ब्रांड को लेकर हमारा दृष्टिकोण, प्रतिबद्धता और निवेश एक रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहा है। हम इसे दुनियाभर के मोटरसाइकिल चालकों के साथ साझा करने को उत्सुक हैं।'

## निवेशकों के लिए निवेश के नए विकल्प तैयार करने पर विचार

# सेबी का नया प्रस्ताव लाभ कमाने का देगा मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के उच्च जोखिम लेने वाले निवेशकों के लिए निवेश का नया उत्पाद पेश करने का प्रस्ताव उन्हें पेशेवरों के जरिए प्रबंधित वायदा एवं विकल्प बाजार से लाभ लेने का मौका देगा। साथ ही उन्हें 'लांग और शॉर्ट इक्विटी' कोष, 'रिवर्स ईटीएफ' आदि जैसी रणनीतियों के नए विकल्प तक पहुंच प्राप्त करने का मौका दे सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

बाजार नियामक 10 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के बीच निवेश योग्य कोष वाले निवेशकों के लिए निवेश के नए विकल्प तैयार करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं के बीच अंतर को पाटना है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राधिका गुप्ता ने कहा, 'भारत आखिरकार विभिन्न निवेश उत्पादों के लिए खुल रहा है। यह 'इनवर्स ईटीएफ' जैसी रणनीति अपनाकर लाभ कमाने का मौका दे सकता है। यानी निवेश का अब कोई एक रास्ता नहीं है।' संबंधित 'बेंचमार्क' के मूल्य में गिरावट से लाभ के लिए विभिन्न डेरिवेटिव का उपयोग करके बनाया जाता है। नियामक ने अपने परामर्श पत्र में कहा कि नया परिसंपत्ति वर्ग निवेशकों की उभरती श्रेणी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एसआईपी, उच्च जोखिम लेने की क्षमता जैसी सुविधाओं के साथ एक विनियमित उत्पाद प्रदान करेगा।



- 10 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के बीच निवेश योग्य कोष वाले निवेशकों के लिए निवेश के नए विकल्प तैयार करने पर विचार कर रहा

### न्यूनतम 10 लाख रुपए के निवेश का सुझाव

सेबी ने नये परिसंपत्ति वर्ग के लिए न्यूनतम 10 लाख रुपए के निवेश का सुझाव दिया है। इसमें केवल जोखिम से बचाव और पुनर्संतुलन से परे उद्देश्यों के लिए वायदा एवं विकल्प में निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है। यह कदम 10 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के बीच निवेश योग्य कोष वाले निवेशकों को आकर्षित करेगा, जो अनधिकृत और गैर-पंजीकृत पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा प्रदाताओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एक पौधा माँ के नाम के तहत किया पौधारोपण

**ढीमरखेड़ा।** मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों को पौधों की सुरक्षा के प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।जिला समन्वयक ने कहा कि पौधें कम लगाएं लेकिन प्रत्येक पौधा सुरक्षित हो, इसका ख्याल रखना चाहिए। उमरियापान महाविद्यालय पहुँचे जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने सीएमसीएलडीपी की आयोजन परीक्षा का जायजा लिया। छात्रों से परीक्षा को लेकर चर्चा किया। इसके अलावा जिला समन्वयक ने परामर्शदाताओं से बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश को लेकर जानकारी ली। समय पर छात्रों के पंजीयन और प्रवेश कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह भी मौजूद रही।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम इटौली निवासी राकेश दुबे पिता रामदास दुबे 32 रविवार को शाम 6:30 बजे मोटर साइकिल से अपने किसी कार्य से सिहोरा की ओर जा रहे थे तभी मंझगवा थाना अंतर्गत खिरहनी पुल में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। राहगीरों द्वारा जिसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। मौके पर मंझगवा थाना पुलिस पहुंचकर मृत्यु की पुष्टि की गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पोस्टमार्टम उपरांत मृतक राकेश दुबे का उनके निज ग्राम इटौली में अंतिम संस्कार किया गया।

### पर्व में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश

**कटनी।** मोहर्रम पर्व की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु सीईओ ज़िला पंचायत एवं प्रभारी नगर निगम आयुक्त शिशिर गेमावत द्वारा गूगल मीट के माध्यम से नगर निगम,पुलिस,विद्युत अन्य सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई ।उक्त समीक्षा के दौरान श्री गेमावत ने मुहर्रम पर्व की सभी व्यवस्थाओं जैसे जुलूस मार्ग में गड्ढों की मरम्मत,प्रकाश व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था,साफ़-सफाई व्यवस्था,हांका गैंग,अतिक्रमण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी सभी प्रभारियों से लेते हुए सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख सौंपे हुए दायित्वों का पालन करते हुए मुहर्रम पर्व की सभी समुचित व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर शांति के साथ संपन्न करवायेंगे इस दौरान सभी आपस में सामंजस्य बनाते हुए कार्य करेंगे एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था एवं आसमंजस्य की स्थिति निर्मित होने पर मुझे अवगत कराएँगे।समुचित व्यवस्थाओं हेतु अन्य विभागों को नगर निगम से जो भी अपेक्षित सहयोग चाहिए होगा उस पर भी नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदाय किया जावेगा।उक्त व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अप्रिय घटना ना हो इसका सभी विशेष ध्यान रखेंगे।समीक्षा के दौरान नगर निगम सहित सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखे पुलिस रही अलर्ट

**कटनी।** मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा पुलिस बल की ब्रिफिंग देर रात कोतवाली थाना परिसर में की गई। पुलिस के द्वारा मोहर्रम के दौरान सीसीटीवी कैमरों तथा वीडियो कैमरों के माध्यम से शहर में हो रही हर गतिविधि पर निगाह रखी गई। पुलिस की टेक्निकल टीम सोशल मीडिया पर निगरानी रही। आपत्तिजनक पोस्ट करने, फॉरवर्ड, लाइक करने वाले तत्वों पर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने दिए हैं। पर्व को देखते हुए जिले भर में पुलिस के फिक्स पिकेट्स लगाए गए है। सभी थाना क्षेत्रों, पुलिस की मोबाइल एवं बाइक पार्टी सतत पेट्रोलिंग करते हुए व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।

## 117 करोड़ 89 लाख 78 हजार रूपए राजस्व आय एवं 107 करोड़ 83 लाख 66280 रूपए व्यय अनुमानित

# नगर निगम में महापौर ने पेश किया लाभ का बजट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम में सम्मिलन की बैठक में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बजट पेश किया। नगरपालिक निगम कटनी का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट लेखा नियमावली के आधार पर तैयार किया गया है। निगम की आय एवं व्यय को प्रमुख रूप से चार भागों में विभक्त किया गया है (01) राजस्व आय (02) राजस्व व्यय ( 3 ) पूंजीगत प्राप्ति ( 4 ) पूंजीगत व्यय बजट में राजस्व आय रुपये 117 करोड़ 89 लाख 78000 रूपए अनुमानित है एवं राजस्व व्यय 107 करोड़ 83 लाख 66280 रूपए अनुमानित है इस प्रकार राजस्व व्यय पर आय का अधिक्य (राजस्व बचत) 10 करोड़ 6 लाख 11720 रूपए एवं पूंजीगत प्राप्तियों रुपये 460 करोड़ 64 लाख 22000 रूपए होने का अनुमान है जबकि पूंजीगत व्यय 470 करोड़ 66 लाख 37000 रूपए होने का अनुमान है इस प्रकार आय पर व्यय का अधिक्य (पूंजीगत घाटा) 10 करोड़ 2 लाख 15000 रूपए होने का अनुमान है । इसी प्रकार कुल राजस्व पूंजीगत प्राप्ति राशि 578 करोड़ 54 लाख एवं राजस्व एवं पूंजीगत व्यय राशि रुपये 578 करोड़ 50 लाख 3280 रूपए अनुमानित है । कुल व्ययों पर आय का अधिक्य 3 लाख 96 हजार 720 रूपए लाभ का बजट तैयार किया गया है ।

### पर्यावरण एवं हरियाली के लिए भी बजट में प्रावधान

पूर्व बर्ष की भांति नगरीय निकाय स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाये जाने हेतु राशि रूपए बीस लाख का प्रावधान किया गया है। शहर में हरियाली वृधि,एवं वायु गुणवत्ता सुधार हेतु बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा उक्त कार्य हेतु बजट में राशि रुपये तीस लाख का प्रावधान किया गया है।

### सड़कें, पुल, सीवरेज, जलप्रदाय व्यवस्था

शासन से विकास कार्यों हेतु प्राप्त अनुदान जैसे मूलभूत सुविधा, राज्यवित्त आयोग, 15 वे वित्त आयोग,सड़क मरम्मत अनुरक्षण, एस.डी आर एफ.एवं अन्य मदों से डामरीकरण, सीमेंट क्रांकीट रोड, पेवर ब्लाक, भूमिगत नाला-नाली एवं पुल पुलिया निर्माण विकास के लिए राशि छत्तीस करोड़ पचत्तर लाख तथा पाइप लाइन सामग्री क्रय करने व सेम्पवेल निर्माण के लिए के लिए आठ करोड़ अस्सी लाख का प्रावधान किया गया है । भारत सरकार की योजना अमृत 2.0 अंतर्गत राशि पचास करोड़ तथा अमृत योजनातर्गत शहरी ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट हेतु राशि रूपये तीन करोड़ प्रस्तावित है ।राज्य सरकार की कायाकल्प योजना में राशि सात करोड़ रुपये एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण हेतु राशि रुपये छह करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

### खेल कूद प्रतियोगिता के लिए 43 लाख का प्रावधान

खेलों को बढ़ावा देने विभिन्न प्रकार के खेल आयोजन जैसे अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट, महापौर क्रिकेट चेलेंज कप,अखिल भारतीय बेडमिन्टन, अखिल भारतीय कुस्ती, फूटबाल, बालीवाल, कबड्डी अदि प्रतियोगिता आयोजन इवं पुरूस्कार वितरण हेतु 43 लाख का प्रावधान किया गया है । पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंग कटाये घाट मेला एवं प्रदर्शनी आयोजन हेतु राशि रुपये बीस लाख का प्रावधान किया गया है ।

### नाम बदलने रखा प्रस्ताव

मिशन चौक का नाम बदलकर अटल चौक का प्रस्ताव परिषद के समक्ष रखती हूं। मिशन चौक से लेकर पूरा पीरबाबा तक अटल मार्ग के नाम से जाना जाए। कटनी नदी से पन्ना मोड़ तिराहा तक अंबेडकर मार्ग से जाना जाए ।

### शहर का चहुंमुखी विकास ही एकमात्र मेरा ध्येय : महापौर

ट्रांसपोर्ट नगर की सुविधाएँ अधूरी रहीं वो आज की तारीख़ में नगर निगम के माध्यम से वो सारी सुविधाएँ पूर्ण करा दी गई हैं जो ट्रांस्पोर्टों के लिए आवश्यक है अब देर है केवल उन्हें वहाँ शिफ्ट करने की तो उसके लिए लगातार जिला प्रशासन से चर्चा कर विधिवत कार्यवाही नगर निगम के माध्यम से जारी है, मैं इस सदन में एक और बात कहना चाहूँगी कुछ दिन पूर्व में बिना कोई व्यवस्था बनाए हमारे छोटे गरीब कबाड़ व्यापारी भाइयों की दुकान पर ताला लगा दिया गया मैं इस सदन में उन गरीब भाइयों के लिए इतना कहना चाहूँगी की पहले हम व्यवस्था बनाएँ उसके बाद जिला प्रशासन उन्हें वो स्थान में भेजें जिसके लिए मैं सदन के सदस्यों से भी उनकी राय चाहूँगी क्योंकि वे रोज़ कमाने खाने वाले भाई हैं कई महिलाएँ भी हैं जो ये कार्य करती हैं जिनके बारे में हमे सोचना होगा कि व्यवस्था देने बाद ही हमे इन्हें शहर से बाहर शिफ्ट करना चाहिए। ससाथ ही भविष्य में शहर में एक मल्टीलेवलपार्किंग भी मेरे विचार में है जिस पर हम आगे के वर्ष में कार्य करेंगे । शहर के समस्त वार्डों में भी मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी । आगे भी नहीं छोडूंगी ।

### इन विकास कार्यों के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से प्रयास

कटनी के मुख्य चौराहों के सौंदर्यीकरण कटनी सेंड स्टोन की तर्ज पर अशोक स्तंभ जय स्तंभ जैसे स्मारक विकास किए जाने हेतु भी मेरे प्रयास है ।

कटनी में बच्चो के मनोरंजन के लिए और आम नागरिकों के लिए भविष्य में स्नो पार्क की स्थापना करने के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से प्रयासरत हूँ । कटनी में एक सैनिक पार्क एव म्यूजियम की स्थापना जिसमे भारतीय सेना के इतिहास के बारे में कटनी के सभी छात्रों को वीर गाथा से अवगत कराया जायेगा इसके लिए भी प्रयासरत हूँ ।

महापौर ने कहा कि नगर निगम कटनी से निकलने वाली सभी प्लास्टिक वेस्टेज से ईधन बनाने के कार्य को भी वास्तविक रूप देने के लिए प्रयासरत हूँ जो कटनी के इतिहास के लिए बहुत बड़ा कदम रहेगा एवं हमारी पूरी परिषद् के लिए भी अनोखी उपलब्धि रहेगी ।

### महानगर बनाने का संकल्प, चरणबद्ध तरीक से आगे बढ़ाना होगा

कटनी को महानगर बनाने का संकल्प भी है लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना होगा । नगर निगम ने पिछले 2 वर्षों में ऐतिहासिक स्थान पाया है कलेक्ट्रेट के सामने लगभग 3.00 करोड़ (तीन करोड़) की राशि से ऐतिहासिक सुंदर मार्केट बनाया गया साथ ही चौपटी का नवीनीकरण कराने का कार्य भी जारी है जो की लगभग 2.5 करोड़ (ढाई करोड़) की लागत का कार्य है जो वर्तमान में प्रगति पर है । हमारे शहर ने स्वच्छता रैंकिंग में 36 वा स्थान एवं प्रदेश में 8 वा स्थान प्राप्त किया जिसमें दो फूल माला गाड़ी को भी चालू किया गया जो कि पहले जितने भी धार्मिक स्थानों से निकालने वाली सारी सामग्री जैसे फूल माला धूप अगरबत्ती आदि जैसे धार्मिक भावनाओं की पूजा सामग्रियों को या तो रोड में फ़ेंक दिया जाता था या तो उन्हें नदियों में डाल दिया जाता था उससे सड़कों में फेकनें से धार्मिक भावना और हमारी संस्कृति को भी ठेस पहुँचती थी और नदियों में जाने से हमारी नदियाँ भी दूषित होती थीं जिनके लिए हमने ये गाड़ी चालू की जो हर मंदिर में पहुँचकर इसे एकत्रित कर विधिवत रूप से कुंड बनाकर उसमे विसर्जित होती हैं इससे हमारी नदियों की साफ़ सफ़ाई और दूषित होने से बचाने का हमारा प्रायस रहा जो सफल रूप से शहर में चल रहा है । भविष्य में दो और फूल माला गाड़ी भी प्रारम्भ करने का लक्षय है । साथ ही ऐतिहासिक रूप से कई वर्षों बाद हमारे कार्यकाल में कटायघाट नदी को जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान व कटनी की गंगा कहके संबोधित किया और गंगा आरती के रूप में उसकी पूजा अर्चना की गई । साथ ही कटाएघाट में रिवर सस्पेंशन केबल ब्रिज का भी कार्य प्रस्तावित है जो ऐतिहासिक होगा । मोहन घाट और मसुरहा घाट का कार्य भी प्रस्तावित है जिसका टेंडर भी किया जा चुका है।

### शहर में कराये जाने है ये विकास कार्य

1- पर्यावरण विकास अंतर्गत कटायेघाट में रिवर फ्रंट विकास योजाना राशि रुपये छः करोड़ का प्रावधान किया गया है स्थल पर कार्य प्रारंभ है।

2- मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास अंतर्गत झिन्जरी में बस स्टैंड निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है निर्माण कार्य प्रगति पर है

3- शहरी मलीन बस्ती में विकास कार्य हेतु पांच करोड़ का प्रावधान किया गया है

4- चौपाटी स्थल में पार्किंग विकास एवं नवीनीकरण कार्य हेतु राशि रुपये तीन करोड़ प्रावधानित किया गया है निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

5- जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण हेतु तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है

6- कायाकल्प योजना 1.0 एवं 2.0 में बारह करोड़ के कार्य कराये जा रहे हैं।

7- नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु शासन से अनुदान प्राप्त होने पर पांच करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

8- शासन से विशिट अनुदान प्राप्त होने पर पीर बाबा तक सड़क उनयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु पच्चीस करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

9- शासन आदेश के तहत नगरीय सीमा क्षेत्र में कॉलोनीयों में अधोसंरचना विकास अंतर्गत विधुतिरण हेतु शासन से राशि पचास करोड़ की मांग कीगई है एवं वर्तमान में राशि दस करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

10- कटनी नगर की पेयजल व्यवस्था सुधार हेतु अमृत 2.0 अंतर्गत वाटर सप्लाय प्रोजेक्ट के कार्य राशि रुपये पचास करोड़ से किया जाना है उक्त कार्य को जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित कराया गया है इस कार्य के होने से आम जनता को पेयजल समस्या से निदान मिलेगा इस प्रोजेक्ट मियन वेराज निर्माण कार्य पानी टंकी निर्माण WTP के माध्यम से हर घर में पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है इस परिषद् के कर्य काल में इस बार की भीषण गर्मी में सप्ताह में सातों दिन कोई कटोती किये बिना पेयजल उपलब्ध कराया गया है यह हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है ।

11- हमारे द्वारा कटाये घाट को पर्यटन स्थल बनाये जाने हेतु तीन करोड़ से सस्पेंसन केबल ब्रिज प्रस्तावित है ।

12- स्पेशल असिस्टेंस स्कीम के तहत माधवनगर से पन्ना तिराहा तक लगभग 3 किलोमीटर में सड़क विकास एवं उनयन कार्य हेतु राशि 22.00 करोड़ प्रस्तावित है ।

13- नगर निगाम कटनी द्वारा संचालित ए. रविन्द्र राव स्कूल के कक्षा 1 से 10 तक mp board English medium school कोएजुकेशन के रूप में प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है साथ ही के सी एस स्कूल में भारत निर्माण कोचिंग का जो संचालन हो रहा है उसमे छात्रों की बढती संख्या को देखते हुये उन्हें सुबिधाये मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से ऊपर हॉल में रेनोवेसन का कार्य कराया जा रहा है ।

14- प्रियदर्शनी बस स्टैंड के सामने डॉ बीम राव आंबेडकर जी एवं दुर्गा चौक खिरहनी के पास साबित्री बाई फुले जी की प्रतिमा स्थापित कराये जाने एवं शहर के मुख्य चौराहे का सौन्दरिये करण कराया जाना प्रस्तावित है ।

15- कटनी रेलवे स्टेशन से मिशन चौक तक अंडर ग्राउंड विधुत व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण कराया जाना प्रस्तावित है।

---

वनों के महत्व की दी जानकारी, विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल करने किया प्रेरित

## शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में कुंडम प्रोजेक्ट की डीएफओ ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, कुंडम परियोजना मंडल, जबलपुर मध्य प्रदेश शासन, की डी.एफ.ओ. श्रीमती सीमा द्विवेदी (भा.व.से.) व बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शासकीय महाविद्यालय बड़वारा महाविद्यालय परिसर मे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाबिद्यालय बड़वारा में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू (गुड्डु साहू), हर्ष द्विवेदी, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी तिमरेश इवने, सहायक परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एस.के.गर्ग, शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी लवकुश सिंह एवं समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डीएफओ श्रीमती सीमा द्विवेदी के द्वारा वनों एवं वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधीकरण कॉलेज में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूकता वन वन्य प्राणी बढ़ाने हेतु किया गया तथा छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल करने के लिए विशेष प्रेरित किया गया। जहां पर छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणों ने उत्साह से पेड़ों को बचाने आश्वासन दिया गया।

---

कलेक्टर ने की स्थानीय समाधान की सुनवाई

## राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मंगलवार को दोपहर 12 बजे आयोजित जनसुनवाई एवं स्थानीय समाधान की सुनवाई की गई। इस दौरान रैडमली 200 शिकायतों का चयन किया जाकर 60 शिकायतें संतुष्टिपूर्ण बंद पाये जानें तथा 140 शिकायतें लंबित होनें पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्टर कटनी द्वारा समीक्षा की गई।

लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत दासई राम की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की लंबित शिकायत में अवगत काराया गया कि तहसील स्तर से रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसपर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सुनवाई की जाकर शासन स्तर से अनुमोदन की प्रकिया पूर्ण होने उपरांत आवेदक को योजना की राशि प्रदाय किये जाने के निर्देश तहसीलदार ढीमरखेडा को दिये गये। राजस्व विभाग की एक अन्य सौरभ असाटी की नामांतरण संबंधी लंबित शिकायत में बताया गया कि नामांतरण संबंधी कोई भी आवेदन तहसील कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिसपर कलेक्टर द्वारा शासन नियमानुसार निराकरण कराये जाने के निर्देश तहसीलदार स्लीमनाबाद को दिये गये। जबकि राजस्व विभाग के अन्य प्रकरण में मुकेश (सुरेन्द्र) की लंबित शिकायत में सुनवाई उपरांत आवेदक को अपील में आवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिला अस्पताल अंतर्गत दशरथ की प्रसूति सहायता की राशि के भुगतान संबंधित लंबित शिकायत में आवेदक के खाते में सुधार की कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखे जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये गये। महिला एवं बाल विकास विकास के तहत साधना बर्मन की लंबित शिकायत में आवेदिका को लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं होनें के संबंध में समीक्षा के दौरान बताया गया कि शिकायत का समाधान में चयन होने उपरांत आवेदिका को योजना की राशि प्राप्त हो गई। भू अभिलेख शाखा अंतर्गत आकाश शर्मा की लंबित शिकायत में आवेदक को चाही गई नकल प्राप्त हो जाने से लंबित शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराये जाने के निर्देश अधीक्षक भू-अभिलेख कटनी को दिये गये।

---

महाभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

## राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में सभी राजस्व अधिकारियों को 18 जुलाई से शुरू हो रहे राजस्व महाभियान के दौरान नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में पहले से ही कलेक्टर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान अब तक 8 सौ से अधिक नामांतरण प्रकरण निराकृत भी किये जा चुकें हैं।

### 45 दिन चलेगा अभियान

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 18 जुलाई से आयोजित हो रहे राजस्व महाअभियान को लेकर राजस्व अधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश जारी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार चलाये जा रहे 45 दिन के इस महाअभियान में राजस्व न्यायालयों में दर्ज समय सीमा पार कर चुके प्रकरणों के निराकरण करने विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए हैं। श्री प्रसाद ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति देने पटवारियों के कामकाज की नियमित मॉनिटरिंग करने की हिदायत देते हुये अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का नियमित तौर पर निरीक्षण करने कहा है।

### कलेक्टर स्वयं करेंगे निरीक्षण, कमियों पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर ने निर्देश में कहा है कि वे खुद भी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे और जहां भी कमियां पाई जायेंगी संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा है कि राजस्व अधिकारियों को अपनी ज़िम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वाह करना होगा तथा समय पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर नागरिकों का विश्वास जीतना होगा। श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व महाअभियान में जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें सम्मानित किया जायेगा। जिले में हाल ही में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य करने पर संबंधित एस डी एम , तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने उनके कार्यों की सराहना किया था।

### अमल में लाने के लिए मासांत तक पूर्ण कर लें कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाये जा रहे वर्ष के दूसरे राजस्व महा अभियान पर चर्चा करते हुये राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ राजस्व अभिलेख की त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने राजस्व महाअभियान में प्रत्येक प्रकरण को आरसीएमएस पर दर्ज करना सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी है।

कलेक्टश्र श्री प्रसाद ने आरसीएमएस में दर्ज नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का समय – सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व न्यायालयों से नामांतरण और बंटवारा के पारित हुये आदेशों को राजस्व अभिलेखों में अमल में लाने की कार्यवाही 31 जुलाई तक पूरी कर ली जाये।

कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में अभिलेखों की दुरुस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई-केवायसी और समग्र में खसरे की लिकिंग, पीएम किसान योजना का लाभ लेने से छूटे किसानों को योजना से जोड़ने, पीएम किसान योजना के पात्र किसानों की ई -केवायसी एवं लंबित आधार बैंक खातों को डीबीटी इनेबल करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये हैं।

### पटवारी रहें मुख्यालय पर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पटवारी मुख्यालय पर ही रहें, दक्षता के साथ कार्य करें। अभियान की हर दिन समीक्षा की जाए, साफ-सुथरा कार्य हो, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य अच्छा हो। स्वामित्व योजना का लाभ दिए जाना सुनिश्चित किया जाए। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार का पूरा प्रबंधन किया जाए।

---

## स्कूलों में शिक्षकों के आभाव से अध्यापन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों की अतिशीघ्र व्यवस्था करानें हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को लिखा पत्र । नवीन शैक्षणिक सत्र 01 जून 2024 से प्रारंभ हो चुका है, विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा चुका है, परंतु नगरीय सीमान्तर्गत विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की पूर्ति नही की गयी है। जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन में असुविधा हो रही है, साथ ही रिक्त पदों के विरुद्ध विषयवार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। जबकि म.प्र.शासन द्वारा पूर्व में ही अतिथी शिक्षक नियुक्ति किये जाने के आदेश प्रसारित किये जा चुके है। उपरोक्तानुसार, छात्रों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय सीमान्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाना अति आवश्यक है ।

मनुष्य के जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण समय उसका विद्यार्थी जीवन है,जहां से वह अपने और देश के स्वर्णिम भविष्य की नींव रखता है

निगमाध्यक्ष नें जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी की प्रंरभिक शिक्षा ही उसकी नींव है, जहा से विद्यार्थी अपनें स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होता है। शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के अभाव के चलते अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड रहा है । शिक्षकों की कमी होने पर विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु शासन द्वारा पूर्व में ही आदेश जरी किये गए है । छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए श्री पाठक नें जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर विषय की गंभीरता को समझते हुए अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग की है ।

### आत्म संयम के पर्व चातुर्मास की शुरुआत, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

# देवशयनी एकादशी...श्रीहरि भगवान विष्णु ने सौंपा भोलेनाथ को सृष्टि का का भार

हरिभूमि, जबलपुर



बुधवार 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी में देवता विश्राम करेंगे। इसके बाद देवउठनी ग्यारस तक कोई भी शुभ कार्य नहीं हो सकेंगे। सोमवार 15 जुलाई को नमे भड़रिया पर विवाह समारोहों की धूम रही। विवाह मुहूर्त का कल अंतिम दिन होने के कारण इस सीजन के तमाम विवाह निपट गये। अब 4 माह बाद ही शुभ मुहूर्त प्रारंभ हेने पर विवाह शुरू होंगे। आज से 4 माह तक अब शहनाई की गूंज नहीं सुनाई देगी। ज्योतिष के जानकारों का कहना है कि देवउठनी ग्यारस 12 नवम्बर के बाद ही शुभ कार्य आरंभ हो सकेंगे। इस बार 12 नवम्बर से शादी-ब्याह के मुहूर्त प्रारंभ हो रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पी.एल. गौतमाचार्य के मुताबिक 17 जुलाई से 12 नवम्बर तक गुरु और शुक्र तारे अस्त रहेंगे। इन दोनों तारों के अस्त रहने के कारण विवाह व अन्य शुभ कार्य नहीं हो सकेंगे। तुला के वृश्चिक राशि में पहुंचने और गुरु-शुक्र तारों के उदित होने पर ही विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। उन्हेंने बताया कि 12 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक विवाह होंगे। इसके बाद मलमास शुरू होने के कारण मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी 2015 से 14 मार्च तक विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### चातुर्मास प्रारंभ

एकादशी पर इस बार सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि व बुधादित्य योग रहेगा। यह तीनों योग खरीदारी के लिए शुभ रहें। दिन से चातुर्मास प्रारंभ होगा। चातुर्मास में हवन, पूजन, कथा सत्संग होते रहेंगे। इन चातुर्मास में कथा प्रवचन कराने व श्रवण करने का कई गुना फल प्राप्त होता है। इन चार माह में शाकाहार का पालन करने वाले लोग विभिन्न शारीरिक कष्ट व्याधि से बचे रहेंगे।

इस बार अधिक मास नहीं

इस बार अधिक मास नहीं होने के कारण चातुर्मास के बाद आने वाले सभी त्योहार 11 दिन पहले आएंगे। इस बार 17 जुलाई से चातुर्मास शुरू होगा और 12 नवंबर तक रहेगा। इस बार पूरे 118 दिनों तक चातुर्मास रहेगा। इस दौरान शुभ विवाह मांगलिक कार्य निषिद्ध हैं।

### चातुर्मास में प्रमुख त्योहार

*चातुर्मास में कई प्रमुख त्योहार रहेंगे। इनमें देवशयनी एकादशी 17 जुलाई, गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई, हरियाली अमावस्या 4 अगस्त, नागपंचमी 9 अगस्त, रक्षाबंधन 19 अगस्त, जन्माष्टमी 26 अगस्त, हर तालिका तीज 6 सितंबर, नवरात्रि प्रारंभ 3 अक्टूबर, शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर, करवा चौथ 20 अक्टूबर, धनतेरस 30 अक्टूबर, दीपावली 1 नवंबर, भाई दूज तीन नवंबर एवं प्रबोधिनी एकादशी 12 नवंबर को मनाई जाएगी।*

## आनन्द का प्राकट्य ही श्री कृष्ण जन्म है : ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

जबलपुर।



गुरुपूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ सिविकसेण्टर मढाताल में श्रीमद्भागवत के चतुर्थ दिवस पर महाराज जी ने बताया कि भगवान् कहते हैं कि जो मेरे चरण पकड़ता है मैं उसका तो उद्धार करता ही हूँ परन्तु जो मेरे भक्त के चरण पकड़ लेता है मैं उसका भी उद्धार कर देता हूँ, यह बात गजेन्द्र मोक्ष के प्रसंग पर कहा, समुद्र मंथन प्रसंग पर समझाया कि भगवान् कहते हैं कि जो मेरे आश्रित रहते हैं उनके हाथ से गयी हुई वस्तु भी वापस आ जाती है। जिन्हें मुझ पर भरोसा नहीं उनके हाथ में आई हुई वस्तु भी चली जाती है, देवताओं को अमृत इसलिए प्राप्त हुआ क्योंकि उन्हें भगवान् पर विश्वास था। इसी क्रम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी महाराज ने बताया कि बलि को सर्वस्व प्रदान करने भगवान् ने वामन अवतार धारण किया। धर्म विग्रह के रूप में राम अवतार धारण किया तथा समस्त ब्रजवासियों को आनंद प्रदान करने भगवान् ने आनंद स्वरूप में श्री कृष्ण अवतार लिया अर्थात आनंद का प्राकट्य ही श्री कृष्ण जन्म है। डॉ आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा नीता पटेल श्याम नीता चौदहा महेश पुरुषवानी उषा कटारिया प्रीति साहू ऋषि अग्रवाल विवेक गुप्ता उपस्थित रहे।

## यादव समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर।



यादव समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की कंचु यादव के ऊपर जो आबकारी का प्रकरण दर्ज किया गया है उक्त प्रकरण के पंचनामे में थाना गोराबाजार द्वारा दो गवाह जो प्रस्तुत किये गये हैं, दोनों गवाह में शपथ पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया है उन गवाहों द्वारा कंचु यादव के निवास स्थान से किसी भी प्रकार की कोई शराब जप्ती से इंकार किया गया है, यादव समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाये एवं दोषी पाये जाने पर पुलिस अधिकारियों के ऊपर न्यायोचित कार्यावाही हो एवं तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। इस दौरान एडवोकेट काज कुमार याह, एडवोकेट शारदा यादव, एडवोकेट सपना यादव, भारत सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, शिव यादव, पवन यादव, शशांक यादव, सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकोशल महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने सांसद आशीष दुबे का किया अभिनंदन

जबलपुर।




महाकोशल महाविद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा सांसद आशीष दुबे को पगड़ी बंधन, शाल श्रीफल के साथ एक सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। आशीष दुबे ने कहा कि आज मैं सँस्कारधानी की इस पवित्र भूमि का सदैव ऋणी रहूँगा मैं आपके बीच आकर बहुत भावुक हो गया हूँ, मेरे पास शब्द नहीं हैं, आप सभी का स्नेह सहयोग कभी नहीं भूल सकता। मैं सांसद के रूप में नहीं आपका भाई आशीष ही हूँ और हमेशा आशीष रहूंगा। मेरा धर्म है कि आपकी अपेक्षाओं को पूरा करना, आप सभी का साथ, मार्गदर्शन, सहयोग चाहिए, जो भी कमी है उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा, पद आज है कल नहीं रहेगा परंतु सम्बन्ध हमेशा रहेंगे सम्बन्ध बने रहें ऐसा प्रयास जारी रखना होगा। प्राचार्य ए.सी. तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय के अनेक गौरवशाली छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस, अधिवक्ता सहित अनेक क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रहे हैं, हमें दो उपलब्धि एक साथ प्राप्त हुई एक सांसद आशीष दुबे के रूप के और दूसरी महाविद्यालय को पीएम श्री एक्सीलेंस की उपलब्धि प्राप्त हुई ये अत्यंत हर्ष का समय है। मेरा प्रयास रहेगा कि इस महाविद्यालय को प्रदेश के 55 पीएम श्री महाविद्यालय में महाकोशल प्रथम स्थान पर आए। इस अवसर पर अमित तिवारी बाबा, ज्योति प्रकाश दुबे, जय सचदेवा, राजेश दीक्षित, आनन्द शर्मा, गुड्डू जायसवाल, प्रशांत कौरव आदि उपस्थित रहे।

## नरेंद्र कुमार बने एनआईएस कोच, संघ ने दी बधाई

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि संस्कारधानी के नरेन्द्र कुमार ने अभी हाल ही में एनआईएस सर्टिफ़ाइड कोच की ट्रेनिंग वेटलिफ्टिंग में माह मई-जून 2024 में नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट ऑफ पटियाला से पूरी कर संस्कारधानी लौटे हैं, संस्कारधानी लौटने पर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव एस तन्देलु ने नरेन्द्र कुमार को शॉल और पुष्प गुच्छ के साथ ही स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## फल व छायादार वृक्षों के रोपे गए पौधे



**जबलपुर।** न्यू शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा 'एक पौधा माँ के नाम' की थीम के साथ ग्राम भटौली में पौधा रोपण किया गया, जिसमें नीम, आम, कटहल, अर्जुन, जामुन आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष हेमन्त सोलंकी द्वारा आग्रह किया गया कि हमें अपने घर में उपयोग करने के पश्चात निकली आम एवं जामुन की गुठलियों को शहर के समीप जंगलों में डालना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक पौधे विकसित हो सकें। इस अवसर पर हेमन्त सोलंकी, श्वेता मिश्रा, डॉ. सरकार, नीरज रजक, रश्मि सोलंकी, शिवानी जाटव, चिराग सोलंकी, सतीश गोस्वामी, हर्षल सोलंकी, संतोष बर्मन, अभिलाष तिवारी सहित अन्य का सहयोग रहा।

## कौशलपुर (कुकरभुका) कुंज बिहारी मंदिर में होगा गुरु पूजन

### गुरु महाराज का बनारस से होगा जबलपुर आगमन

जबलपुर।



गुरु महराज शिष्य मंडल समिति अध्यक्ष आशीष पटेल, कंधी लाल उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, शिशुपाल सिंह, राजकुमार सिंह, बृजेश पटेल, जगदीश यादव ने बताया है की श्री कुंज बिहारी मंदिर कौशलपुर (कुकरभुका) रौसरा पाटन जबलपुर में गुरु महराज गौलोकवासी कमलाकांत मिश्र की मूर्ति के समक्ष भागवताचार्य महाराज प्रमेश मिश्र का गुरु पूजन भक्तों द्वारा 21 जुलाई 2024 दिन रविवार को किया जाना है।

आयोजक कुंजबिहारी मंदिर समिति के अंकित यादव, मुन्ना गोंटिया, मनीराम पटेल, अटल उपाध्याय, मुकेश, नरेंद्र उपाध्याय, प्रहलाद उपाध्याय, श्रीमती अनुराधा, राजकुमार पटेल, मुन्ना पटेल, भीषम पटेल, सुमन उपाध्याय, कोदूलाल पटेल, सर्वेश पटेल, माया यादव, नन्हे चौधरी, अनिल पटेल, विद्या मिश्रा, भगवत सिंह, रस्मी यादव, सपना सिंह, दीपा प्रधान, ईश्वरदास पटेल, वंदना मिश्रा, सरिता पटेल, कन्छेदी पटेल, मन्नू पटेल, प्रदीप पटेल ने गुरु पूजन के लिए कुकरभुका कुंज बिहारी मंदिर गुरु पूर्णिमा में पूजन के लिए पहुंचने का आग्रह किया है।

## महंगाई के दौर में जले में नमक छिड़क रहे स्मार्ट मीटर

### लाड़ली बहनों को एक हाथ से दें, दूसरे हाथ से लूट रही सरकार

**जबलपुर।** भीषण महंगाई मे स्मार्ट मीटर आम गरीबों उपभोक्ताओं पर जले में नमक छिड़क रहे है। भीषण महंगाई के दौर में स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटरों में खपत ज्यादा बता रही है और बिल अनाप शनाप आ रहे है। जिससे गरीबों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा हैं। बिजली विभाग में बिजली फॉल्ट हो या, अधिक बिजली बिल का मामला या नए कनेक्शन के वितरण हो किसी भी मामलें में सुनवाई नहीं की जा रही हैं। इस पर कांग्रेस ने बड़ी आपत्ति जताई है।कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा ने कहा कि भीषण महंगाई के दौर में सरकार को आम जनता की हितों की ओर सोचना चाहिए। एक तरफ लाड़ली बहनों को 1250 रुपए दिए जा रहे तो दूसरे हाथ से 2 से 3 हजार रुपए छीने जा रहे है। सरकार की इस मंशा पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाय है कि सरकार और विद्युत विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटर के नाम पर भ्रष्टाचार कर रहे है। सरकार और अधिकारियों की जेबे भर रही है। कांग्रेस इस ज्यादती को बर्दाश्त नहीं करेगी। जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। श्री कोष्टा ने कहा कि मध्य प्रदेश विद्युत विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर नियम विरुद्ध लगाये जा रहे हैं जिसके कारण जिले की जनता 4 से 5 गुना बिजली का बिल इस भीषण महंगाई के दौर में ज्यादा बिजली का बिल देने के लिए मजबूर है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उपभोक्ताओं की आम शिकायत है कि लगाए गए स्मार्ट मीटर पुराने मीटर की तुलना में ज्यादा खपत बता रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। टीकाराम कोष्टा, राजेश पटेल, अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल सुरेन्द्र पटैल, मामूर गुड्डू डॉक्टर मोइन अंसारी लखन श्रीवास्तव अशोक चौधरी गोपी चौधरी राजा खान आदि ने कहा कि उपभोव्ताओं के द्वारा बढे हुए बिल को कम करने की फरियाद पर कोई सुनवाई नहीं हो रही और मनमाना बिजली का बिल जारी कर दिया जाता है एवं जमा नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया जाता है। इस मनमाने बिल से आम आदमी की कमर टूट रही है।



## कांग्रेसजनों ने पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे की 85वीं जयंती मनाई

**जबलपुर।** जन नेता विकास पुरूष पूर्व महापौर जनसेवी स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 85वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई, स्मरणीय महापुरूषों की श्रृंखला में कर्मयोगी विकास पुरूष निष्कलंक, निश्चल, निरभिमानी पं. विश्वनाथ दुबे का नाम सदा स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाता रहेगा। आज नगर निगम जवाहरलाल नेहरू उद्यान में सभी राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं फिनिक्स परिवार ने उनकी जयंती मनाई। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. पं. विश्वनाथ दुबे जैसे लोग राजनीति में बिरले ही होते हैं, जिन्होंने राजनीति निष्कलंक, निश्चल, निरभिमान व्यक्तित्व के रूप में की। वर्तमान युग में बरबस ही सोचना पड़ता है कि कैसे-कैसे अद्भुत कर्मयोगी देश के सार्वजनिक जीवन को गौरवांवित करने के लिए अवतरित हुए उनके जीवन के प्रसंग कर्मयोगी, आदर्श, सदाचार और उच्च विचार श्रृंखला के जैसे आज काल्पनिक लगने लगा है, इन्हीं सद्गुणों के कारण स्व. पं. विश्वनाथ दुबे का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में श्रीमती अंजली विश्वनाथ दुबे, सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया, गौरा दुबे कालिया, शेखर दुबे, शशांक दुबे, अमित शर्मा, राममूर्ति मिश्रा, विनय सक्सेना, सौरभ शर्मा, विजय कांडा, राजेन्द्र चैधरी, मुकेश राठौर, अमरीश, दीपक सिंह राजपूत, झल्लेलाल जैन, लक्ष्मी बेन, रामसिंह जाट, डॉ. पी.जी. नाजपाण्डेय, शिव यादव, देवेन्द्र सरीन, मोनू अग्रवाल, दुर्गेश पटेल, सतीष तिवारी, विजय रजक आदि राजनीतिक दलों के सदस्य और गणमान्य नागरिक और फिनिक्स परिवार उपस्थित था।

## महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष युवा रेल कर्मियों ने भरी हुंकार

# एनपीएस खात्मे को लेकर रेल मजदूर संघ की संकल्प यात्रा शुरू

जबलपुर।



एनपीएस रद्द करने एलडीसीई ओपन टू ऑल, नई भर्तियां केवल ट्रेकमेंटेनर्स में करने, हार्डशिप एलाउंस सभी को, 8वें वेतन आयोग का अविलंब कथन को लेकर 5 सूत्रीय संकल्प यात्रा का आगाज आज 16 जुलाई को वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक कार्यालय से जोरदार तरीके से किया। संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर महामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि सरकार ने एनपीएसयुवा रेल कर्मचारियों पर जबरन थोपी है। इस स्कीम को लागू कराने में कम्युनिस्ट विचार धारा के नेताओं का हाथ रहा, जो गुपचुप तरीके से एनपीएस के ट्रस्टी बने रहे। एनपीएस को रद्द होने तक अब संघ चैन से नहीं बैठेगा, अनवरत राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा। पमरे के मुख्यालय ,जबलपुर, कोटा, भोपाल मंडलों सीआर डब्ल्यूएस, डब्ल्यूकेएस कारखानो, इटारसी कटनी - तुगलकाबाद शैडो, प्रत्येक रेलवे स्टेशनो, कार्यालयो, डिपो समेत सभी स्थानों पर कार्यरत युवा रेल कर्मचारियों से युक्त पांच संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कराकर खुला पत्र रेल मंत्री भारत सरकार को सौप जाएगा और उक्त मांगे पूरी नहीं होने पर वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा। मंडल अध्यक्ष एस. एन. शुक्ला एवं मंडल सचिव डी. पी. अग्रवाल बॉबी धौलपुरी , संतोष त्रिवेणी ने कहा कि अब रेल कर्मियों के सब्र का बांध टूट गया है। अपनी मांगों को लेकर वे रेल मजदूर संघ के बैनर तले संघर्ष करने को बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन एस.आर. बावरी,एस.के. सिंह ने किया। संकल्प यात्रा के आगाज के साथ ही महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में रेल कर्मचारियो की 28 सूत्रीय मांगो को ज्ञापन पमरे महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपध्याय को सौंपा।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की वापसी आज

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सत्यनारायण मंदिर घमंडी चौक बड़ा फुहारा से भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा की वापसी शाम 4:00 बजे धूमधाम से जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक के लिए रवाना होगी। उपस्थिति की अपील ट्रस्टी ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, डॉक्टर शिव शंकर पटेल, राजकुमार साहू, तेज कुमार मोढ, बबन मिश्रा, देवेंद्र पुजारी, अशोक पोद्दार, मोहित तिवारी आदि ने की हैं।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH DEPENDENT**

I Indian Navy **No:163383-A, Rank:Ex Petty Officer (ME), Name: Umaraman Pratap Singh Thakur,** resident of 1728- Chhapar, Rampur, Jabalpur (MP) -482008. Do hereby solemnly affirm that in my Navy service records my wifes Name and Date of Birth is wrongly recorded as **Durga Singh** and Date of Birth(**DOB**) **31 March 1966.** As per all Civil documents her Correct Name is **Durga Singh Thakur** and **DOB is 31 March 1967**. And same way my Son Name is wrongly recorded as **Aryan Singh**. As per all civil documents his correct name is **Aryan Singh Thakur**. Both my wife and Sons correct name and wife DOB should be recorded in my service records as well as my Part-II-Order

**नाम सुधार सूचना**

मैं राकेश कुमार गुप्ता उम्र लगभग 46 वर्ष पिता श्री रवि शंकर गुप्ता पता : मकान नं 469/15A, जानकी नगर, स्वामी विवेकानंद वार्ड (जबलपुर (M.P.) 482002. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ : 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ । 2. यह कि मेरी जन्म तिथि 11/10/1977 प्रमाणित है । 3. यह कि मेरा आधार क्रमांक : 526853511693 है । 4. यह कि मैं अपना नाम राकेश गुप्ता अंग्रेज़ी में (RAKESH GUPTA) से बदल कर राकेश कुमार गुप्ता अंग्रेज़ी में (RAKESH KUMAR GUPTA) करवाना चाहता हूँ एवं नया नाम सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेज़ों में दर्ज करवाना चाहता हूँ । 5. यह कि भविष्य में मुझे राकेश कुमार गुप्ता अंग्रेज़ी में (RAKESH KUMAR GUPTA) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे एवं यही नाम लिखा व पढ़ा जावे। अत: नाम परिवर्तन के सत्यापन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

**रा.प्र.क्र./0444/अ-6/2024-2025**

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बृजेश कुमार पटेल पिता विहारीलाल पटेल निवासी 133 वाटर वर्क्स रोड टेमर जबलपुर द्वारा ग्राम भीटा प.ह.नं. 11 नं. ब. 132 ख.नं.134 रकबा 0.032 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र / वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 12/07/2024 को जारी ।

**जारी दिनॉक - 12/07/2024**

**पेशी दिनॉक - 26/07/2024**

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार रांझी एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी, जबलपुर**

# प्रतिष्ठित जीप रैंगलर अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ : ऋतिक रोशन

**नई दिल्ली।** दुनिया अभी भी प्रतिष्ठित जीप रैंगलर से मोहित है, जीप ने ऋतिक रोशन के साथ अपने नवीनतम अभियान के साथ एक बार फिर ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करने के महत्व पर प्रकाश डालता है, एक ऐसी गुणवत्ता जो भारत में लॉन्च होने के समय से ही अब तक कायम है। रितिक रोशन, जो अपने समर्पण और निरंतर आत्म-सुधार के लिए जाने जाते हैं, वे इस जीप की भावना से पूरी तरह मेल खाते हैं। अभियान से पता चलता है कि जीप सिर्फ एक वाहन नहीं है बल्कि बेजोड़ प्रदर्शन और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसकी टैगलाइन, 'द वन एंड ओनली' के साथ, जीप एक बहुत ही सूक्ष्म लेकिन आत्मविश्वासपूर्ण रुख अपनाती है, आत्मविश्वास के साथ बताती है कि जीप रैंगलर एक ऐसे मानक पर पहुंच गया है जिसका मुकाबला करना



कठिन है। यह अभियान केवल एक एसयूवी के बारे में नहीं है; यह शीर्ष पर बने रहने के अभियान का जश्न मनाने के बारे में है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जीप रैंगलर आज भी अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनी हुई है।'

## एक्सएटी ने रजिस्ट्रेशन शुरू किए

**जबलपुर।** भारत की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में से एक ज़ेवियर एप्टीटय़ूट टेस्ट (एक्सएटी) ने एक्सएटी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। 15 जुलाई 2024 से छात्र इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बजिनेस की डायनामिक दुनिया में उत्कृष्टता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। वे उम्मीदवार जो इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं या अधिक जानकारी पाना चाहते हैं, वे एक्सएटी की आधिकारिक वेबसाईट पर वि]जिट कर सकते है। ज़ेवियर एप्टीटय़ूट टेस्ट (एक्सएटी) 2024 संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्रों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी थी। 2024 में 1 लाख 35 हजार छात्रों ने इस परीक्षा के आवेदन कियाए जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक था।

XAT
Xavier Aptitude Test

## पत्नी पर था शक, निगरानी के लिए ड्रोन का किया इस्तेमाल

**बीजिंग।** लोगों का अपने जीवन साथी पर शक होने पर जासूसी करवाने सदियों पुराना चलन है। ऐसा आज भी होता है। लेकिन चीन के एक आदमी ने तो हद ही कर दी जब उसने अपनी पत्नी पर शक होने पर निगरानी करने के लिए आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल कर डाला। चीन के मध्य हुबेई प्रांत के शियान में रहने वाले 33 साल के जिंग ने देखा कि पिछले एक साल से उसकी पत्नी का उसके प्रति बर्ताव रूखा सा हो गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, जिंग ने कहा कि कभी-कभी वह जानबूझकर उसे अनदेखा कर देती थी। वहीं, कई बार बाहर जाने लगी थी और ज्यादातर यह कहने लगी थी कि वह अपने माता-पिता से मिलने जा रही है। ऐसी घटनाओं ने उसने चिंताओं को बढ़ा दिया था। जिंग ने अपनी पत्नी की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। निगरानी फुटेज से पता चला कि पत्नी वू एक कार में बैठ कर दूर पहाड़ों पर चली गई। वहां वह एक दूसरे शख्स के साथ उसका हाथ पकड़कर चलने लगी और एक पुराने मिट्टी के घर में गायब हो गई। इसके 20 मिनट बाद वे घर से बाहर निकली और उस फैक्ट्री में वापस चली गई। जिंग का



कहना है कि उसने जो ड्रोन के जरिए सबूत जमा किए हैं वह उसे तलाक लेने में काम आएंगे। उसने बताया कि दूसरा शख्स उसका बॉस था। दोनों का अपनी फैक्ट्री में मिलना-जुलना ठीक नहीं लगा, इसलिए बॉस ने उसकी पत्नी को जंगल में मिलने के लिए जोर दिया था।

# वैज्ञानिकों ने चांद पर खोजी बड़ी गुफा, जहां पर बसाई जा सकती है इंसानों की बस्ती

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनियाभर के वैज्ञानिक चांद पर इंसानी बस्ती का सपना काफी सालों से देख रहे हैं। इसके लिए वह सालों से शोध कर रहे हैं कि क्या चांद पर इंसान रह सकता है? अब चंद्रमा पर एक गुफा मिली है, जिसका वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है। यह गुफा उस स्थान पर स्थित है, जहां चांद पर 55 साल पहले अमेरिका अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह गुफाएं रहने लायक हैं, जिन्हें मेयर ट्रांक्विलिटैटिस पिट भी कहा जाता है। 328 फीट गहरी यह गुफाएं सी ऑफ ट्रांक्विलिटी में हैं।

### रेडिएशन का असर भी कम

वैज्ञानिकों के मुताबिक, वहां सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं। इनमें भविष्य में अंतरिक्ष यात्री आश्रय ले सकते हैं। इतालवी वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक टीम ने बताया कि चंद्रमा पर एक बड़ी गुफा होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने आगे बताया है कि यह गुफा अपोलो 11 के लैंडिंग स्थल सिर्फ 250 मील (400 किलोमीटर) दूर सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी में स्थित है। इन गुफाओं के तापमान में चांद की बाकी सतह से थोड़ा ही बदलाव होता है। इस स्थान पर रेडिएशन का असर भी कम है। इसके कारण भविष्य में यहां पर इंसानी बस्तियों को निर्माण किया जा सकता है।



### तापमान 17 डिग्री सेल्सियस

दरअसल, एक गड्ढे के अंदर यह गुफा स्थित है, जो प्राचीन लावा सुरंगें हैं। इटली में यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रेंटो के शोधकर्ता लियोनॉर्डो करेर ने अपनी टीम के साथ मिलकर यह खुलासा किया है। उन्होंने अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लूनर रीकॉन्सेंस ऑर्बिटर द्वारा 2010 में ली गई तस्वीर और राडार डेटा का अध्ययन किया है। इन गड्ढों के अंदर का तापमान 17 डिग्री सेल्सियस है। इस तापमान में इंसान आराम से रह सकता है और काम कर सकता है। नेचर एस्ट्रोनोमी जर्नल में यह अध्ययन प्रकाशित किया गया है।

### सतह से अधिक सुरक्षित

चंद्रमा के अन्य इलाकों के गड्ढों से यह बिल्कुल अलग है, जिससे वैज्ञानिक हैरान हैं। चांद पर दो हफ्ते लंबा दिन होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां का तापमान इतना अधिक हो सकता है कि पृथ्वी पर पानी उबल जाए। अब ऐसे में माना जा रहा है कि इन गड्ढों में रहने लायक स्थितियों का होना अच्छी बात है। वैज्ञानिक लूनर पिट्स यानी चांद के गड्ढे के मिलने से बेहद हैरान हैं। अगर इनके भीतर जाने का रास्ता मिलता है, तो अंतरिक्ष यात्री अपने रहने की जगह बना सकते हैं, क्योंकि यहां पर सोलर रेडिएशन, घटते-बढ़ते तापमान और छोटे उल्कापिंडों के टकराने का डर नहीं रहता। चांद की सतह से अधिक सुरक्षित होते हैं।

आकर्षक

झरने और फव्वारे हैं खासियत!

# महलों और बगीचों से बना है ये पैलेस राजा ने खुद डिजाइन किया था महल

एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में पीटरहॉफ पैलेस दुनिया के सबसे सुंदर महलों में से एक गिना जाता है। इसे फ्रांस के वर्सेल्स के जवाब में बनाया गया था। यह वास्तव में कई सारे छोटे महलों और उद्यानों का समूह है। बगीचों के झरने और फव्वारे यहां की खूबसूरती को आकर्षक बनाते हैं। रूस का पीटरहॉफ पैलेस कई लिहाज से दुनिया के अनूठे महलों में गिना जाता है। यह एक नहीं, बल्कि कई महलों और बगीचों की श्रृंखला से मिल कर बना है। इसके बनने के पीछे एक रोचक इतिहास है। इसे रूस के मशहूर जार पीटर द ग्रेट ने फ्रांस के वर्सेल्स के महल के जवाब के रूप में बनवाया था। यहां तक कि इसका नाम भी रूसी वर्सेल्स पड़ गया था। इसे फ्रांस के लुई सालहवें के शासनकाल के दौर में बनवाया गया था। 1702 में उत्तरी युद्ध के अंत के बाद बाल्टिक सागर से स्वीडिश साम्राज्य का अधिकांश हिस्सा रूस के जार के उभरते शासन को मिल गया था। पीटर द ग्रेट ने 1703 में अपनी नई राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग बनाई और उसे संवारना शुरू किया, जिसमें पीटरहॉफ़ महल परिसर का विस्तार शामिल था। यह सब रूप को आधुनिक बनाने के मकसद से हो रहा था।





### सबसे बड़ी खासियत यहां के बहुत सारे बगीचे

पीटरहॉफ पैलेस का सबसे बड़ा आकर्षण मोनप्लासिर पैलेस क्रोनस्टेड के बंदरगाह के पास स्थित है। कहा जाता है कि इसकी डिजाइन पीटर द ग्रेट ने खुद तैयार की थी। वे क्रोनस्टेड के बंदरगाह से यूरोप से आने-जाने के दौरान महल का इस्तेमाल करते थे। पीटर ने मोनप्लासिर पैलेस के समुद्र की ओर वाले कोने से अपना समुद्री अध्ययन किया। वे बाईं ओर क्रोनस्टेड द्वीप और दाईं ओर सेंट पीटर्सबर्ग देख सकते थे। महल के अंदर पीटर की यूरोप से लाई हुई पेंटिंग्स सजाई गई हैं। पीटरहॉफ पैलेस की सबसे बड़ी खासियत यहां के बहुत सारे बगीचे हैं। सबसे बड़ा निचला उद्यान 1.02 वर्ग किलोमीटर में फैला है पीटरहॉफ के अधिकांश फव्वारे यहीं पर देखने को मिलते हैं। बाद में यहां कई बगीचे जोड़े गए जिनमें एलेक्जेंड्रा पार्क भी शामिल है। दक्षिण में ऊपरी उद्यान है। एक छोटी सी नहर बगीचों को दो हिस्सों में बांटती है। ग्रोटो के नीचे स्थित ग्रैंड कैस्केड में 64 फव्वारे हैं। ग्रोटो एक छिपे हुए गलियारे द्वारा ऊपर और पीछे महल से जुड़ा हुआ है। सबसे बड़ा फव्वारा सैमसन फाउंटेन कहलाता है जो कुंड में भी है। सैमसन फाउंटेन प्रतीकात्मक है।

### जर्मन सैनिकों ने कर लिया था कब्ज़ा

पीटरहॉफ़ पर द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के एक साल बाद 1941 में जर्मन सैनिकों ने कब्ज़ा कर लिया था। यह 1944 तक कब्जे में रहा। कर्मचारी महल में मौजूद खजाने का सिर्फ़ एक हिस्सा ही बचा पाए थे। फव्वारे की मूर्तियों को नष्ट करके दफनाने का प्रयास किया गया था। सबसे बड़े फव्वारों सहित तीन-चौथाई फव्वारे बरकरार रहे। जर्मन सेना के कब्जे ने पीटरहॉफ़ को काफी हद तक नष्ट कर दिया। महल को आंशिक रूप से विस्फोट करके जलने के लिए छोड़ दिया गया था। इस महल के विस्तार की योजना पीटर द ग्रेट ने 1709 में बनाई थी। यह फ्रांसीसी शाही दरबार की उनकी यात्रा के कारण था। स्विस वास्तुकार डोमेनिको ट्रेजिन 1714 और 1728 के बीच वास्तुकार थे। एक फ्रांसीसी वास्तुकार और उद्यान डिजाइनर जीन-बैप्टिस्ट एलेक्जेंडर ले ब्लॉन्ड को पीटरहॉफ उद्यानों को डिजाइन करने के लिए चुना गया था। इस तरह3934 हेक्टेयर में फैले इस महल के निर्माण में दो वास्तुकारों का योगदान रहा है।

## गाय-भैंस की तरह शेरों को चराने लगा शख्स

**लंदन।** दुनिया के सबसे खतरनाक जानवरों की जब भी बात होती है, उसमें शेर को टॉप पर रखा जाता है। ये शेर अपने से बड़े जानवरों का शिकार भी बड़ी आसानी से कर लेते हैं। तभी तो इन्हें जंगल का राजा भी कहा जाता है। हालांकि, कई बार इन्हें हार का सामना भी करना पड़ जाता है। कभी लकड़बग्घों के झुंड से तो कभी भैंस के हमले से ये शिकार भी बन जाते हैं। लेकिन, एक वायरल वीडियो में एक इंसान कई शेरों को एक लाठी के सहारे जंगल में घुमा रहा है। शेर भी उसके इर्द-गिर्द ऐसे टहल रहे हैं, मानो वो उसकी हर बात मानते हों। ऐसा लगता है मानो ये शख्स गाय-भैंस की तरह शेरों को भी चरा रहा हो। इस दौरान आस-पास भी काफी लोग मौजूद थे। वायरल वीडियो में एक शख्स हाथ में डंडा लिए हुए खड़ा है।



■ नजारा देख फटी की फटी रह जाएंगी आंखें!

### शेर भी चुपचाप उसके चक्कर लगाते हैं

इस दौरान आसपास मौजूद लोग अपने मोबाइल से इस अद्भुत नजारे का वीडियो बना रहे होते हैं। कभी शेर टूरिस्ट की तरफ बढ़ने की कोशिश करते हैं, तो वो शख्स अपने डंडे से उन्हें रोक देता है। शेर भी चुपचाप फिर उसके चक्कर लगाने लगते हैं। ये वीडियो साउथ अफ्रीका के किसी नेशनल रिजर्व का है। ऐसा लगता है कि ये शख्स इन शेरों की बचपन से देखभाल करता रहा है, जिसके कारण वो इस पर हमला नहीं कर रहे हैं। इस शॉर्ट वीडियो को यूट्यूब पर मिशेल गैब्रियल ने शेयर किया है, जिसे अब तक 8 करोड़ 10 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इतना ही नहीं, इस वाइल्डलाइफ वायरल वीडियो को को लाखों लोगों ने शेयर किया है।

## मथुरा के 5 स्टार गोशाला में ड्राई फ्रूट खाती हैं गाय

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर गाय को चारा खाते हुए ही देखा होगा। ऐसे में अगर हम आपको ड्राई फ्रूट्स खाने वाली गाय के बारे में बताएं तो शायद आप भी चौंक जाएंगे। यूपी के मथुरा में एक बेहद खास गोशाला है जहां गोमाता का विशेष ख्याल रखा जाता है। यहां की गायों को केवल भूसा ही नहीं, बल्कि फ्रूट्स और ड्राई फ्रूट्स भी खिलाए जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की नित्य विहार स्थली श्रीधाम वृन्दावन के भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर की विलास कुंज गोशाला अपनी गो सेवा को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इस गोशाला में रहने वाली गायों का विशेष ध्यान रखा जाता है। ये गौशाला गोमाता के रखरखाव को लेकर चर्चा में है। ब्रज का एक अर्थ गोष्ठ अर्थात गोशाला यानी गायों का निवास स्थान होता था। नंद बाबा के पास 9 लाख 30 हजार गोवंश था। जिन्हें कभी रस्सी से बांधा नहीं जाता था। उसी प्रकार विलास कुंज गोशाला गोवंश के गोवंश को बंधन से



### 56 भोग सेवा अर्पित

इस गोशाला की गायों को दलिया, हरा चारा, मौसमी फल आदि समय समय पर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त गोमाता को 56 भोग सेवा अर्पित करने वाली यह पहली गोशाला है। अक्षय पात्र मंदिर के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यहां की गोशाला सबसे अलग है। विलास कुंज गोशाला में गायों को माता की तरह ही रखा जाता है। हम जिस तरह अपनी माता की सेवा करते हैं, उसी प्रकार से यहां गोमाता की सेवा भी की जाती है।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# कॉमेडी लिखना सीख रहे हैं जेल के कैदी, इसके पीछे भी है एक मकसद, लोगों को लग रहा मजाक

एजेंसी ▶▶| लंदन


जेल में कैदियों के लिए की कला या हुनर का प्रशिक्षण देना नई बात नहीं है। दुनिया में तमाम तरह की जेलों में इस तरह के प्रशिक्षण वोकेशनल कोर्स के तहत दिए जाते हैं। पर क्या ऐसे कार्यक्रमों में लेखन का प्रशिक्षण हो सकता है। ऐसा अनोखा कोर्स यूके में देखने को मिला है, जहां कैदियों को खास तौर से कॉमेडी का लेखन सिखाया जा रहा है। यहां कैदी 10 सप्ताह के कोर्स में सिटकॉम, यानी छोटे कॉमेडी लेख लिखना सीख रहे हैंइस कोर्स में कैदियों को चुटकुले लिखना, साथ ही 'कॉमिक टाइमिंग' और हास्यपूर्ण चरित्रों को विकसित करना सिखाया जाता है। इतना ही नहीं, उम्मीद है कि शिक्षक उनके उत्तीर्ण होने के बाद कुछ टेली प्रतिभाओं को खोज पाएंगे।



### कैदियों के काम को बेचा भी जाएगा

इस कोर्स में एक बार में 10-15 छात्र ट्रेनिंग ले सकते हैं। 10-सप्ताह के पाठ्यक्रम के अंत में, पाठ्यक्रम लेने वाले कैदी एक कॉमेडी सिटकॉम स्क्रिप्ट लिखकर और उसे ट्यूटर को सौंपकर खत्म करते हैं। कोर्स का मकसद 'नवोदित प्रतिभाओं को विकसित करना' है, जिन्हें टीवी कंपनियों को बेचा जा सकता है। स्वतंत्र निगरानी बोर्ड (आईएमबी) के निरीक्षकों की सबसे हालिया रिपोर्ट ने इस योजना की प्रशंसा की, जिसने पहले ही दूसरा कोर्स शुरू कर दिया है। इसमें कहा गया है कि कैदी जेल के उत्तरी हिस्से में एक 'मल्टी-स्किल्स टेस्टर कोर्स' में भाग ले सकते हैं, जहां वे उन कोर्स को चुन सकते हैं, जिन्हें वे आजमाना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'उत्तरी साइट पर एक मल्टी-स्किल्स टेस्टर कोर्स शुरू किया गया था, जिसमें उस साइट पर सभी व्यावसायिक कार्यशालाएं एक साथ लाई गई थीं। निर्माण कौशल प्रमाणन योजना, खाद्य सुरक्षा और कॉमेडी स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए छोटे कोर्स पिछले साल से जारी रहे।' इसमें कहा गया है कि कला और प्लंबिंग सहित कुछ नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है।

## शब्द पहेली - 5575



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5574 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5586

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SIDHACHA BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5585 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |



## क्या इंसानों को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क

कुछ समय पूर्व स्वाइन फीवर के कुछ मामले केरल में सामने आने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस रोग के इंसानों में फैलने का कितना रिस्क है?

**अवेयरनेस**



हाल में केरल के त्रिशूर जिले में सुअरों के बीच फैलने वाले अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। यह संक्रामक बीमारी पालतू और जंगली सुअर दोनों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि बीमारी फैलने को लेकर एलर्ट जारी कर दिया गया है लेकिन मामला सामने आने के बाद आस-पास के क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं।

**इंसानों में फैलने का रिस्क नहीं:** स्वाइन फीवर के मामले में राहत की बात यह है कि ब्रिटिश एग्रीकल्चर, एन्वॉयरनमेंट और रूरल अफेयर्स के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, स्वाइन फ्लू बीमारी से अलग तरह का रोग है और ये जूनोटिक नहीं है। यानी, यह सुअरों से इंसानों में नहीं फैलती है। लोगों के मन में जानवरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति भय रहता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बीमारियां हैं, जो इंसानों को प्रभावित कर सकती हैं? इन बीमारियों की चपेट में आने का किसे सबसे ज्यादा रिस्क है?

**जानवरों से फैलते हैं इंसानों में कई रोग:** कई जानवरों और इंसानों का सदियों से घनिष्ठ संबंध रहा है। हम सभी डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हर दिन किसी ना किसी तरह से जानवरों के संपर्क में आते ही हैं। दूध, दही, पनीर, अंडा या मांस जैसे सभी फूड आइटम्स पशुओं से ही प्राप्त किए जाते हैं। यानी हम सभी पशुओं के जरिए अपने भोजन का काफी हिस्सा प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन फूड आइटम्स में से अगर कुछ भी हम अपने नियमित आहार में शामिल करते हैं और अगर वो पशु किसी भी तरह के रोग से संक्रमित है तो ये हमें भी संक्रमित कर सकता है।



**ऐसे भी फैलता है संक्रमण:** पशुओं या पक्षियों के काटने, उनकी लार के संपर्क में आने से भी कई बीमारियां इंसानों में फैल सकती हैं। इसकी वजह बैक्टीरिया, वायरस, फंगई जैसे माइक्रोऑर्गेनिज्म होते हैं, जो विभिन्न जंतुओं के माध्यम से इंसानों में प्रवेश कर सकते हैं। इसे जूनोसिस कहा जाता है।

**क्या होती हैं जूनोटिक बीमारियां:** जंतुओं से इंसानों में होने वाली जूनोटिक बीमारियां, इंसानों में छोटी-मोटी समस्या पैदा करने से लेकर मृत्यु तक का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में एनिमल फ्लू, बर्ड फ्लू, कैट स्क्रैच फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, गियार्डियासिस, इबोला, लाइम डिजीज, हेपेटाइटिस ई, पैरट फीवर, मलेरिया, प्लेग, रेबीज, स्वाइन फ्लू और वेस्ट नील वायरस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** बताते हैं, 'जूनोटिक का अर्थ है, किसी भी माध्यम से जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारी। ये बीमारी छूने से, भोजन, पानी या हवा से या किसी अन्य वेक्टर के माध्यम से फैल सकती हैं। चिड़ियाघर में भी जूनोटिक बीमारियों के संक्रमण का खतरा हो सकता है। खेतों में काम कर रहे किसान और पशुपालन कर रहे लोग गोबर आदि के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे भी ये बीमारियां फैल सकती हैं। आमतौर पर जूनोटिक बीमारियां, किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन कुछ लोगों को इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें प्रेग्नेंट महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, एचआईवी से संक्रमित लोग, 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे, गंभीर बीमारियों का उपचार करा रहे लोग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग शामिल हैं।'

**बचाव-उपचार के तरीके:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन **डॉ. अरविंद अग्रवाल** के अनुसार, 'अगर किसी पालतू जानवर के संपर्क में आने से आपको चोट लगी है, जैसे किसी जानवर ने काट लिया है या उसके पंजे से खरोंच लगी है तो आपको जल्द-से-जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करें कि उस जानवर को सभी जरूरी वैक्सीन लगी है या नहीं? अगर किसी गैर पालतू जानवर ने आपको काट लिया है तब तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट कर जरूरी ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा अगर आपको किसी कीड़े ने काट लिया है और उसके बाद किसी तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बचाव के तौर पर जानवर के संपर्क में आने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं, पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही हर साल पशु चिकित्सक से उनकी जांच भी कराएं। जानवरों की बाइट और खरोंच से बचें, जानवरों से संपर्क के दौरान या उसके तुरंत बाद अपने मुंह और आंखों को ना छुएं। मच्छर और अन्य तरह के कीटों के काटने से बचाव के लिए कीट प्रतिरोधी लोशन या अन्य बचाव के तरीकों का उपयोग करें।' *

-हरिभूमि फीचर्स

---

**सीजनल डिजीज**

बारिश के मौसम में मच्छर पनपने के कारण मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू रोग होने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग कई प्रकार की लापरवाहियां करते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें इन मच्छर-जनित जानलेवा रोगों के रूप में भुगतना पड़ता है।

हालांकि बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें सबसे अधिक लोग मच्छर काटने से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होते हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्षों में डेंगू से पीड़ित पेशेंट्स की संख्या काफी बढ़ी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स विस्तार से बता रहे हैं, डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में।

## बारिश के मौसम में डेंगू की आशंका बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित



### क्या होता है डेंगू

डेंगू को आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी डेंगू वायरस के कारण होती है। अगर एडीज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तब इस वायरस के उस व्यक्ति में संक्रमण के कारण उसे डेंगू हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू होने के खतरे में है। अनुमान है कि पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 100-400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। ऐसे में बदलते मौसम के साथ डेंगू से सावधान रहना जरूरी है।

### डेंगू होने के कारण

डेंगू रोग के लिए चार वायरस जिम्मेदार होते हैं। इन्हें डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के नाम से जाने जाते हैं। ये वायरस एडीज मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह वायरस रक्त प्रवाह के जरिए पूरे शरीर में फैलता है और व्यक्ति डेंगू से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए आपको बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से बचकर रहना चाहिए।

### डेंगू के लक्षण

डेंगू से संक्रमित होने पर किस तरह के लक्षण दिखते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के प्रिंसिपल कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. दीपक गुप्ता** सलाह देते हैं कि डेंगू से बचाव के लिए इस रोग के लक्षणों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू के लक्षणों में सामान्य बुखार शामिल है। ऐसे में बुखार होने पर लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। हालांकि डेंगू में 104 डिग्री फारेनहाइट का बुखार होता है, जिसके साथ अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। जैसे जी मिचलाना, तेज सिर दर्द होना, हड्डियों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, आंखों के पीछे दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना आदि। अगर आपको या आपके किसी परिचित को इस प्रकार के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर सामान्य बुखार आ रहा है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस मौसम में जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि बदन दर्द या सिर दर्द से राहत के लिए बिना डॉक्टर से पूछे किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा ना लें क्योंकि इससे प्लेटलेट काउंट में गिरावट हो सकती है।

### उपचार के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** कहते हैं, 'डेंगू के उपचार के लिए आपको समय पर डॉक्टर के पास पहुंचना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक प्रकार का वायरसजनित रोग होता है और इसके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय पर सही इलाज का आरंभ होना। डॉक्टर के पास पहुंचने पर डॉक्टर जांच करते हैं। जिसके बाद डेंगू की पुष्टि होने पर वह दवाइयां और इंजेक्शन के माध्यम से पेशेंट का इलाज करते हैं। इसमें गंभीर डिहाइड्रेशन जैसे मामलों में मरीज को आईवी ड्रिप भी दी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है, व्यक्ति का शरीर हाइड्रेट रहे क्योंकि ज्यादा उल्टी और तेज बुखार के दौरान बहुत नुकसान होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत आवश्यक होता है। इस दौरान मरीज को तरल पदार्थ के सेवन करने की सलाह दी जाती है और लगातार डॉक्टर के निगरानी में रहना चाहिए।'

### बचाव के उपाय

नारायणा हॉस्पिटल, आर. एन. टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में कंसल्टेंट-क्रिटिकल केयर, **डॉ. राकेश शर्मा** डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं, 'सबसे महत्वपूर्ण है आपको मच्छरों से खुद को बचाना, क्योंकि बारिश के मौसम में मच्छर पनपने की संभावना अधिक होती है और ऐसे में डेंगू के मच्छरों के काटने पर डेंगू हो जाता है। इसके लिए कुछ बातों पर अवश्य ध्यान दें। अपने घर के भीतर, छत पर या आस-पास ज्यादा दिन तक पानी को जमा ना होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपनी त्वचा को ढंक कर रखें, जिससे मच्छर काटने की संभावना बहुत ही कम हो जाए। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अधिक सक्रिय रहते हैं और इस समय आपको बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। शरीर के खुले भागों पर मच्छर रोधी (मॉस्कीटो रिपेलेंट) क्रीम जरूर लगाएं, जिससे आप मच्छरों के काटने से बच सकें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू से बचे रहें।' *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

---

**प्रिकॉशन**

## मानसून में डायबिटिक पेशेंट्स पैरों के अल्सर से रहें सावधान




डायबिटीज यानी मधुमेह के कारण मानसून के दौरान पैरों को गंभीर समस्या हो सकती है। दरअसल, मधुमेह पैरों में रक्त प्रवाह की मात्रा को कम करता हैं। पैरों में पर्याप्त रक्त प्रवाह ना होने से घाव या किसी प्रकार के संक्रमण को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। संक्रमण ठीक ना होने के कारण पैरों में गैंग्रीन होने का खतरा रहता है। भारत में लगभग 15 प्रतिशत मधुमेह मरीज, मानसून के दौरान लापरवाही की वजह से डायबिटीज फुट अल्सर से ग्रस्त हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और लगभग 25 मिलियन लोग प्री डायबिटीज स्टेज में हैं। लोगों की जीवनशैली को देखते हुए भविष्य में मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ने का रिस्क है। ऐसे पेशेंट्स के पैरों में अल्सर को लेकर भी अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के वेस्कुलर सर्जन **डॉ. जैसोम चोपड़ा** के अनुसार, 'डायबिटीज पेशेंट्स में मानसून के दौरान बढ़ी हुई नमी और गीले पैरों के कारण संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मानसून के दौरान डायबिटीज पेशेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना काफी जरूरी है। डायबिटीज पेशेंट्स को अपने पैरों की स्वच्छता को लेकर अवेयर रहना चाहिए। शुगर लेवल की नियमित जांच करवानी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए अधिकतर समय जूते पहनना चाहिए। अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखना चाहिए। संक्रमण होने पर घाव की साफ-सफाई, एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य विधियों से ट्रीटमेंट किया जाता है।

---

**मौसमी फल / राजकुमार 'दिनकर'**

## स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



अन्य फलों की तरह आम भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आम केवल खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। आपको बाजार में खट्टे और मीठे आम मिलते हैं, जिनमें अलग-अलग पोषक तत्व पाए जाते हैं। आम में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जिस कारण यह खाने वाले को कैंसर और दिल संबंधित बीमारियों से बचाता है। आम की हर फांक में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को सही रखने में बड़ा लाभकारी होता है और यह शरीर में उन कंपाउंड को बनाता है, जो हमारे इम्यून सिस्टम को बढ़ाते हैं। हरे आम में मौजूद एसिड बाइल के सिक्रिशन में बढ़ोत्तरी करता है और यह आंत संबंधी परेशानियों के लिए एक प्रतिरोधक की तरह काम करता है।

**भरपूर पौष्टिक पके आम:** अगर आप पका हुआ आम खाते हैं तो इससे आपको अच्छी-खासी मात्रा में विटामिन ए मिलता है। वास्तव में दूसरे फलों के मुकाबले आम में सबसे ज्यादा बीटा केरोटिन पाया जाता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, नियासिन, आयरन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पके हुए मीठे आम कब्ज की रुकावट को दूर करने के लिए शरीर से ज्यादा फ्लूड बाहर निकालकर इस परेशानी को दूर करता है। मीठा आम किडनी को सही रखने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं मीठा आम हमारे खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाता है। आम में पाए जाने वाले फाइबर शरीर के लिए रेचक की तरह काम करते है और व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा देते है, जिससे आंत की गतिविधि में वृद्धि होती है। अगर आप दुबले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आप पके आमों को दूध में मिलाकर मिक्सी में शेक की तरह तैयार कर पी सकते हैं। यह आपको कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन देता है।

**कच्चा आम भी फायदेमंद:** हरे यानी कच्चे आम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा के पोर्स को साफ करके उसे चमकदार बनाता है और खून से जुड़ी स्कर्वी नामक बीमारी से बचाता है। यह आपको गर्मियों में होने वाली परेशानियों से भी दूर रखता है। पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आमचूर बहुत ही मददगार होता है। डायबिटीज को कम करने में आम की पत्तियां उपयोगी हो सकती हैं। सॉफ्ट और ताजी पत्तियां ना केवल डायबिटीज होने से बचाती हैं बल्कि डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। *

---

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'बादल पर पांव हैं' में आकाश आहूजा रजत के रोल में दिख रहे हैं। वे अपनी फिजिकल फिटनेस को लेकर बहुत कॉन्शस रहते हैं। क्या है, उनका फिटनेस फंडा, डिटेल में **हरिभूमि** को बता रहे हैं अपनी जुबानी।

## मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना

**फिटनेस फंडा**

आकाश आहूजा



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि आजकल के समय में हमारे खाने में बहुत सारी मिलावट होती है। और लाइफस्टाइल भी काफी डिस्टर्ब हो गई है। लोग जंक फूड बहुत खाते हैं, डेली रूटीन सही नहीं है। स्लीप और वेक साइकिल भी डिस्टर्ब है। इसलिए आज के समय में यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर अधिक ध्यान दें।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल मेरे पिता हैं। मेरे पापा शोतोकन कराटे में 7 बार के नेशनल चैंपियन हैं और मैंने भी इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। कह सकते हैं, फिजिकली फिट और स्ट्रॉन्ग रहने की इंस्पिरेशन मुझे अपने पापा जी से मिली है।

**फिट रहना-दिखना दोनों जरूरी:** मेरे लिए फिट फील करना सबसे जरूरी है क्योंकि स्ट्रॉन्ग फीलिंग से मुझे ताकत मिलती है। वैसे मेरे काम के हिसाब से मुझे फिट दिखना भी इंपॉर्टेंट है। जब हम लोग एब्स दिखाते हैं और वो 6 पैक फिजिक जो होती है, वो सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है। हम ज्यादा समय तक अपनी बॉडी को स्टफ नहीं कर सकते क्योंकि वो स्टारवेशन से आती है या बहुत कंट्रोल्ड डाइट से। अब उतनी कंट्रोल्ड डाइट ले पाना हमारे काम में बहुत मुश्किल है। रोल के डिमांड के अनुसार फिट दिखना तो जरूरी है, लेकिन पर्सनली मेरे लिए ज्यादा जरूरी है फिट महसूस करना।

**डेली डाइट प्लान:** मेरे लिए सबसे जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना। सुबह उठकर पानी जरूर पीता हूं। रात को सोने से पहले कोशिश रहती है कि तीन-चार घंटे का फास्टिंग हो। अधिक से अधिक न्यूट्रिशस डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल बहुत फ्लेक्सिबल रहता है। वैसे मैं बॉडी वेट एक्सरसाइसेस ज्यादा करता हूं तो मेरा रूटीन होता है कि पार्क में जाकर एक्सरसाइज करूं। मैं अपना वर्कआउट जिम से ज्यादा खुली हवा में करना पसंद करता हूं। जब भी मुझे समय मिलता है तो वर्कआउट कर लेता हूं। बिजी होने पर भी एक दिन से ज्यादा का गैप नहीं आने देता हूं अपने एक्सरसाइज शेड्यूल में, अगर जिम नहीं जा पा रहा हूं तो शूटिंग ब्रेक में सेट पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मुझे लगता है कि हम सबको डेली लाइफ में कोई ना कोई ऐसी हॉबी, कोई स्पोर्ट, कोई फिजिकल एक्सरसाइज जरूर अपनानी चाहिए, जो हमें फिट रखे।

**मेंटल फिटनेस:** सच तो यह है कि आज की तारीख में पूरी तरह मेंटली फिट तो कोई भी नहीं है। हम सबकी लाइफ में कोई ना कोई टेंशन रहती ही है। हम सबकी प्रॉब्लम्स हमारे लिए बहुत ज्यादा होती हैं, जिसके कारण हमें मेंटल प्रॉब्लम्स होती हैं। आजकल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, चाहे वो सोशल मीडिया हो या कोई ट्रेंड हो। जब हम अपने पर्पस से भटकते हैं तो हमारा माइंड स्टेबल नहीं रहता है। मैं कोशिश करता हूं कि अपने काम पर अधिक से अधिक फोकस करूं। इसके अलावा हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं, ताकि मेंटल टेंशन से बचा रहूं। *

---

**हेल्थ एडवाइस**

संध्या सिंह

हर कोई हेल्दी और फिट रहना चाहता है। लेकिन उनमें से कुछ ही लोग इसके लिए जरूरी प्रयास करते हैं। हम आपको यहां कुछ आसान लेकिन प्रभावी सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

## हेल्दी-फिट रहने के ईजी-इफेक्टिव सीक्रेट्स



फिट रहना कठिन नहीं, बहुत आसान है, बशर्ते हम नियमित तौर पर कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। बजाय इसके कि दिन-रात फिट रहने के सपने देखें, उसके बारे में बहुत कुछ पढ़ें और सोचें, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ ना करें। तो आइए जानते हैं कि फिट रहने के ये छोटे-छोटे सीक्रेट क्या हैं?

**सुबह जल्दी उठें:** आपने सैकड़ों बार सुबह जल्दी उठने के फायदों के बारे में पढ़ा होगा, दर्जनों लोगों से सुना होगा, लेकिन खुद व्यक्तिगत रूप से कभी आजमाया नहीं होगा। अगर आजमाएंगे तो आप भी इसे सही मानने वालों में शामिल हो जाएंगे और दूसरों को फिट रहने के लिए आप भी उन्हें यह टिप्स देंगे। सुबह जल्दी उठें। इतना जल्दी नहीं कि इसके लिए बहुत अतिरिक्त प्रयास करना पड़े, जितने समय रोज जगते हैं, उससे बस 30 मिनट पहले जगना शुरू करें। जब यह आदत बन जाए तो इसमें 30 मिनट और जोड़ लें। इस तरह अगर हर दिन आप 1 घंटे पहले जगते हैं तो आप अपने फिट रहने के लिए खुद ही कई तरह के वर्कआउट करने लगेंगे। अगर कुछ नहीं करेंगे तो ऑफिस के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। अपने आज के काम के शेड्यूल की अच्छी सी तैयारी कर लेंगे। इस सबसे भी फिट रहने में मदद मिलती है।

**करें 25 मिनट की सैर:** सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन आजमाकर देखिए। यह छोटी-सी टिप्स आपकी सोच बदल देगी। भले आप फिट रहने के लिए किसी भी तरह का कोई उपाय ना करें, सिर्फ हर दिन सुबह 25 मिनट की सैर कर लें, तो आपकी फिटनेस का लेवल ठीक-ठाक हो जाएगा। सैर करने के कई फायदे हैं। सैर करने का मतलब सिर्फ कैलोरी बर्न करना ही नहीं है, जब हम सुबह सैर के लिए निकलते हैं, तो 5-10 मिनट में ही हमारा शरीर वॉक के लिए अनुकूल होने लगता है और धीरे-धीरे हमें वॉकिंग में आनंद आने लगता है। अगर हम 25 मिनट अच्छी तरह से वॉक कर लेते हैं तो हर दिन 9 से 10 हजार कदम चल लेते हैं। यह एक ऐसा व्यायाम है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है और अनेक फायदे हैं। इस 25 मिनट के वॉक से आप पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**एक घंटे का डिजिटल डिटॉक्स:** अगर आपकी भी लाइफस्टाइल में सुबह जगते ही फेसबुक के नोटिफिकेशन, रात और सुबह में आए व्हाट्सएप मैसेज और दूसरों की पोस्ट देखने की है, तो कम से कम सुबह के समय बहुत कड़ाई के साथ एक घंटे के लिए इस सब पर रोक लगा दें। अगर सुबह एक घंटे तक आपने मोबाइल फोन ऑन नहीं किया और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहे, फिट रहने के उपायों से दो-चार होते रहे, तो यकीन मानिए इसका असर आपको महसूस होने लगेगा। आज पूरी दुनिया की फिटनेस इंडस्ट्रीज मानती है कि मोबाइल फोन ने लोगों को बहुत ज्यादा आलसी बना दिया है। यह एक ऐसा नशा है, जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को अपनी गिरफ्त में ले लेता है, क्योंकि हम लगातार बैठे रहने के कारण निष्क्रिय और आलसी हो जाते हैं।

**थोड़ी देर योगा-मेडिटेशन:** भले 15-15 मिनट ही योगा और मेडिटेशन को दें या दोनों में से किसी एक को। लेकिन ये 15 मिनट भी आपकी चाल-ढाल, रहन-सहन में आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। फिट रहने की छोटी-छोटी कोशिशें करनी होती हैं और ये कोशिशें हमें उम्मीद से ज्यादा फिट और तरह-तरह की बीमारियों से दूर रखती हैं। मेडिटेशन का अभ्यास तो आप स्वयं सीख सकते हैं। योगासन का अभ्यास करने के लिए एक बार अनुभवी प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें।

यहां बताई गई बातों को फॉलो करें और देखिए, आप कुछ ही दिनों में हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक हो जाएंगे। *

# ओलंपिक में भाग लेंगे 117 खिलाड़ी, 140 स्टाफ करेंगे सहयोग, आभा बाहर

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ में उपाध्यक्ष भी हैं।




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिए गए पत्र में कहा गया है, 'ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं।

अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं। खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है।'




खेल गांव में रुकेंगे स्टाफ के 67 सदस्य

## एथलेटिक्स के सर्वाधिक 29 खिलाड़ी देंगे चुनौती

आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं।

### निशानेबाजी में सर्वाधिक 18 सहयोगी स्टाफ

दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी। निशानेबाजी में सहयोगी स्टाफ के सर्वाधिक 18 सदस्य शामिल हैं जिनमें से एक हाई परफॉर्मेंस निदेशक और छह कोच खेल गांव में ठहरेंगे। बाकी 11 सदस्य होटल में रुकेंगे जिनमें चार कोच, चार फिजियो, दो मनोवैज्ञानिक और एक अनुकूलन विशेषज्ञ शामिल हैं। एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है।

### प्रशांत होंगे ओलंपिक अताशे

मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।

### टोक्यों में 119 ने थी चुनौती

टोक्यो ओलंपिक में भारत के 119 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिन्होंने सात पदक जीते थे। इनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

## ओलंपिक : भारत ने पहली बार साल 1900 में लिया था हिस्सा

# एथलेटिक्स में पहला पदक, हॉकी में स्वर्ण की बारिश, भारत ने अब तक जीते 35 मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने वाली है। 206 देशों के एथलीट्स खेलों के सबसे बड़े मंच पर मेडल्स के लिए दावेदारी पेश करेंगे। भारत का भी 117 एथलीट्स का दल पेरिस जाएगा।

ओलंपिक खेलों में भारत का इतिहास 124 साल पुराना है। उन्होंने 27 बार इन खेलों में हिस्सा लिया। भारत ने पहली बार साल 1900 में इन खेलों में हिस्सा लिया था। उस साल भी ओलंपिक खेलों का आयोजन पेरिस में ही हुआ था। 124 सालों में भारत ने इन खेलों में बहुत कुछ हासिल किया।

### प्रिटकार्ड ने जीते दो रजत

ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 में हुई थी लेकिन भारत ने सबसे पहले 1900 में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया। 1900 में केवल एक ही खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था जिनका नाम नॉर्मन प्रिटकार्ड था। उन्होंने देश के लिए दो पदक जीते हैं। प्रिटकार्ड ने 200 मीटर और 200 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता था। इस पदक को ओलंपिक एसोसिएशन के मुताबिक भारत के खाते में गिना जाता है जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक यह पदक ब्रिटेन के खाते में हैं।



### टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में किया। टोक्यो में भारत ने सात पदक जीते। भारत को एथलेटिक्स में एक, वेटलिफ्टिंग में एक, हॉकी में एक, बॉक्सिंग में एक, बैडमिंटन में एक और रेसलिंग में दो पदक जीते।



| खेल | नाम | पदक |
|---|---|---|
| एथलेटिक्स | नीरज चोपड़ा | स्वर्ण |
| रेसलिंग | रवि दहिया | रजत |
| | बजरंग पूनिया | कांस्य |
| बॉक्सिंग | लवलिना बोरगोहेन | कांस्य |
| वेटलिफ्टिंग | मीराबाई चानू | रजत |
| बैडमिंटन | पीवी सिंधू | कांस्य |
| हॉकी | पुरुष टीम | कांस्य |

### हॉकी में भारत ने जीते 12 पदक

भारत को सबसे ज्यादा पदक हॉकी में मिले हैं। भारत ने इस खेल में 12 पदक जीते हैं। इन 12 पदक में भारत ने 8 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। भारत को पहला पदक 1928 के ओलंपिक में मिला था जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। वहीं उन्होंने 41 साल के सूखे के बाद टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी कांसय पदक जीता था।

### 10 स्वर्ण, 9 रजत, 16 कांस्य

भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य समेत कुल 35 पदक जीते हैं। यह 35 पदक उन्होंने 8 अलग-अलग खेलों में जीते। भारत ने हॉकी में 12, शूटिंग में चार, एथलेटिक्स में तीन, रेसलिंग में सात, बैडमिंटन में तीन, वेटलिफ्टिंग में दो, बॉक्सिंग में तीन और टेनिस में एक पदक जीता है।

### भारत के ओलंपिक पदक

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| हॉकी | 8 | 1 | 3 | 12 |
| रेसलिंग | – | 2 | 5 | 7 |
| शूटिंग | 1 | 2 | 1 | 4 |
| एथलेटिक्स | 1 | 2 | – | 3 |
| बॉक्सिंग | – | – | 3 | 3 |
| वेटलिफ्टिंग | – | 1 | 1 | 2 |
| टेनिस | – | – | 1 | 1 |

## 'असंभव' बना 'संभव'

# 11 गेंदों में ठोके 61 रन, 8 छक्के, 2 चौके से जीता मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में कब क्या हो जाए किसी को नहीं पता. वक्त के साथ क्रिकेट तेज़ होता जा रहा है। अब तो टेस्ट क्रिकेट में भी बल्लेबाज़ ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करना पसंद करने लगे हैं। क्रिकेट के विस्तार के साथ फॉर्मेट भी बदलते जा रहे हैं। पहले सिर्फ टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेला जाता था। फिर टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई। अब कई जगहों पर टी10 क्रिकेट भी खेला जाने लगा है। इसी टी10 क्रिकेट में 2 ओवर में 61 रनों का रन चेज़ एक गेंद पहले ही हो गया।

यह कारनामा यूरोपियन क्रिकेट के टी10 टूर्नामेंट हुआ, जहां ऑस्ट्रिया ने रोमानिया के खिलाफ 11 गेंदों में 61 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। लगभग मुकाबला हार चुकी ऑस्ट्रेलिया ने वह कर दिखाया जो शायद असंभव था। हालांकि क्रिकेट में कहा जाता कि असंभव कुछ नहीं होता है, लेकिन 11 गेंदों में 61 रन बनाना संभव भी नहीं लगता।


### 168 रनों का था टारगेट

मैच में पहले बैटिंग करते हुए रोमानिया ने 10 ओवर में 167 रनों का टोटल बोर्ड पर लगाया, जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज़ अरियान मोहम्मद ने 104* रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रिया की टीम लड़खड़ाती हुई दिखाई दी। टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट पर सिर्फ 107 रन बोर्ड पर लगाए थे। अब यहां से टीम को जीत के लिए आखिरी 2 ओवर में 30.5 के रनरेट से 61 रनों की दरकार थी। यहां से ऑस्ट्रिया की जीत असंभव लगने लगी थी।

### 2 ओवर में चाहिए थे 61 रन

टीम के लिए आकिब इकबाल 8 ओवर तक 9 गेंदों में 22 रन बनाकर खेल रहे थे। फिर आखिरी 2 ओवर में आकिब ने ऐसा कमाल किया कि उनका स्कोर 19 गेंदों में 72* रन हो गया और ऑस्ट्रिया को 7 विकेट से जीत मिल गई। आकिब के बल्ले से 2 चौके और 10 छक्के निकले थे। 8 ओवर तक ऑस्ट्रिया के जीतने की संभावना सिर्फ 1 प्रतिशत ही थी। यहां से रोमानिया के लिए पारी का 9वां ओवर लेकर आए मनमीत कोली ने 41 रन खर्च कर दिए, जिसमें 9 एक्स्ट्रा रन थे। अब ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन चाहिए थे, जिसे टीम ने 5 गेंदों में बनाकर जीत दर्ज कर ली।

## खबर संक्षेप




### नागल-करोल की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

**बस्ताड।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को यहां नॉर्डिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी मंगलवार को 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है।

### बावा को विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता ज़कारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11 5-11 9-11 से हार गए। कुश कुमार (2014 में) के बाद बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।



## नॉर्डिया ओपन

# ओलंपिक की तैयारी में लगे नडाल की आसान जीत



एजेंसी ▶▶| बस्ताड

ओलंपिक की तैयारी में लगे राफेल नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे नॉर्डिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल के पहले दौर में स्वीडन के दिग्गज खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के 21 वर्षीय बेटे लियो बोर्ग को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

नडाल ने मैच के बाद अपने 21 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, 'हमारे खेल के इतिहास के सबसे दिग्गज खिलाड़ी में से एक के बेटे के खिलाफ खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि उसने अच्छा प्रदर्शन किया। उसके सामने अभी लंबा करियर है और मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं।' नडाल ने यहां 2005 में 19 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था। उसके बाद वह इस टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे हैं। ओलंपिक के दौरान टेनिस के मैच रोला गैरां में क्ले कोर्ट पर खेले जाएंगे और उसकी तैयारी के सिलसिले में ही नडाल इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में बाहर होने के बाद नडाल ने पहली बार एकल मैच खेला। उनका अगला मुकाबला ब्रिटेन के कैमरन नोरी से होगा।




### ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार हैं सूरज

**नई दिल्ली।** बचपन से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाले पैदल चाल के एथलीट सूरज पंवार मिश्रित स्पर्धा के लिए जोड़ीदार नहीं होने के भी बावजूद अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंवार को बचपन से ही उतार चढ़ाव वाली जिंदगी जीने का अनुभव है। यह 23 वर्षीय एथलीट जब शिशु था तब उनके फॉरेस्ट गार्ड पिता उदय सिंह पंवार पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने की कोशिश करते हुए ड्यूटी के दौरान मारे गए थे। उनकी मां पूनम ने उन्हें अकेले ही पाला, जो देहरादून के पास एक गांव में वन विभाग की नर्सरी में काम करती थीं।

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता हैं दीपा मलिक

# दीपा मलिक एपीसी में बनीं दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा।

## कम से कम दो मैच नहीं खेल पाएंगे मेस्सी




**फोर्ट लॉडरडेल।** कोपा अमेरिका फाइनल के दौरान चोटिल होने वाले लियोनेल मेस्सी अपनी मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। इंटर मियामी के कोच गेरार्डो मार्टिनो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेस्सी के दाहिने टखने में चोट लगी है और उनकी फिटनेस का निरंतर आकलन किया जाएगा। इंटर मियामी बुधवार रात टोरंटो एफसी और शनिवार रात शिकागो की मेजबानी करेगा। मेस्सी अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच रविवार को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 21 उभरते हुए देशों में से छह को चुना

# मेक्सिको, ओमान सहित 6 देशों को डेवलपमेंट अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें एजेंसी की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना



### मेक्सिको को इनिशिएटिव ऑफ द ईयर अवार्ड

*मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए 'आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में 'स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप' में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए। ओमान क्रिकेट को 'क्रिकेट4हर कार्यक्रम' के लिए '100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है।*

### नीदरलैंड का शानदार प्रयास

नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए 'आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 'एसोसिएट मेंबर वुमैन्स परफोरमेंस ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता जिसने मलेशिया में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 एशिया क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने अपने सोशल चैनल में विकास के लिए 'आईसीसी डिजिटल फैन एंगेजमेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार हासिल किया। क्रिकेट स्कॉटलैंड को 'क्रिकेट 4 गुड सोशल इम्पैक्ट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर' वर्ग का विजेता चुना गया ।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल अभियंता (सीओ)/एस.ई.सी.आर. नागपुर निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित कर रहे है।
**निविदा सूचना क्र. :** C/10/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/ट्रैक/नागपुर क्षेत्राधिकार के तहत ट्रैक रखरखाव के लिए विभिन्न पी.वे कार्यों को पूरा करना। **अनुमानित निविदा मूल्य :** 1,63,36,592/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 2,31,700/-
**निविदा सूचना क्र. :** C/11/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/तुमसर रोड (एसएसई/पीडब्ल्यू/बीआरडी और टीएमआर) के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक रखरखाव के लिए विभिन्न पी.वे कार्यों को पूरा करना। **अनुमानित निविदा मूल्य :** 1,62,88,325/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 2,31,500/-
**निविदा सूचना क्र. :** E/14/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/डोंगरगढ़ (डीजीजी) के अधिकार क्षेत्र के तहत बोरतलाव (इन) से दुर्ग (एक्स) खंड में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्यों (सफेदी/रंगीन वॉश/पेंटिंग/सड़क की मरम्मत सहित) को पूरा करना. **अनुमानित निविदा मूल्य :** 1,75,00,000/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 2,37,500/-
**निविदा सूचना क्र. :** E/15/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के तहत बिरसोला में जल आपूर्ति से संबंधित कार्यों के साथ 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए कचेवानी (इन) से बोरतलाव (एक्स) खंड तक सिविल जोनल कार्यों (सफेदी/रंगीन वॉश/पेंटिंग/सड़क की मरम्मत सहित) को पूरा करना। **अनुमानित निविदा मूल्य :** 1,75,00,000/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 2,37,500/-
**निविदा सूचना क्र. :** E/16/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम :** गोंदिया स्टेशन पर पानी की व्यवस्था. **अनुमानित निविदा मूल्य :** 1,76,00,303/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 2,38,000/-
**निविदा सूचना क्र. :** E/17/NGP/2024-2025 **कार्य का नाम:** गोंदिया स्टेशन पर मौजूदा पुराना लीकेज एमएस टैंक की जगह 2,25,000 लीटर क्षमता की नई आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य :** 96,36,225/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि :** 1,92,700/-
उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक 08.08.2024 को दोप. 3.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। जमा कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है. विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।
**वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व)**
AAA/5/63 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

आग लगने के भ्रम से मची अफरातफरी

# मेडीकल अस्पताल की गायनिक में आईसीयू में धुआं भरा



**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज अस्पताल के गायनिक विभाग में मंगलवार की रात आग लगने की खबर से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड पहुंची तो मामला कुछ ओर ही निकला। दरअसल यहां उस वक्त अफरा तफरी मची तब गायनिक आईसीयू विभाग में तेजी से धुआं भरने लगा, मरीज के परिजन और मरीज घबराने लगे। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। जब बारीकी से जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि गायनिक विभाग में लगी सक्शन मशीन अत्यधिक गर्म हो गई थी जिसके कारण वार्ड में धुआं फैल गया था। तेजी से उठते हुए धुएं की वजह से लोगों को आग लगने का भ्रम हो गया था। मेडीकल प्रबंधन के जिम्मेदार लोग भी मौके पर पहुंचे गए थे। रात में ही मशीन को सुधरवा लिया गया। बताया गया है कि सक्शन मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मशीन अत्यधिक गर्म हो गई और वह धुआं छोड़ने लगी थी।

### मशीन का सुधार कार्य हो गया है

*गायनिक आईसीयू वार्ड में लगी सक्शन मशीन तकनीकी खराबी के कारण अत्यधिक गर्म हो गई थी और धुआं छोड़ने लग गई थी वार्ड में धुआं भरने के कारण लोगों को आग लगने का भ्रम हो गया। धुएं से किसी भी मरीज की तबीयत नहीं बिगड़ी। रात में ही स्थितियां सामान्य हो गई थी। मशीन को रात में ही सुधरवा लिया गया।*

-**डॉ. अरविंद शर्मा,** अधीक्षक मेडिकल कालेज जबलपुर

## भोपाल-उज्जैन-भोपाल के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन शुरु

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा भोपाल-उज्जैन-भोपाल के मध्य 13-13 ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में संत हिरदाराम नगर, सीहोर, कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया, काली सिंध, मक्सी, एवं तराना रोड स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 08235 भोपाल-उज्जैन स्पेशल ट्रेन दिनांक 17 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक प्रतिदिन (गुरूवार को छोड़कर) भोपाल स्टेशन से 17:50 बजे प्रस्थान कर, संत हिरदाराम नगर 18:15 बजे, सीहोर 18:39 बजे, कालापीपल 19:04 बजे, शुजालपुर 19:17 बजे, अकोदिया 19:30 बजे, काली सिंध 19:45 बजे, मक्सी 20:28 बजे, तराना रोड 20:39 बजे और रात्रि 21:20 बजे उज्जैन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08236 उज्जैन-भोपाल स्पेशल ट्रेन दिनाँक 18 जुलाई 2024 से 01अगस्त 2024 तक प्रतिदिन (शुक्रवार छोड़कर) उज्जैन स्टेशन से प्रात 05:00 बजे प्रस्थान कर, तराना रोड 05:30 बजे, मक्सी 05:44 बजे, काली सिंध 06:18 बजे, अकोदिया 06:44 बजे, शुजालपुर 07:15 बजे, कालापीपल 07:30 बजे, सीहोर 08:28 बजे, संत हिरदराम नगर 09:23 बजे और सुबह 09:45 बजे भोपाल स्टेशन पहुँचेगी। इसी गाड़ी में 04 शयनयान श्रेणी (सामान्य कोच), 05 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित 11 कोच रहेंगे। (शयनयान कोच सामान्य कोच के रूप में उपयोग होगा।)

कैटरिंग, पार्किंग एवं अन्य स्त्रोतों से 4 करोड़ कमाए

# पश्चिम मध्य रेलवे के गैर-किराया राजस्व में वृद्धि

**जबलपुर।** रेलवे में गैर-किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) में वृद्धि के लिए नवाचारों और नवीन अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में नॉन फेयर रेवेन्यू के तहत प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा तीनों मण्डलों पर नवाचारों और नवीन अवधारणाओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। जिसके चलते नॉन फेयर रेवेन्यू स्कीम यानि गैर-किराया राजस्व योजनाओं के अन्तर्गत रेलवे राजस्व अर्जित करने में पश्चिम मध्य रेल का वाणिज्य विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। भोपाल, जबलपुर एवं कोटा तीनों मंडलों में गैर-किराया राजस्व के तहत जून माह में कैटरिंग, पार्किंग एवं एनएफआर से सम्बंधित कई अनुबंध किए गए इसके अन्तर्गत कुल 04 करोड़ 60 लाख 57 हजार रूपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया गया। जबलपुर मण्डल पर ई-ऑक्शन के माध्यम से 16 मल्टी परपस स्टॉल हेतु 05 वर्षे के लिए अनुबंध किये गए हैं, जिनमें जबलपुर एवं सतना स्टेशनों में 3-3, कटनी एवं मैहर स्टेशनों में 2-2, तथा कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, पिपरिया, सिहोरा रोड एवं ब्यौहारी स्टेशनों में 1-1 अनुबंध शामिल हैं। इन अनुबंधों के माध्यम से रेलवे को प्रतिवर्ष रूपये 01 करोड़ 27 लाख का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

जबलपुर मण्डल पर ई-ऑक्शन के माध्यम से नरसिंहपुर, श्रीधाम एवं ब्यौहारी स्टेशन पर पार्किंग हेतु 03 वर्षे के लिए अनुबंध किया गया है जिससे रेलवे को प्रतिवर्ष रूपये 10 लाख 48 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

उमस और गर्मी से जनजीवन त्रस्त

# बारिश के लिए होने लगे टोने-टोटके पूजा पाठ

**जबलपुर।** मौसम के बेरूखी से प्रताड़ित जनजीवन अब आषाढ़ आधे से ज्यादा बीता जा रहा है। 6 दिन बाद सावन का महीना शुरू हो जायेगा। लापता मानसून को जबलपुर पहुंचाने व झमाझम बारिश कराने के लिए टोने टोटके-पूजा पाठ होने लगे। बारिश के लिए देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर अर्जी लगाई जाने लगी। किसान अच्छी फसल के लिए अच्छी बारिश के लिए टोने-टोटके करने लगे है। बहरहाल जितने लोग उतनी बाते मौसम को लेकर होने लगी है। जहां तक बारिश का सवाल है तो इस वर्ष तमाम अनुकूल परिस्थितियां होने के बावजूद आषाढ़ का महीना बीता जा रहा है। अगले सोमवार से सावन मास प्रारंभ होने वाला है लेकिन बारिश अपने शबाव पर नहीं आ पाई। फिलहाल मौसम विज्ञान केन्द्र का कहना है कि स्थानीय बादल भी बरसे तो बरसें मानसूनी बादलों से अभी राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि समूचे मध्यप्रदेश में तापमान उछाल मार रहा हैं प्रदेश के जिन जिलों में बारिश हुई वहां मानसूनी बादलों ने मेहरबानी की है। मानसूनी बादल जबलपुर का रास्ता भूल गये है। यद्यपि मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से पंजाब तक द्रोणिका बन रही है और यूपी और झरखण्ड के रास्ते इसको आने में 72 घंटों का समय लगेगा और इसके बाद ही बारिश होने के आसार बनेंगे। फिलहाल स्थानीय बादलों से छुटपुट वर्षा हो सकती है। जबलपुर जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो समान्य से 4 डिग्री अधिक रिकार्ड दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 67 प्रतिशत दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 30.0 और न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान 8.6 मिलीलीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 278.04 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 448.0 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी थी। उत्तर पश्चिमी हवायें 3 से 4 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।







INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. *Terms & Conditions Apply.

HeroMotoCorp.com | Toll Free Number: 1800 266 0018

SCAN TO KNOW MORE

**अधिकृत डीलर: जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** वदिका हीरो (टी.पी. नगर 9289922368, इलाहाबाद रोड 9826135163), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, वदिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **बैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, **अधिकृत ए.एस.सी: रीवा:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्यौहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़ार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रुसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी :** श्याम एजेंसी 9981238133, **बहरी:** अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन :** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

FCB INTERFACE/9805/JUNE 2024/ENGLISH

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240